फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 344 प्रभात जयपुर, मंगलवार 19 जुलाई, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत
Rashtradoot
Metro

ARBIT



**Jahangir Intimately knew His Animals** — Mughal Emperor Jahangir ordered a tower and a grave to be made for his deer Mansraj, accidently killed during a hunt.

**How Light Affects Our Mood**

**An Evening of Poetry and Awe** — An incredible poetic sojourn with Dania Khan.



*ऑस्ट्रेलिया के सैंट्रल और पश्चिमी भाग के रेगिस्तान में रहने वाले इस अति आकर्षक पक्षी को देखने की इच्छा सभी पक्षी प्रेमियों को रहती है। मध्यम आकार के 34 से 46 सैंटीमीटर लम्बे और 110 से 120 ग्राम वजन वाले "प्रिंसैस पैरट" (तोते की एक प्रजाति) अपने खूबसूरत रंगों के लिए विख्यात हैं। लम्बी पूंछ वाले तोतों के जीनस, पॉलिटैलिस, जिसका शाब्दिक अर्थ है "भव्य," के तीन सदस्यों में से एक, प्रिंसैज पैरट का साउथ ईस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के सुपर्ब पैरट (पॉलिटैलिसस्वैनसोनी) तथा दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के ही रीजैन्ट पैरट (पॉलिटैलिस एंथोपैपलस) से निकट संबंध है। सुपर्ब पैरट के चेहरे व गर्दन पर डूबते सूरज जैसी रंगत होती है वहीं रीजैंट पैरट के शरीर पर अलग-अलग रंगों, लाल, नेवी ब्लू व पीले पैच दिखाई देते हैं। प्रिंसैस पैरट भी अपने रंगों के लिए विख्यात हैं। नर प्रिंसैस पैरट में फ्लॉरैसैन्ट ग्रीन, ऑलिव, रोज़ पिंक और पेस्टल वायलैट रंगों का अनोखा सम्मिश्रण होता है। मादा के रंग अवश्य थोड़े हल्के होते हैं। ऑस्ट्रेलिया के पक्षी विज्ञानी क्रिस वॉटसन कहते हैं कि, ये रंग देखने में काफी बेमेल लग सकते हैं, वो इसलिए क्योंकि हम इन पक्षियों को इनके प्राकृतिक आवास में बहुत कम देख पाते हैं। बहुत तेज आवाज करने वाले इन पक्षियों का जीवन काल 30 वर्ष तक हो सकता है। इनकी रेंज वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया से दक्षिणी सीमा तक है जिसमें ग्रेट विक्टोरिआ डैज़र्ट शामिल है। प्रजनन के मामलों में ये बेहद अवसरवादी होते हैं, जब भोजन प्रचुर मात्रा में होता है तब ही प्रजनन करते हैं। मादा एक बार में 4-6 अण्डे देती है और 19 दिन तक अण्डे सेने के बाद अण्डों से बच्चे निकलते हैं। पैंतीस दिन बाद बच्चे घोंसला छोड़ देते हैं। वॉटसन कहते हैं कि इन तोतों के आवासीय रेंज में मार्बल गम (यूकलिप्टस गाँगायलोकार्पा) के वृक्ष हैं जिन पर ये घोंसले बनाते हैं। प्रिंसैस पैरट इसलिए भी बर्ड वॉचर्स के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि घुमंतु होने के कारण इन्हें देख पाना दुर्लभ है। स्थिति यह है कि अगर आप एक जगह इन्हें देख लें तो जरुरी नहीं कि दूसरी बार भी वो आपको उसी स्थान पर दिख जाऐंगे। बेहद खूबसूरत, ये पक्षी ऑस्ट्रेलिया के ब्रीडर्स और कलैक्टर्स में बेहद लोकप्रिय हैं।*

# मुसलमानों के "मार्जिनलाइज़ेशन" (अलग-थलग) की अपनी नीति को सफल बना लेगी भाजपा?

## भाजपा की रणनीति के सफल होने का एक प्रमुख कारण है, अन्य सैक्युलर पार्टियों का कोई जवाबी नीति तय न कर पाना

- इसका ताजा उदाहरण है, राष्ट्रपति पद के भाजपा के उम्मीदवार के पक्ष में विपक्ष के दिग्गजों, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, उद्धव ठाकरे, हेमन्त सोरेन आदि का समर्पण।
- इससे ऐसा लगने लगा है कि, भाजपा के बहुसंख्यक वाद के सिद्धांत व नारे से लड़ने के बारे में विपक्ष ज्यादा गंभीर नहीं है, क्योंकि राजनीतिक दृष्टि से विपक्ष के पास इस बहुसंख्यक वाद का विरोध करने का न तो पूरा मन है और न ही राजनीतिक जवाब।
- यह भांपते हुए भाजपा, मुसलमानों के "मार्जिनलाइज़ेशन" की अपनी नीति पर चुस्त कदमों से आगे बढ़ रही है। उदाहरण के लिये, यू.पी. के विधानसभा चुनाव में किसी मुसलमान को टिकट नहीं दिया था तथा आसाम में, जहां एक तिहाई जनसंख्या मुस्लिम है, खींच-खांच कर केवल 17 टिकट दिये मुसलमानों को। केन्द्रीय सरकार में, जहां 87 सचिव पद हैं, केवल दो मुसलमान आई.ए.एस. अधिकारियों को सचिव पद प्राप्त हैं। भाजपा को, "मुसलमानों" को कैंसिल करने की नीति से, हिन्दुओं को अपने पक्ष में संगठित करने में मदद मिलती है।
- अतः नहीं लगता कि, भाजपा किसी मुसलमान नेता को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनायेगी।

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जुलाई। उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनकड़ के चयन के भाजपा के निर्णय के साथ ही, इन अटकलों और अनुमानों पर हो रही चर्चाओं पर विराम लग गया है कि भाजपा इस संवैधानिक पद के लिये किसी मुस्लिम उम्मीदवार का चयन करेगी। उप राष्ट्रपति पद के सम्भावित उम्मीदवारों के रूप में, केरल के राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खान तथा मुख्तार अब्बास नक़वी के नामों की अटकलें लगाई जा रही थीं।

मुख्तार अब्बास नक़वी, जफरूल इमाम तथा एम.जे. अकबर के राज्यसभा-कार्यकाल पूरे हो जाने के बाद, संसद के किसी भी सदन में, भाजपा का अब कोई मुस्लिम सांसद नहीं है। पार्टी ने 2014 के चुनाव में 7 तथा 2019 में 6 मुस्लिम उम्मीदवार खड़े किये थे, लेकिन इनमें से कोई भी चुनाव जीत नहीं पाया था। 2017 तथा 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने एक भी मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा नहीं किया था। असम, जहाँ की एक-तिहाई आबादी मुस्लिम है, भाजपा ने 2016 तथा 2021 के विधान सभा चुनावों में कुल मिलाकर 17 मुस्लिम उम्मीदवार खड़े किये थे। इनमें से केवल एक उम्मीदवार ही जीता था। केन्द्र सरकार के 87 सचिवों में से, केवल दो सचिव ही मुस्लिम हैं। संक्षेप में, मुस्लिमों के सम्बन्ध में भाजपा की "कैंसिल कल्चर" ने हिन्दू वोटों को उसके पक्ष में एकजुट किया है तथा उसे अत्यधिक चुनावी लाभ पहुँचाया हैं।

मुस्लिम, जो भारत का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है, को देश के सार्वजनिक मामलों से दर किनार किये जाने को इस रूप में भी देखा जा रहा है कि "धर्मनिरपेक्ष पार्टियाँ" भाजपा द्वारा दी गई चुनौती का सामना करने में, उसके खिलाफ संघर्ष करने में विफल रही हैं। राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बी.टी.पी. के रोत और कांग्रेस के भंवरलाल शर्मा मतदान नहीं कर पाए राष्ट्रपति चुनाव में

## एन.डी.ए. उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के रैप्रैज़ैन्टेटिव के तौर पर बीजेपी विधायक जोगेश्वर गर्ग बैलट बॉक्स और निर्वाचन आयोग की टीम के साथ दिल्ली जाएंगे

- फ्लाइट रात करीब 10.10 बजे दिल्ली पहुंचेगी। रात करीब 11.00 बजे तक बैलट बॉक्स को संसद भवन के स्ट्राँग रूम में रखवाया जाएगा।
- इसके बाद विधायक जोगेश्वर गर्ग और राजस्थान से गए इलैक्शन विभाग के रिटर्निंग ऑफिसर जयपुर लौट आएंगे।
- भाजपा से निलंबित विधायक शोभारानी चार बजे आई वोट डालने। शोभारानी को रिसीव करने सरकारी उप सचेतक विधानसभा गेट तक पहुंचे।
- सोमवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव के मतदान में इस प्रकार 198 वोट पड़े राजस्थान में।

जयपुर, 18 जुलाई (का.प्र.)। राष्ट्रपति चुनाव के लिए राज्य विधानसभा में हुए मतदान में बीटीसी के विधायक राजकुमार रोत और कांग्रेस के विधायक भंवरलाल शर्मा को छोड़कर सभी 198 विधायकों ने अपना मत डाला। कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा की तबीयत है और बीटीपी विधायक राजकुमार रोत का बेटा अस्वस्थ है। साथ ही, उनके किसी रिश्तेदार का निधन भी हुआ है। इसलिए इन दोनों विधायकों ने वोट नहीं डाला। शाम 5 बजे मतदान समाप्त होने के बाद बैलेट बॉक्स पैक कर दिया गया।

एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर भाजपा विधायक जोगेश्वर गर्ग निर्वाचन आयोग की टीम के साथ बैलट बॉक्स लेकर दिल्ली जाएंगे। रात 9:10 पर इनकी फ्लाइट है, जो रात करीब 10:10 बजे दिल्ली पहुंचेगी। रात करीब 11:00 बजे तक बैलट बॉक्स को संसद भवन के स्ट्रॉन्ग रूम में रखवाया जाएगा। इसके बाद गर्ग और राजस्थान से गए इलेक्शन विभाग के रिटर्निंग ऑफिसर जयपुर लौट आएंगे।

सोमवार शाम पौने पांच बजे तक 198 विधायक मतदान कर चुके थे। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने करीब 3:45 बजे अपना वोट डाला और भाजपा विधायक शोभारानी कुशवाहा ने करीब साढ़े चार बजे वोट डाला। शोभा रानी ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार को वोट दिया था इसलिए भाजपा ने उन्हें निलंबित कर दिया था। शोभा रानी वोट डालने आई तो कांग्रेस के उप सचेतक महेंद्र चौधरी उन्हें रिसीव करने विधानसभा के गेट तक पहुंचे।

मतदान के बाद पत्रकारों से बात करते हुए गहलोत ने कहा कि "मैंने पहले भी कहा कि यह लड़ाई उम्मीदवार को लेकर नहीं होती है। लड़ाई विचारधारा की भी है।

तमाम विपक्ष की पार्टियों ने यशवंत सिन्हा को अपना उम्मीदवार बनाया। मैंने पहले भी कहा अगर एनडीए गवर्नमेंट और भाजपा चाहती, तो उनके सामने 5 साल बाद ऐसा मौका आया था कि वो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# संसद सत्र

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- संसद सत्र का पहला दिन ही विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया, कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल महंगाई व जी.एस.टी. वृद्धि पर चर्चा की मांग कर रहे थे।

नई दिल्ली, 18 जुलाई। संसद के दोनों सदन आज पहले ही दिन स्थगित करने पड़े क्योंकि आसन द्वारा महंगाई एवं जी.एस.टी. वृद्धि पर चर्चा किये जाने की मांग को स्वीकार नहीं किये जाने पर कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने शोर-शराबा एवं हंगामा करना शुरू कर दिया। ज्ञातव्य है कि 12 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में संसद की कुल 18 बैठकें होनी हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सदन को पहले तो अपरान्ह 2 बजे तक स्थगित किया ताकि सदस्य राष्ट्रपति चुनाव में वोट डाल सकें, लेकिन बाद में शोर-शराबे को मद्देनजर रखते हुये, सदन को पूरे दिन के लिये स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा के सभापति एम.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नीट परीक्षा में बंटे गलत पेपर, पेपर छीने, हंगामा

## हिन्दी मीडियम को दिए अंग्रेजी, इंग्लिश मीडियम को दिए हिन्दी और अंग्रेजी में छपे पेपर

- परीक्षा से महज 10 मिनट पहले कहा गया कि पेपर ही गलत बंट गए हैं। पेपर छीन लिए गए और नए पेपर देने के लिए कहा गया, लेकिन बाद में कोई नया पेपर नहीं दिया गया।

श्रीगंगानगर, 18 जुलाई (कासं)। शहर में नीट परीक्षा दे रहे विद्यार्थी उस समय हक्के बक्के रह गए जब परीक्षा से महज 10 मिनट पहले उन्हें कहा गया कि पेपर ही गलत बंट गए हैं। उनसे पेपर छीन लिए गए और नए पेपर देने के लिए कहा गया, लेकिन बाद में कोई नया पेपर नहीं दिया गया और अभ्यर्थी परेशान होकर सैन्टर से बाहर निकले। बाद में छात्रों और अभिभावकों ने सैन्टर के बाहर हंगामा किया। यह गड़बड़ी साधुवाली छावनी के आर्मी स्कूल में हुई। हिन्दी मीडियम को दिए अंग्रेजी, इंग्लिश मीडियम को दिए हिन्दी और अंग्रेजी में छपे पेपर।

परीक्षा दोपहर 2 से 5.20 बजे तक होनी थी। परीक्षा खत्म होने से ठीक 10 मिनट पहले विद्यार्थियों को कहा गया कि उनके पेपर गलत बंट गए हैं। ऐसे में उन्होंने गुस्सा जताया। उनका कहना था कि उनका तो कैरियर ही चौपट हो जाएगा, लेकिन सैन्टर मैनेजमेंट ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया । वे लोग स्टूडेंट्स को बार-बार यही कहते रहे कि उनका पेपर दोबारा करवा दिया जायेगा लेकिन बाद में उनके पेपर लेकर उन्हें सैन्टर से बाहर ही भेज दिया गया।

स्टूडेंट्स को लेने आये पेरेंट्स को जब मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने छावनी के गेट के बाहर हंगामा कर दिया। असल में यह स्कूल छावनी के अंदर है। वे लोग गेट पर नारेबाजी करते रहे। बाद में जिला पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्कूल मैनेजमेंट से बातचीत की। देर रात तक पेरेंट्स मौके पर ही जमे हुए थे। उनका कहना था कि पेपर दोबारा होना चाहिए। एग्जाम में हुई गड़बड़ की वजह से कई स्टूडेंट्स मौके पर ही रोने लगे। उनका कहना था कि उनका करियर खराब हो गया है उन्होंने करीब 2 साल तक कोटा और कई अन्य संस्थानों में तैयारी की और इसके लिए कईयों ने ड्रॉप भी किया लेकिन उनका काम नहीं हो पाया। एग्जाम के लिए डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर निफिया सूदन रेड्डी का कहना था कि सैन्टर ने पेपर ठीक से नहीं बांटे ऐसे में यह गड़बड़ी हुई।

# तलाक-ए-हसन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- तलाक-ए-हसन के एक मामले पर चार दिन बाद सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट। यह केस एक मुस्लिम महिला पत्रकार ने दायर किया है।

नई दिल्ली, 18 जुलाई। भारत के मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना ने सोमवार को उस याचिका की सुनवाई के लिये चार दिन बाद की तारीख दे दी, जिसमें एक महिला पत्रकार ने तलाक-ए-हसन की प्रथा को चुनौती दी है। उक्त मुस्लिम पत्रकार महिला एक नाबालिग बेटे की माँ है।

जब वरिष्ठ एडवोकेट पिंकी आनंद ने इसकी तुरंत सुनवाई का अनुरोध किया तथा कहा कि इस महिला को तलाक का तीसरा नोटिस मिल चुका है, उस समय सी.ए.जे.आई. ने उक्त प्रतिक्रिया दी।

याचिका में माँग की गई है कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हिमालय की सैन्ट्रल काराकोरम पर्वत श्रृंखला में "ग्लेशियर" क्यों नहीं पिघल रहे?

## यह तथ्य अद्भुत है, क्योंकि दुनियाभर में, यहां तक कि हिमालय के अन्य क्षेत्रों में भी "ग्लोबल वॉर्मिंग" के कारण कुछ दशकों से लगातार ग्लेशियर पिघलते और साइज़ में घटते जा रहे हैं

- भारतीय मौसम वैज्ञानिकों की नवीनतम रिसर्च के अनुसार इस रहस्यमय गुत्थी का कारण है, हाल ही में वातावरण में "वैस्टर्न डिस्टर्बैन्स" का पुनः जागृत होना।
- वैस्टर्न डिस्टर्बैन्स के कारण काराकोरम श्रृंखला में सर्दी के मौसम में हिमपात बढ़ रहा है, गत दो दशकों से। इस क्षेत्र में वैस्टर्न डिस्टर्बैन्स से ह्यूमिडिटी काफी बढ़ गयी है, जो सर्दियों में हिमपात बनकर इस क्षेत्र पर छा जाती है।
- सर्दियों में काराकोरम पर्वत श्रृंखला में हिमपात लगभग 27 प्रतिशत तक बढ़ गया है, अतः इस क्षेत्र से जिन ग्लेशियरों का उद्गम होता है, वे पिघल नहीं रहे, बल्कि उनका साइज़ बढ़ रहा है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जुलाई। भोपाल के इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एण्ड रिसर्च के एसोसिएट प्रोफेसर डा.पंकज कुमार के नेतत्व वाली टीम ने इस रहस्य का पता लगा लिया है कि हिमालय की सैन्ट्रल काराकोरम रेंज के ग्लेशियर क्यों नही पिघल रहे हैं, जबकि हिमालय सहित पूरी दुनिनया में ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण ग्लेशियर पिघल रहे हैं।

उन्होंने इस विशेषण का कारण हाल ही पुनजीर्वित हुए वैस्टर्न डिस्टर्बैन्स (डब्ल्यू.डी.) पश्चिमी विक्षोभ को माना है और इसे "काराकोरम एनॉमलि" की संज्ञा दी है

हिमालय के ग्लेशियर भारतीय संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण हैं, खासतौर पर इसलिए कि इनसे निकलने वाली बाहमासी नदियों से करोड़ों लोगों को पानी की जरूरत पूरी होती हैं। ये ग्लेशियर ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण तेजी से कम हो रहे हैं। इससे आगामी दशको में जल संसाधनों भारी दबाव पड़ना अवश्यंभावी हैं।

इनके विपरीत सैन्ट्रल काराकोरम के ग्लेशियर्स आश्चर्यजनक रूप से अपरिवर्तनीय बने हुए हैं उल्टे कुछ दशकों में थोड़ा बढ़े ही हैं। यह अद्भुत बात ग्लेशियर विज्ञानियों को उलझन में डालती रही हैं और जलवायु परिवर्तन के लिए मानवीय कारकों को जिम्मेवार नहीं मानने वाले भी इस संबंध में किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाए हैं।

टीम को यह बात विलक्षण लगी क्योंकि यह व्यवहार एक बहुत छोटे क्षेत्र तक ही सीमित प्रतीत होता है और पूरे हिमालय में केवल कुनलुन रेंज ही ऐसी है जहाँ इसी प्रकार के ट्रैण्ड्स दिखाई दे रहे हैं।

अमेरिकन मीटीओरॉलाज़िकल सोसायटी के जर्नल ऑफ क्लाइमेट में प्रकाशित अपने पेपर में उनके ग्रूप ने दावा किया कि 21वीं शताब्दी के बाद से ही कराकरम एनोमलि को बनाए एवं गतिमान रखने में "वैस्टर्न डिस्टर्बैन्स" के पुनर्जीवन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आक़िब जावेद, जो डॉ. कुमार के पीएच.डी. छात्र तथा इस अध्ययन के प्रमुख लेखक हैं, ने कहा, "वैस्टर्न डिस्टरबैन्सेज़ (डब्ल्यू.डी.) शीतऋतु में इस क्षेत्र में होने वाले हिमपात के मुख्य कारक होते हैं। हमारा अध्ययन बताता है कि वे कुल मौसमी बर्फबारी के करीब 65 प्रतिशत हिस्से तथा कुल मौसमी वर्षा का करीब 53 प्रतिशत हिस्से के कारक होते हैं तथा इस प्रकार ये आसानी से आर्द्रता का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्रोत बन जाते हैं। काराकोरम पर असर डालने वाले डब्ल्यू डी. की" प्रैसिपिटेटिंग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जी.एस.टी.

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- पैकेज्ड आटा दाल पर जी.एस.टी. बढ़ी लेकिन दुकानदार पैकेज्ड सामान को अगर फुटकर में बेचें तो जी.एस.टी. नहीं? नई सरकारी अधिसूचना में यह भारी गलती छूट गई है।

नई दिल्ली, 18 जुलाई। पूर्व पैकेजिंग और लेबल वाली वस्तुओं पर सोमवार से लागू किए गए जी.एस.टी. शुल्क की अधिसूचना में कुछ कमियां छूट गई हैं जिससे टैक्स अदायगी से बचा जा सकता है।

जी.एस.टी. दरों में परिवर्तन के बारे में वित्त मंत्रालय का विस्तृत स्पष्टीकरण कहता है कि अनाज, दालों, आटे आदि का वजन यदि 25 कि.ग्रा. या 25 लीटर से कम है तो किसी पैकेज्ड माल पर अतिरिक्त जी.एस.टी. नहीं लगाया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**गलती करना मनुष्य का स्वभाव है। की हुई गलती को मान लेना और इस प्रकार आचरण करना कि फिर गलती न हो, मर्दानगी है। –महात्मा गाँधी**

# विरोध में अवरोध क्यों?

माननीय उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में एक निर्णय दिया है, जिसके द्वारा नक्सल क्षेत्र दंतेवाड़ा में लंबे समय से काम कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार की याचिका को न केवल खारिज किया गया, अपितु उन पर पाँच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। हिमांशु कुमार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उन्होंने सच बोला है और आदिवासियों के हित में सच बोलने के लिए यदि जेल भी जाना पड़े तो वह जेल जाएंगे, किंतु जुर्माना नहीं भरेंगे। उन्होंने गांधीजी का उदाहरण दिया और कहा कि उन्होंने भी जुर्माना भरने के स्थान पर जेल जाना मंजूर किया था।

इस प्रकरण के तथ्य कुछ इस प्रकार हैं। वर्ष 2009 में दांतेवाड़ा में 17 आदिवासियों की हत्या हुई थी। इसके लिए सरकार ने नक्सलियों को दोषी माना था। हिमांशु कुमार ने इसका विरोध किया और एक याचिका माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर की कि इस हत्याकांड की सीबीआई से जांच कराई जाए। उनका कहना था कि आदिवासियों की हत्या नक्सलियों के द्वारा नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा की गई थी।

उनकी इस याचिका के बाद उन्हें धमकियां दी गईं जिसके कारण उन्हें परिवार सहित दांतेवाड़ा छोड़ना पड़ा था। न्यायालय ने पूरा रिकॉर्ड देखने और सुनवाई करने के बाद यह माना कि हत्या के लिए जिम्मेदार वास्तव में नक्सली ही थे। न्यायालय ने न केवल हिमांशु कुमार की याचिका को खारिज किया, अपितु उन पर नक्सलियों की सहायता करने का आरोप भी लगाया और कहा कि उन पर जुर्माना लगाया जाना आवश्यक है ताकि इस प्रकार की प्रवृत्ति को रोका जा सके।

वर्ष 2002 के गुजरात दंगों में सांसद एहसान जाफरी की हत्या के मामले की दुबारा जांच करवाने हेतु उनकी पत्नी जाकिया जाफरी की ओर से तीस्ता सीतलवाड़ द्वारा दायर की गई याचिका को भी उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किया गया एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट दी गई। न केवल यह, तीस्ता सीतलवाड़ पर सरकार को अस्थिर करने की साजिश करने हेतु उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए गुजरात सरकार को निर्देश दिए। इसके आधार पर गुजरात पुलिस ने अगले ही दिन तीस्ता सीतलवाड़ और तत्कालीन पुलिस महानिदेशक श्रीकुमार को गिरफ्तार कर लिया।

ये उदाहरण हैं, जहां पर सामाजिक कार्यकर्ताओं की, सरकारों के विरुद्ध न्याय मांगने हेतु दायर याचिकाओं को न केवल न्यायालय द्वारा खारिज किया गया अपितु इस प्रकार के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही का आदेश देकर सबक सिखाया है।

न्यायालयों के हाल के इन निर्णयों से एक प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। क्या देश में सरकार की नीतियों के विरुद्ध या सरकारी तंत्र की कार्यवाही के विरुद्ध आवाज उठाने पर या उसका विरोध करने पर उसे दंड भोगना होगा?

विरोध का दमन पहले भी विभिन्न तरीके अपनाकर सभी सरकारें करती रही हैं, किंतु अब न्यायालय के हाल के निर्णयों से सरकार की इस प्रवृत्ति को और बल मिलेगा। विरोध की स्वतंत्रता, प्रजातंत्र की आत्मा है। सरकार और राज्य में अंतर करना होगा। कई बार सरकार के निर्णय जनविरोधी हो सकते हैं, विशेषकर अमीर और प्रभावशाली पूंजीपतियों का हित साधने के लिए। देश के कमजोर वर्ग जैसे दलित, महिला, आदिवासी, गरीब, अल्पसंख्यक सामान्यतया सरकार के दमन का प्रतिकार करने में सक्षम नहीं होते। इनकी सहायता के लिए कई सामाजिक कार्यकर्ता अपना पूरा जीवन दांव पर लगाकर इनके मध्य ही रहकर इन के लिए कार्य करते हैं। सामान्यतया इनके कार्य को सरकार द्वारा बढ़ावा दिया जाना चाहिए क्योंकि सरकार का उद्देश्य भी जनहित में कार्य करना होता है। दुर्भाग्यवश कई बार सरकारें, अपने निर्णय के विरोध को राष्ट्र का विरोध तक मान लेती हैं।

अधिकांश सामाजिक कार्यकर्ता एवं संस्थाएं तो इस प्रकार की प्रताड़ना और दमनकारी प्रवृत्ति को सहन करने की शक्ति नहीं रखते एवं न इनका सामना कर सकते हैं। इसी कारण धीरे–धीरे, विरोध के स्वर उठना बंद हो जाते हैं। विरले ही कुछ लोग ऐसे होते हैं जो जोखिम उठाकर अपने काम को जारी रखते हैं। सामान्यतया, सरकार द्वारा उनकी बात न माने जाने पर, वे विभिन्न न्यायालयों में अपनी बात को ले कर गए हैं एवं कई मामलों में न्यायालयों ने इनको न केवल संरक्षण प्रदान किया अपितु उनकी याचिकाओं को गुणवत्ता के आधार पर देखते हुए सरकारों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश भी प्रदान किए। माननीय उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय ऐसे सक्रिय कार्यकर्ताओं के लिए अंतिम आशा का केन्द्र रहे हैं। इनकी याचिकाओं को कई बार सही नहीं माना गया और इसलिए उन्हें अस्वीकार किया गया किन्तु इनकी याचिका कर्ता की नीयत पर सवाल नहीं उठाए गए, इनके विरुद्ध जुर्माना लगाना या दंडात्मक कार्यवाही करना तो दूर की बात है।

> **संसद की गरिमा और सार्थकता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद अपनी बात पूरे जोर-शोर से कहें एवं गरिमा को बनाए रखें। सरकार को, विशेषकर, सत्ताधारी दल को, किसी भी प्रकार के विरोध के स्वर को खुले दिमाग से सुनना चाहिए और यदि उसमें कोई सही बात कही जाए तो उस पर विचार करने की उदारता बरतनी चाहिए।**

कई बार तो केवल समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों या एक पोस्टकार्ड को ही जनहित याचिका मानकर उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों ने संज्ञान लेकर आमजन के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार को कार्यवाही करने हेतु आदेश पारित किए हैं। यदि सरकार अपने विरोध को कुचलने का काम करे और सामाजिक कार्यकर्ता और संस्थाएं यह बात न्यायालयों के संज्ञान में लाएं और उनसे यह अपेक्षा करें कि वे उनकी सहायता करें, तो गलत नहीं है। वंचित वर्ग जो सरकार का मुकाबला करने में असमर्थ हैं, उन्हें न्यायालय का समर्थन प्राप्त होना अपेक्षित है।

वैसे भी, नागरिक और सरकार की बराबरी नहीं की जा सकती। सरकारें अधिकांशतः अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए अपने अधीन विभिन्न विभागों और एजेंसीज का उपयोग, विरोध के स्वरों को दबाने के लिए करती आई हैं। ऐसी स्थिति में, न्यायालय ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को संरक्षण प्रदान किया है एवं वंचित वर्ग के हित में कई ऐतिहासिक निर्णय भी लिए हैं। ऐसे निर्णय से कई बार सरकारों को शर्मिन्दा भी होना पड़ा है।

स्वतंत्र एवं निष्पक्ष न्यायपालिका से यही अपेक्षा रहती है कि वह सामान्य नागरिक के संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा करे। हाल ही में सरकार द्वारा कई निर्णय लिए गए हैं जिनसे ऐसा लगता है कि सरकार को अपनी किसी भी बात का विरोध सुनना कतई पसंद नहीं है। एक स्वस्थ प्रजातंत्र में विभिन्न विचार धाराओं का होना गलत नहीं है। एक प्रकार से, यह सही निर्णय लेने की प्रक्रिया को पुष्ट ही करता है।

अभी हाल ही में लोकसभा द्वारा एक ऐसे शब्दों की सूची जारी की गई है जिन्हें असंसदीय मानते हुए उन्हें संसद की कार्यवाही से हटा दिया गया। इसी प्रकाश में, सांसदों से अपेक्षा की गई है कि वे इन शब्दों का उपयोग भविष्य में न करें। इनमें से अधिकांश शब्द ऐसे हैं जो नित्य प्रति की सामान्य बोलचाल में काम में लिए जाते हैं। इन शब्दों का प्रयोग अब तक असंसदीय नहीं माना गया। उदाहरण के लिए, 'भ्रष्टाचार', 'पाखंड', 'गद्दार', 'जुमला', 'विश्वासघात', 'मगरमच्छ के आंसू' जैसे शब्दों के बिना कोई भी विपक्ष किस प्रकार सरकार के कामों की आलोचना कर सकता है? सरकार के कामों में गलतियाँ निकालकर उनकी आलोचना करना न केवल सांसदों का अधिकार है अपितु उनका दायित्व भी है। जब लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण हो रहा है तो इन शब्दों को जनता एक बार तो सुन ही लेगी, फिर इन्हें कार्यवाही से निकालने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता। कहीं ऐसा तो नहीं कि कुछ समय बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही के सीधे प्रसारण पर ही रोक लगा दी जाय।

यदि न्यायालयों द्वारा इसी प्रकार के निर्णय होते रहे, तो संभवतः नागरिक के पास अपने अधिकारों की रक्षा करने का यह अंतिम तरीका भी नहीं रहेगा। यदि ऐसा हुआ तो वह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए घातक होगा और फिर सरकार द्वारा मनमाने निर्णय लिए जाने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन मिलेगा।

सरकार से आम नागरिक यह अपेक्षा करता है कि उसे सरकार के निर्णयों की विवेचना करने, विश्लेषण करने एवं अपने विवेक के अनुसार उसका विरोध करने की स्वतंत्रता हो। विरोध करने का तरीका कुछ भी हो सकता है जैसे प्रदर्शन, लेख लिखना, संवाद आदि। इसके अतिरिक्त, पीड़ित व्यक्तियों को संगठित कर सामूहिक रूप से प्रदर्शन करना भी हो सकता है। ये सब लोकतंत्र के आवश्यक अंग हैं। यदि इन पर ही प्रतिबंध लगना प्रारंभ हो गया तो फिर हम धीरे–धीरे 'तानाशाही' की ओर बढ़ने लगेंगे। वैसे भी हाल ही में घोषित सूची में 'तानाशाह' शब्द को भी असंसदीय घोषित कर दिया है।

आने वाले समय में विपक्ष के सांसद अपने भाषण, प्रतिबंधित शब्दों को काम में लिए बिना किस प्रकार देंगे, यह देखना रोचक होगा। भाषा की समृद्धि के कारण संभव है, कुछ मेहनत करने वाले सांसद, इनके कई पर्यायवाची शब्द ढूंढ लेंगे जो प्रतिबंधित नहीं हैं।

संसद की गरिमा और सार्थकता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद अपनी बात पूरे जोर–शोर से कहें एवं गरिमा को बनाए रखें। सरकार को, विशेषकर, सत्ताधारी दल को, किसी भी प्रकार के विरोध के स्वर को खुले दिमाग से सुनना चाहिए और यदि उसमें कोई सही बात कही जाए तो उस पर विचार करने की उदारता बरतनी चाहिए। इसमें सत्ता का अहंकार आड़े नहीं आना चाहिये। जब किसी भी विषय पर संपूर्ण दृष्टिकोणों से विचार होगा तो उसके संबंध में निर्णय भी अधिक तार्किक एवं जनहितकारी होने की संभावना रहेगी।

सरकार से अपेक्षा है कि वह विरोध के रास्ते में 'अवरोध' उत्पन्न करना बंद करे एवं विरोध को सकारात्मक दृष्टि से ले। विरोधियों द्वारा उठाए गए बिंदुओं को बिना बचाव की मुद्रा में आए और बिना अहम का भाव लिए उन पर खुले दिमाग से विचार करें। यदि आवश्यक हो तो अपने द्वारा लिए गए निर्णय में आवश्यक संशोधन भी करे। ऐसा होने पर ही हम जनतंत्र की भावना को और अधिक मजबूत कर पाएंगे और देश के नागरिकों के हित संवर्धन का काम कर पाएंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# राजनीति की धूर्त चाल है धर्मांतरण



**डॉ रामावतार शर्मा**

> ■ **धर्मांतरण व्यक्ति को एक परोक्ष दासता की तरफ धकेलता है**

उसका नाम था निकोला मिचेल क्रिक और उसका जन्म फ्रांस के लॉरेन शहर के एक साधारण मेहनतकश परिवार में हुआ था। जब वह सात वर्ष का था तो उसकी मां की मृत्यु हो गई। अकेलेपन के शिकार इस युवक ने ख़ुद को क्रिश्चियन धर्म की कैथोलिक शाखा के प्रति पूर्णतः समर्पित कर दिया। यह समय का वह दौर था जब चीन और तिब्बत पर मिंग परिवार सत्तारूढ़ था। मिंग लोगों ने ईसाई मिशनरी लोगों को चीन में रहने और अपने धर्म के बारे में बताने की आजादी दे रखी थी। परंतु शीघ्र ही मिंग राजशाही को हरा कर मंचू सम्राट सत्ता में आ गए और सारे ईसाई मिशनरी लोगों को देश से निकाल सन् 1724 में वहां ईसाइयत को गैर कानूनी घोषित कर दिया।

दूसरी तरफ 19वीं सदी में ब्रिटेन एशिया के दूसरे भागों में शक्तिशाली हो गया और भारत में अपनी सत्ता को और मजबूत करने के लिए ईसाई मिशनरी लोगों के द्वारा धर्मांतरण को बढ़ावा देने लगा। उनसे पहले मुगल तथा अन्य इस्लामी बादशाह भी यही किया करते थे। इन लोगों का उद्देश्य धार्मिक नहीं बल्कि राजनीतिक था। बड़ी आबादी, असंख्य भाषाओं, बोलियों, परंपराओं और कितनी ही तरह के लोगों को नियंत्रण में रखने के लिए धर्म ही सबसे प्रभावकारी हथियार था वरना इस भूभाग पर शासन संभव ही नहीं था। हर जगह अपने लोग होने से ही नियंत्रण बना रह सकता था।

निकोला क्रिक बहुत प्रयासों के बाद भी तिब्बत नहीं पहुंच सका और अपने एक साथी धर्म प्रचारक के साथ आज के अरुणाचल में एक कबीले के सरदार द्वारा मारा गया हालांकि यह कभी भी प्रमाणित नहीं हो पाया कि उस सरदार ने ही उसकी हत्या की थी। अब निकोला को संत बनाने के प्रयास जारी हैं।

सवाल उठता है कि फ्रांस ने अपना आदमी इतनी दूर क्यों भेजा और उसके प्रबल प्रतिद्वंद्वी अंग्रेजों ने क्यों उनका साथ दिया? जवाब आसान है। धर्म सिर्फ बातों में ही सत्य की यात्रा है, व्यवहार में तो यह महज एक सत्तापोषक साधन है। हर काल में, हर समूह ने धर्म को सत्ता की एक सीढ़ी मात्र मान कर उसका दुरुपयोग किया है फिर चाहे धरती का कोई भी धर्म क्यों न हो।

दूसरी तरफ धर्म से जुड़े लोगों ने भी राजनीतिक जुड़ाव के चलते बड़े आर्थिक लाभ कमाए हैं। धर्म के उपदेश देकर बड़ी संपति अर्जित करना, धर्म के नाम पर उद्योग व्यापार चलाना आदि क्या कुछ नहीं होता है? आलीशान चर्च, विशाल मस्जिदें और शिल्पकला के मनमोहक उदाहरण मंदिर। धार्मिक संवादों में बातें तो सदा सादगी, जीव सेवा, प्रेम मोहब्बत जैसे सिद्धांतों की होती हैं पर वास्तविक बात तो वह है जो निदा फाजली ने कही है :–

**बच्चा बोला देख कर, मस्जिद आलीशान**
**अल्लाह! तेरे एक को इतना बड़ा मकान!**

धर्म के नाम पर सत्ता प्राप्त तो की जा सकती है पर उसमें स्थायित्व नहीं आता और समय के साथ सब कुछ बिखर जाता है। हमारे पड़ोसी श्रीलंका और पाकिस्तान इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। व्यक्ति अपने धर्म से जुड़ा रहे, उस पर गर्व करे यह उसका पूर्ण अधिकार है और इस बात का हर किसी को सम्मान करना चाहिए। पर जीवन सिर्फ धार्मिक होने मात्र से तो नहीं चलता। अच्छे सरकारी स्कूल, कॉलेज हों, सरकारी डिस्पेंसरी और अस्पताल हों, निर्धारित शुल्क जमा करवाने के बाद सरकारी कार्य समयबद्ध तरीके से हों। न्यायोचित काम के लिए क्यों रिश्वत देनी पड़े? जिस देश में मृत्यु प्रमाणपत्र तक बिना रिश्वत के नहीं मिलता है वह देश जब रात दिन धर्म की बातें करता है तो विचित्र–सा नहीं लगता है? धर्म का अर्थ आत्मा का जागृत होना है, झूठे दंभ का पोषण नहीं।

वैश्विक उदाहरण देखें तो धर्मांतरण व्यक्ति को एक परोक्ष दासता की तरफ धकेलता है। यह शक्तिशाली लोगों का वह हथियार है जो बृहद मानव जनसंख्या को भेड़ की मानसिकता में बदलता है। धर्म उसके मर्म को जानने पर समझ में आता है पर लोग महज सांकेतिक धर्म के पीछे पगलाए रहते हैं। सदियों पहले संत कबीर ने एक बात कही थी जो आज भी उतनी ही सार्थक है:–

**ज्यों गूंगे की सैन को, गूंगा ही पहिचान**
**त्यों ज्ञानी के सुक्ख को, ज्ञानी होय सो जान।।**

**डॉ रामावतार शर्मा,**
**चिकित्सक एवं लेखक**

# मोक्षधाम के आम रास्ते पर जलभराव से परेशानी, ग्रामीणों ने रोकी शव यात्रा

> ■ **प्रशासन ने एक दो दिन में ही रास्ते को सही करने का आश्वासन दिया**
> ■ **शव को रास्ते में रख रास्ता पक्का करने को लेकर की मांग, प्रशासन ने पहुंचकर की समझाइश**



**आरोपियों से समझाइश करते पुलिस अधिकारी।**

**भुसावर,** (निसं)। उपखण्ड भुसावर के गांव दीवली स्थित मोक्षधाम तक जाने के लिए रास्ता नहीं होने के कारण अन्तिम संस्कार के लिए जा रहे ग्रामीण मृतक के शव को रास्ते में लेकर बैठ गये। जिसकी जानकारी जानकारी मिलते ही पटवारी एवं गिरदावल ने पहुंचकर जानकारी ली और उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया।

वहीं मोक्षधाम तक जाने के लिए बनाये गये आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण एवं कीचड के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करने की बात ग्रामीणों द्वारा कही गयी। मिली जानकरी के अनुसार गांव के बुजुर्ग अच्छू मीणा के हुए देहान्त के बाद उनके अन्तिम संस्कार को जा रहे ग्रामीण जैसे ही मोक्षधाम के रास्ते पर पहुंचे तो मुख्य रास्ते जलमग्न मिला।

जिस पर तुरन्त ग्रामीणों ने अन्तिम यात्रा को रोक मृतक के शव को रास्ते में ही रख दिया और रास्ता आतिक्रमण मुक्त करवाते हुए पक्का बनवाने की मांग पर अड़ गये। जिसकी जानकारी मिलते ही तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार, थानाधिकारी मदनलाल मीणा सहित पटवारी एवं गिरदावर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश शुरू कर दी। जहां प्रशासन ने एक दो दिन में ही रास्ते को सही करने का आश्वासन देने के बाद ग्रामीण माने और मृतक के शव को अन्तिम संस्कार के लिए मोक्षधाम लेकर गये।

# सिंघाना के भिर्र गांव की दीक्षा मान दिखेगी बड़े पर्दे पर



**फिल्म कलाकार दिशा मान ।**

**बुहाना,** (निसं)। झुंझुनूं के बुहाना तहसील का फौजियों का गावं भिर्र की बेटी दीक्षा मान अब महिला सशक्तिकरण का मजबूत संदेश देने वाली फिल्म 'नार का सुर' के मुख्य किरदार में नजर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन कुलदीप कौशिक ने किया है। यह फिल्म पांच अगस्त से दिल्ली और यूपी के सिनेमा घरों में रिलीज होगी। जल्द ही राजस्थान के सिनेमाघरों में भी प्रर्दशित किया जाएगा। आपको बता दे की फिल्म 'नार का सुर' की कहानी उन 12 महिलाओं के इर्द–गिर्द घूमती है, जो देश में न्याय पाने के लिए संघर्ष करती हैं। बता दें कि फिल्म में लीड़ रोल में दिखाई देने वाली दीक्षा मान बुहाना के भिर्र गांव की रहने वाली हैं। उसका परिवार फिलहाल सिंघाना रहता हैं। उसके पिता गोपीचंद मान की बैटरी की दुकान हैं। जबकि उसकी मां सरिता देवी एलआईसी एजेंट हैं। दीक्षा ने कॉपर के सोफिया सेकेंडरी स्कूल में अपनी पढ़ाई पूरी की, जिसके बाद उसे सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, बीकानेर में कंप्यूटर साइंस स्ट्रीम में बीटेक किया। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद, वह जयपुर चली गईं। जहाँ उन्होंने रवींद्र मंच, जयपुर में थिएटर का अभ्यास करना शुरू किया। 2017 में दीक्षा को मुंबई विश्वविद्यालय के थिएटर आर्ट्स अकादमी में थिएटर आर्ट्स में मास्टर के लिए चुना गया था। 2019 में एक अभिनेत्री के रूप में फिल्म उद्योग में काम किया। दीक्षा ने कई टीवी विज्ञापनों जैसे कैंडेयर, शुगर, भारत मैट्रिमोनी, जिवामे, होंडा, वेदांता आदि के लिए भी कार्य किया। बातचीत में दीक्षा मान ने बताया कि इस फिल्म में महिला सशक्तिकरण का यह मजबूत संदेश होगा कि महिलाएं अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती को बखूबी पार कर सकती हैं।

# खेत पर जाने के रास्ते पर दबंग ने किया अतिक्रमण, न्याय के लिए भटक रहा दिव्यांग

> ■ **जिला कलेक्टर के आदेशों पर हो रही लीपा-पोती**
> ■ **मौके पर से आज तक नहीं हटवाया अतिक्रमण, धरने पर बैठने की चेतावनी**
> ■ **कलेक्टर द्वारा विकास अधिकारी से रिपोर्ट मांगने पर उन्होंने पंचाायत प्रशासन को दिए सिर्फ निर्देश**



**भांकरोटा पंचायत मुख्यालय पर स्थित मालियों की ढाणी के पिछवाड़े में खेत के रास्ते पर पत्थर डालकर अतिक्रमण करते हुए दबंग लोग।**

**फागी,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की माधोराजपुरा पंचायत समिति की भांकरोटा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आबादी में बसी मालियों की ढाणी के पीछे खसरा नंबर 801, 802, 803 व 804 के खेतों में आने जाने वाले रास्ते पर एक प्रभावशाली व्यक्ति ने अतिक्रमण कर रखा है। जिस को हटाने के लिए भांकरोटा में निवास कर रहे एक विकलांग रामस्वरूप खाती ने ग्राम पंचायत प्रशासन, पंचायत समिति, तहसील प्रशासन से लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय तक कई बार लिखित व मौखिक में गुहार लगाई, लेकिन अभी तक पीड़ित विकलांग रामस्वरूप के खेत में आने जाने के रास्ते पर कर रखे अतिक्रमण को नहीं हटाया गया है।

जिससे पीड़ित विकलांग रामस्वरूप को अपने खेत में जाने के लिए बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। थक हार कर पीड़ित विकलांग रामस्वरूप खाती ने जिला कलेक्टर जयपुर के न्याय की गुहार लगाते हुए खेत में आने जाने, व खेत में बुवाई एवम् अन्य कार्य करने में आने वाली परेशानी बताई । जिला कलेक्टर ने विकास अधिकारी माधोराजपुरा को मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाकर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे । जिस पर विकास अधिकारी ने पंचायत प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के आदेश देकर इतिश्री कर ली गई है। जिस आदेश की पालना आज दिन तक पंचायत प्रशासन ने नहीं की।

अपने न्याय के लिए दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर पीड़ित विकलांग को प्रशासन से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है । इस संबंध में पीड़ित विकलांग रामस्वरूप खाती ने बताया कि प्रशासन कलेक्टर के आदेश की पालना नहीं करते हुए मात्र लीपापोती करने में लगा हुआ है।

पंचायत प्रशासन मौके पर पहुंच कर अतिक्रमण की मौका रिपोर्ट बनाकर ही इतिश्री कर ली गई है। पीड़ित विकलांग रामस्वरूप ने प्रशासन पर लीपापोती करने व जिला कलेक्टर जयपुर की निर्देशों को रद्दी की टोकरी में फेंकने का आरोप लगाया। 67 वर्षीय रामस्वरूप जांगिड़ शारीरिक रूप से विकलांग है और उसने व उसके परिवार जनों ने प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठने की चेतावनी दी है। इस संबंध में माधोराजपुरा विकास अधिकारी से फोन पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु विकास अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया । इस संबंध में ग्राम पंचायत भांकरोटा के ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि पटवारी की रिपोर्ट में आबादी में से कोई रास्ता नहीं है। प्रार्थी जिस रास्ते की बात कर रहा है वह तीन भाइयों का सामलाती रास्ता है। खेत का रास्ता सहखातेदारी में से ही मिल पाएगा ।

## राशिफल मंगलवार 19 जुलाई, 2022



**पंडित अनिल शर्मा**

सावन मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र दिन 12:12 तक, अतिगंड योग दिन 1:43 तक, वणिज करण प्रातः 7:50 तक, चन्द्रमा मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–मीन, मंगल–मेष, बुध–कर्क, गुरू–मीन, शुक्र–मिथुन, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 12:12 तक है। रवियोग दिन 12:12 तक है। राजयोग प्रातः 7:50 से दिन 12:12 तक है। भद्रा प्रातः 7:50 से सांय 7:43 तक है। आज मंगला गौरी पूजा, शीतला सप्तमी, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:11 से 10:12 तक, लाभ–अमृत 10:52 से 2:14 तक, शुभ 3:55 से 5:37 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:48, सूर्यास्त 7:18

### मेष
व्यावसायिक कार्यों पर अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। घर–गृहस्थी की समस्या के कारण मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

### वृष
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मिथुन
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### कर्क
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।

### सिंह
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### कन्या
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### वृश्चिक
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### धनु
परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### मकर
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### कुंभ
व्यावसायिक प्रयासों में सार्थक/उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।

### मीन
मनःस्थिति में सुधार होगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

# राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा को जान से मारने की धमकी

**मैं लगातार जेहादियों और इन्हें संरक्षण देने वाली राजनीतिक शक्तियों की पोल खोलता रहूंगा। चाहे मेरी जान ही क्यों न चली जाए : डॉ. मीणा**

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा को जान से मारने की धमकी मिली है। इस पर डॉ.मीणा ने बयान जारी कर कहा है कि उदयपुर में जेहादियों का शिकार बने कन्हैयालाल के परिवार को एक महीने का वेतन देना किसी कादिर अली नाम के जेहादी को रास नहीं आया है। उसने मुझे जान से मारने की धमकी दी है, जिस पर कार्रवाई के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को पत्र लिखा है। मैं इस प्रकार की धमकियों से डरने वाला नहीं हूं। मैं लगातार जेहादियों और इन्हें संरक्षण देने वाली राजनीतिक शक्तियों की पोल खोलता रहूंगा। चाहे मेरी जान ही क्यों न चली जाए।

वही मीणा के दिल्ली स्थित आवास पर कादिर अली राजस्थानी नाम के शख्स से एक पत्र भेजकर मीण को जान से मारने की धमकी दी है। इस पत्र के साथ अखबार की कटिंग भी भेजी है, जिसमें किरोड़ी ने कन्हैलाल के परिवार को एक महीने का वेतन देने की घोषणा की थी। मामले को लेकर किरोड़ी ने गृहराज्यमंत्री नित्यानंद राय, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र में लिखा है। पत्र लिखकर धमकी देने वाले शख्स ने लिखा है कि जो हमारे पैगम्बरों की गुस्ताखी करेगा उसका कन्हैयालाल जैसा ही हाल होगा। जो गुस्ताखी करने वालों की मदद करेगा वो बड़ा नेता ही क्यों ना हो, उसका हम सबक सिखा देंगे। इसलिए अब किरोड़ी लाल तेरा नंबर है। क्योंकि तू बड़ा हिन्दुवादी नेता और हिन्दुओं का पैरोकार समझकर हम मुसलमानों के खिलाफ जहर उगलता रहता है। कुछ दिन पहले ही उदयपुर जाकर अपनी तनख्वाह के पैसे देकर गुस्ताखी करने वालों की मदद की है। ये तूने बड़ी गुस्ताखी की है। हम मुसलमानों को कट्टर तालीबानी कहा है, इसलिए अब तेरा नंबर लेना ही पड़ेगा। पत्र की शुरुआत में शख्स ने लिखा हे कि ये लिखा हुआ पढ़कर ही मैंने लिखा है, आगे दुनिया कुछ और ही पढ़ेगी।

इस पत्र के बाद किरोड़ी ने गृहराज्यमंत्री नित्यानंद राय, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने लिखा है कि मेरे एबी-4 पंडारा रोड, दिल्ली आवास पर मुझे धमकी भरा पत्र डाक से भिजवाया गया है। मैं कन्हैयालाल से मिलने उदयपुर गया था, जहां मैंने एक महीने का वेतन पीड़ित परिवार को देने की घोषणा की थी। यह खबर मीडिया में प्रकाशित हुई थी। जिस व्यक्ति ने पत्र भेजा है, उसने अखबार की कटिंग भी साथ भिजवाई है। मेरा निवेदन है कि इस धमकी भरे पत्र की जांच करवाकर कार्रवाई करने का कष्ट करें।



राष्ट्रपति चुनाव के लिये सोमवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी विधानसभा में अपना वोट डाला। इस दौरान उन्होंने सभी विधायकों का अभिवादन स्वीकार किया।

# छबड़ा में 660-660 मेगावाट की दो यूनिट होंगी स्थापित

**कालीसिन्ध में 800 मेगावाट की एक अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल यूनिट के पॉवर प्रोजेक्ट स्थापित होंगे**

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के छबड़ा में अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट में 660-660 मेगावाट क्षमता की दो यूनिट तथा कालीसिन्ध में 800 मेगावाट क्षमता का एक अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट स्थापित करने के प्रस्तावों का अनुमोदन किया है।

मुख्यमंत्री की स्वीकृति से छबड़ा तापीय विद्युत परियोजना का विस्तार कर 9606.06 करोड़ रुपए लागत की 660-660 मेगावाट क्षमता की 2 अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल तकनीक आधारित इकाईयां स्थापित होगी। साथ ही कालीसिन्ध तापीय विद्युत परियोजना का विस्तार करते हुए 6054.58 करोड़ रूपए लागत की 800 मेगावाट क्षमता की 1 अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल तकनीक आधारित इकाई स्थापित हो सकेगी।

राजस्थान सरकार विद्युत उत्पादन क्षेत्र में न केवल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना चाहती है वरन् इसे पॉवर सरप्लस बनाने के लिए प्रयासरत है। इस दृष्टि से प्रदेश में विद्युत उत्पादन बढ़ाने की दिशा में छबड़ा एवं कालीसिन्ध में कुल 2120 मेगावाट क्षमता की विद्युत परियोजनाओं के स्थापित होने से जहां राज्य विद्युत उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अठासर होगा। वहीं, स्थानीय क्षेत्र के विकास एवं रोजगार के क्षेत्र में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि श्री गहलोत ने बजट 2022-23 में उत्पादन निगम के थर्मल पॉवर प्लांट्स में कोयले की बचत, प्रदूषण में कमी एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल तकनीक आधारित थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट की स्थापना हेतु घोषणा की थी।



गंगा जमुनी संस्कृति को साकार करते हुए कांग्रेस विधायक साफिया जुबेर ने देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत और कांग्रेस की महिला विधायकों के साथ भगवान शिव के रुद्राभिषेक में पूजा अर्चना की। राजस्थान सरकार सावन महीने में सभी चारों सोमवार को 44 शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक करवा रही है।

# रसद अधिकारी की ओर से दर्ज एफआईआर में गिरफ्तारी पर रोक

**अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है**

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पोषाहार वितरण में अनियमिता के मामले में टोंक जिला रसद अधिकारी की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। वहीं अदालत ने मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब किया है।

अदालत ने कहा है कि याचिकाकर्ता अनुसंधान में पुलिस का सहयोग करें। जस्टिस बीरेन्द्र कुमार ने यह आदेश श्यामसुंदर गुप्ता व अन्य की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता मोहित बलवदा और भावना चैधरी ने अदालत को बताया कि टोंक डीएसओ ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गौरव सेल्स एजेंसी को मिड डे मील योजना के तहत पोषाहार का परिवहन और वितरण का टेंडर दिया गया था। एजेंसी ने आवंटन सूची के अनुसार पोषाहार का वितरण नहीं किया। ऐसे में यह आईपीसी और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपराध है।

याचिका में कहा गया कि ब्लॉक शिक्षाधिकारी की ओर से याचिकाकर्ता को आवंटन सूची समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई। याचिकाकर्ता की ओर से कई बार विभाग को आवंटन सूची उपलब्ध कराने को कहा गया, लेकिन विभाग ने समय पर सूची उपलब्ध नहीं कराई। जिसके कारण वितरण केन्द्र को जरूरत के अनुसार पोषाहार वितरण किया गया और वितरित पोषाहार की रसीदें विभाग को उपलब्ध कराई गई।

याचिका में यह भी कहा गया कि खाद्य सामग्री जल्दी खराब होती हैं। इसलिए पोषाहार को समयबद्ध तरीके से केन्द्रों पर वितरण किया गया। ऐसे में याचिकाकर्ताओं ने कोई अपराध नहीं किया है। इसलिए मामले में डीएसओ की ओर से दर्ज एफआईआर को रद्द किया जाए।

इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने एफआईआर के आधार पर याचिकाकर्ताओं की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया है।

## महिला से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा

**जयपुर,** (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर द्वितीय ने रात को घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त अन्नू नागौरी को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख बीस हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि पीडिता ने 9 जून 2019 को चौमू थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया बीती रात करीब तीन बजे अभियुक्त ने उसके कमरे में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं विरोध करने पर अभियुक्त खिड़की तोड़कर भाग गया। इस दौरान अभियुक्त के टी-शर्ट का टुकड़ा पीड़िता के पास रह गया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त की फरारी में अदालत के समक्ष आरोप पत्र पेश किया। वहीं बाद में अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में आ गया।

# राष्ट्रपति चुनाव में राजस्थान में तो बीजेपी कैंडिडेट हार कर जाएगा : खाचरियावास

**'ये देश की लड़ाई है, राष्ट्रपति मूर्ति नहीं होना चाहिए'**

**जयपुर,** (का.प्र.)। मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने राष्ट्रपति चुनाव को लेकर कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के पास संख्या बल ज्यादा है। राजस्थान में तो बीजेपी का कैंडिडेट हार कर जाएगा।

मंत्री खाचरियावास बोले कि बीजेपी ऐसे राष्ट्रपति ढूंढ ढूंढकर ला रही है, जो प्रधानमंत्री के चेहरे की तरफ देखे। ऐसा राष्ट्रपति चाहिए जिसकी आवाज को लोग समझें और जिसकी तरफ देश देखे लेकिन अब तो देश का इंट्रेस्ट ही नहीं है। लोग जानते हैं ऐसा राष्ट्रपति चुनकर लाते हैं, जिसकी आवाज ना देश जानता है ना जनता जानती है। इसलिए राष्ट्रपति तो राष्ट्र के अनुसार होना चाहिए जो सबकी आवाज बन सके।

इसी के साथ खाचरियावास ने कहा कि बीजेपी से मैं इतना कहूंगा कि उसे शर्म करनी चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए। आज के दिन राष्ट्रपति का चुनाव है। देश ने इनको इतने वोट दिए। बहुत बड़ी संख्या में बहुमत दिया। आजादी के बाद पहली बार आटा, दाल, चावल, मुरमुरे, मखाने सब पर 5 परसेंट जीएसटी लगा दी। छाछ, दही पर जीएसटी लगा दी। ये प्रधानमंत्री पहले हैं, जो लोगों का आटा छीन रहे हैं। अब आटे को भी बांटेंगे क्या। लोग भूख से मर रहे हैं। केन्द्र आटे पर टैक्स लगा रहा है। मुंह के अंदर हाथ डालकर लोगों का निवाला छीन रहे हैं। ये चीजें रोजमर्रा में काम आती हैं। पहले कपड़े पर टैक्स लगाया और उसे 5 से 12 परसेंट कर दिया। जूते पर भी टैक्स लगा दिया।

उन्होंने कहा कि ये देश की लड़ाई है। ये मानकर चलना चाहिए कि राष्ट्रपति मूर्ति नहीं होना चाहिए। राष्ट्रपति तो ऐसा होना चाहिए जो देश की आवाज को बुलंद कर सके। राष्ट्रपति वोकल होकर बोले। देश के लोग राष्ट्रपति से बहुत उम्मीद करते हैं। जब लोकतंत्र पर खतरा हो और विपक्ष राष्ट्रपति से जाकर मिले तो वो प्रधानमंत्री के चेहरे की तरफ नहीं देखे। राष्ट्रपति ऐसा चाहिए जो विपक्ष, लोकतंत्र, संविधान को बचाए और मजबूत करे। जब विपक्ष और देश की जनता जाकर मिले, तो वह अपनी राय दे सके। यहां तो राष्ट्रपति ढूंढ ढूंढकर ला रहे हैं जो प्रधानमंत्री के चेहरे की तरफ देखे। राष्ट्रपति ऐसा चाहिए जो देश और जनता के चेहरे और विपक्ष के चेहरे की तरफ देखे। लोकसभा में अगर विपक्ष की आवाज दबाई जाए, विपक्ष पर जुल्म हो। खाचरियावास ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव कभी राजनीतिक संदेश देने के लिए नहीं लड़े जाते। राष्ट्रपति देश को वर्ल्ड लेवल पर रिप्रेजेंट करता है। विपक्ष और देश की जनता की जब आवाज उठे, तो राष्ट्रपति सरकार को आदेश दे सके और सरकार को अपना निर्णय सुना दे। ऐसा नहीं होता कि आप पॉलिटिकली संदेश देने के लिए राष्ट्रपति बनाने लगे।



# सूरतगढ़ में किसानों की सैकड़ों बीघा फसल हुई चौपट

## भारत माला सड़क परियोजना की मिट्टी तेज बारिश से खेतों में जाने से फसल मिट्टी के नीचे दब गई

**सूरतगढ़, (निसं)।** उपखंड के ग्राम पंचायत ठेठार कस्बे से गुजरने वाली भारत माला सड़क परियोजना की मिट्टी तेज बारिश के कारण किसानों के खेतों में जा घुसी, जिसकी वजह से किसानों के खेतों में खड़ी सैकड़ों बीघा में फसलें मिट्टी के नीचे दबकर चौपट हो गई।

जानकारी के मुताबिक ठेठार क्षेत्र से गुजरने वाली इस परियोजना की की ओर से इलाके में करीब 20 से 30 फीट तक मिट्टी की भर्ती करके सड़क का निर्माण किया गया है, तेज बारिश के कारण सड़क की भर्ती में लगी हुई मिट्टी पानी के तेज बहाव के साथ किसानों के खेतों में जा घुसी, जिससे करीब सड़क के किनारे दोनों साइड के करीब 100 बीघा से अधिक भूमि में किसानों की फसल मिट्टी में दब गई।

किसानों ने बताया कि हर बार बारिश के बाद भारत माला सड़क की मिट्टी बह रही है। इसके संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद भी विभाग द्वारा मिट्टी भर के महज खानापूर्ति की जाती है, जिससे बारिश के बाद वही हालात वापस उत्पन्न हो जाते हैं, जिससे किसानों को हर बार नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों ने बताया कि इसके संबंध में कई बार अवगत करवाया है, लेकिन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे हर बार बारिश के बाद किसानों की फसलें खराब हो रही है।

- **करीब 100 बीघा से अधिक भूमि में किसानों की फसल हुई बर्बाद**
- **अधिकारी बोले, जांच के लिए टीमें मौके पर भेजी गई हैं**

पूर्व सरपंच अमीचन्द कुलड़िया, सहीराम कुलडिया, नरसीराम ओझा, कृष्ण कुलड़िया, टेकचंद कुलडिया, शिशपाल ओझा, प्रेम ओझा, मनफूल कुलडिया, भागीरथ कुलडिया, छगन लाल ओझा ने बताया कि भारत माला सड़क परियोजना में बारिश के बाद हर बार जगह जगह कटाव आने के कारण सड़क किनारे बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते हैं, जिनको ठेकेदारों द्वारा महज मिट्टी भरकर खानापूर्ति कर दी जाती। हर बार-बार बारिश के पश्चात यही हालात बन जाते हैं। सूरतगढ़ के उपखंड अधिकारी कपिल कुमार यादव का कहना है कि हमने इस संबंध में तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी है और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को भी पत्र लिखकर आवश्यक रिपोर्ट मांगी है। जवाब आने के बाद आगे कि प्रक्रिया की जाएगी।

# देसूसर स्कूल में बच्चों ने नही लिया पोषाहार, फलों के लिये प्रधानाध्यापक नहीं देते पैसे

## निरीक्षण के दौरान डीईओ को कहीं शिक्षक नहीं मिले तो कही गेट पर ताला लटका मिला

**झुंझुनूं, (निसं)।** डीईओ एलिमेंट्री मनोजकुमार ढाका सरकारी स्कूलों को लेकर इन दिनों एक्शन मूड में नजर आ रहे हैं। अल सुबह ही डीईओ ढाका सरकारी स्कूलों का हाल जानने निकल पड़ते हैं। इसी क्रम में सोमवार डीईओ मनोज कुमार ढाका राउप्रावि झीलों की ढाणी, जीवा की ढाणी और देसूसर स्कूल का हाल जानने पहुंचे। जहां बड़ी लापरवाही देखने को मिली। सुबह साढ़े सात बजे झीलों की ढाणी पहुंचे डीईओ ढाका को स्कूल गेट पर ताला व पत्थर लगे मिले। आस पड़ौस के ग्रामीणों के पूछने पर बताया कि स्कूल में बच्चे ना के बराबर है और एक शिक्षक कार्यरत है जो मनमर्जी से आता जाता है। करीब 20 मिनट बाद भी शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचा तो डीईओ ने उस पर कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी करने के आदेश दिए। इसके बाद जीवा की ढाणी और देसूसर स्कूल का भी निरीक्षण किया।


स्कूलों में पोषाहार का जायजा लेते झुंझुनूं डीईओ एलिमेंट्री।

देसूसर स्कूल में तो पोषाहार संबंधी बड़ी लापरवाही देखने को मिली। बच्चों ने बताया कि पोषाहार में कीड़े-मकोड़े और बाल आने से पोषाहार खाना छोड़ दिया। इधर जब डीईओ ने बच्चों से सवाल जवाब किए तो फल वितरित नहीं करने को लेकर पोषाहार प्रभारी रंजना बुडानिया से पूछा तो उन्होंने हैडमास्टर द्वारा पैसे नहीं देने की बात कही। इस पर डीईओ मनोज ढाका ने संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद और स्कूल स्टाफ को जमकर लताड़ लगाई और कहा कि काम नहीं होता है तो आराम से घर बैठो । यहां सिर्फ खानापूर्ति नहीं करनी है। डीईओ ढाका ने अनियमितता बरतने पर संस्था प्रधान को अंतिम चेतावनी देकर

- **झीलों की ढाणी के शिक्षक के खिलाफ नोटिस जारी करने के आदेश दिए**

नोटिस जारी किया। राउप्रावि जीवा की ढाणी में भी वर्क बुक, डायरी, खेल मैदान, गरिमा पेटी संबंधित जानकारी प्राप्त कर नसीहत दी।

देसूसर स्कूल में स्कूल रिकॉर्ड से लेकर बच्चों की संख्या बताने में भी संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद और स्टाफ सकपका गए । बच्चों ने बताया कि पोषाहार में फलों को वितरित किए हुए काफी समय हो गया है। जिस पर डीईओ ने सबकी क्लास लगाते हुए कहा कि काम के पैसे मिलते हैं ऐसी लापरवाही बरती जा रही हैं तो फिर काम छोडकर घर बैठो। जीवा की ढाणी स्कूल में भी डायरी, वर्कबुक, गरिमा पेटी इत्यादि में लापरवाही बरतने पर संस्था प्रधान राजवीर फोगाट को फटकार लगाई।

झीलों की ढाणी में मिला ताला: डीईओ मनोज कुमार ढाका जब सुबह साढ़े सात बजे झीलों की ढाणी स्कूल गेट पर पहुंचे तो गेट पर ताला तथा पत्थर लगे मिले। जिस पर 20 मिनट इंतजार करने के बाद भी शिक्षक समय पर नहीं पहुंचा। डीईओ ने संबंधित शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए।

वहीं झुंझुनूं डीईओ एलिमेंट्री मनोज कुमार ढाका ने बताया कि झीलों की ढाणी, जीवा की ढाणी और देसूसर स्कूल का निरीक्षण किया। जहां पढ़ाई और पोषाहार संबंधी लापरवाही देखने को मिली। लापरवाह कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा।

# भीलवाड़ा एसीबी ने चित्तौड़गढ़ में रिश्वतखोर सिपाही को पकड़ा


एसीबी के एएसपी ने कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा की एसीबी प्रथम ने चित्तौडगढ जिले के चंदेरिया थाने में तैनात एक कांस्टेबल को 2,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से थाना स्टॉफ में खलबली मच गई।

बता दें कि कांस्टेबल ने यह राशि एक फायनेंस कंपनी के कर्मचारी से उसके खिलाफ पेश परिवाद को रफा-दफा करने की एवज में ली थी। एसीबी एएसपी ब्रजराज सिंह के अनुसार, चित्तौडगढ़ जिले के रामदेवजी का चंदेरिया निवासी गजराज सिंह ने एसीबी प्रथम में शिकायत दी कि वह हिरोफिन कोर्प फायनेंस कंपनी जिला चित्तौडगढ़ में कार्यरत है। वह कंपनी के द्वारा वाहनों पर किये गये फायनेंस की रिकवरी व किस्तें बाकी होने पर वाहन सीज करने का कार्य करता है। उसने चंदेरिया के महेंद्र सिंह की बिना नंबरी बाइक किस्तें बाकी होने से सीज की थी। इसे लेकर महेंद्र सिंह ने परिवादी के खिलाफ थाने में परिवाद पेश किया। इस परिवाद की जांच कांस्टेबन नानचाराम कर रहा था। उसने परिवाद को रफा-दफा करने के नाम से कांस्टेबल नानचा राम ने परिवादी से 7 हजार रुपये की मांग कर 4 हजार रुपये पहले ले लिये, जबकि एक हजार रुपये की राशि एसीबी की मांग सत्यापन के दौरान कांस्टेबल ने ले ली। सोमवार को यह कांस्टेबल एसीबी के परिवादी से 2 हजार रुपये की रिश्वत लेते एसीबी, भीलवाड़ा के हत्थे चढ गया। यह कार्रवाई एएसपी चारण के निर्देशन में सीआई दीपिका राठौड व एएसआई रामपाल तेली, गोपाल लाल, शिवराज सिंह, पवन, किशोर आदि ने की।

## सरपंच बेटे सहित 5 युवकों ने नाबालिग से किया कुकर्म

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले के रावतसर थाने में नाबालिग बच्चे से कुकर्म का मामला सामने आया है। नाबालिग के पिता ने सरदारपुरा खालसा के सरपंच पुत्र सहित 5 लोगों पर नाबालिग के साथ कुकर्म करने और अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। युवकों ने नाबालिग बालक से कुकर्म कर उसका वीडियो बना लिया और बार-बार ब्लेकमेल कर गलत काम कर रहे थे। इस बीच अश्लील वीडियो वायरल होने पर मामले का खुलासा हुआ। रावतसर पुलिस ने नाबालिग लड़के के पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि 14 वर्षीय पीड़ित नाबालिग लड़के के पिता ने थाने में रिपोर्ट दी। उन्होंने बताया कि मेरे लड़के के साथ अनिल पुत्र रामलाल भादू, अभिषेक पुत्र गोरीशंकर, योगेश, नरेश पुत्र लाधुराम भाकर और राधेश्याम पुत्र रामस्वरूप निवासीगण सरदारपुरा खालसा ने गलत काम किया। सभी आरोपियों ने 10 जून 2022 से 15 जुलाई 2022 तक लगातार डरा-धमकाकर और अश्लील वीडियो के दम पर ब्लेकमेल कर अलग-अलग जगह पर ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। आरोपियों ने अश्लील वीडियो बना ली और धमकी देकर कुकर्म किया।

# ताला ठीक करने के बहाने चार लाख के जेवर सहित 1.75 लाख उड़ाए

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर के बलदेवनगर गली नंबर 11 में दो सरदार ताला ठीक करने के बहाने एक घर की अलमारी से चार लाख के जेवर और 1.75 लाख की नगदी साफ कर गए। पीड़ित ने इस बारे में देवनगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। इससे पहले तकरीबन सवा माह पहले भी प्रतापनगर में ऐसी ही घटना हुई थी जोकि आज तक नहीं खुल पाई। पुलिस अब बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी कैमरें खंगाल रही है।

देवनगर थाने के एसआई मनोज कुमार ने बताया कि बलदेवनगर गली नंबर 11 स्थित वीरदुर्गादास कॉलोनी निवासी अनवर खां पुत्र रशीद खां की तरफ से केस दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि 14 जुलाई को उसकी माताजी घर के बाहर बैठी थी। तब गली में दो सरदार आए । ताला ठीक करने और चाबी बनाने की आवाज लगाई तो अनवर खां की माता ने उन्हें घर के दो ताले ठीक करवाए। बाद में सरदार पड़ौसियों के यहां पर भी ताला ठीक कराने गए। इसके बाद अनवर की माताजी ने घर की अलमारी की समस्या

- **इससे पहले करीब सवा माह पहले भी प्रतापनगर में ऐसी ही घटना हुई थी**

बताई तो उन्होंने ताला ठीक करने के साथ महिलाओं को बातों में उलझाने के साथ वहां अलमारी में रखे सात तोला सोने के आभूषण, दो चेनें, अंगुठियां आदि और चांदी के 25 तोला जेवर के साथ नगद 1.75 लाख रूपयों पर हाथ साफ कर डाला।

सरदारों के जाने के बाद घटना का पता लगा। इस पर पर घर में उहापोह की स्थिति बन गई। घटना के संबंध में पीड़ित ने देवनगर थाने में रिपोर्ट दी है। बता दें कि इससे पहले तकरीबन सवा माह पहले प्रतापनगर में एक घर में दो सरदार युवकों ने ऐसी ही घटना को अंजाम दिया था। जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। एसआई मनोज कुमार ने बताया कि घटना को लेकर आसपास के सीसीटीवी कैमरों के साथ लोगों से हुलिया आदि पता लगाया जा रहा है।

# मानसून की पहली बारिश ने निम्बाहेड़ा को किया जलमग्न

## नाले की सफाई समय पर होती तो आज निम्बाहेड़ा की ऐसी दयनीय दशा नहीं होती : नवलखा

**निम्बाहेड़ा, (निसं)।** निम्बाहेड़ा नगर एवं क्षेत्र में लंबे अरसे के इंतजार के बाद मानसून ने अपनी सक्रियता दिखाई पहली बारिश ने ही नगर की चरमराती सफाई व्यवस्था ने नगर पालिका को आइना दिखा दिया। नगर पालिका की इस अनदेखी का खामियाजा नगर एवं क्षेत्र की जनता को भुगतान पड़ रहा है।

उक्त आरोप पूर्व विधायक व नगर पालिका निम्बाहेड़ा में प्रतिपक्ष के नेता अशोक नवलखा सहित भाजपा मण्डल अध्यक्ष नितीन चतुर्वेदी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष पारस पारख वरिष्ठ पार्षद सुरेश खेरोदिया, मयंक अठावाल, अविनाश गोठवाल, अतुल सोनी, जगदीश माली, प्रेम बाहेती, गजेंद्र सिंह, आरती शर्मा, माया भाम्भी, देवयन्ति शर्मा, सुधा सोनी, संजू कंवर, कला देवी मालवीय आदि ने सयुंक्त विज्ञिप्त जारी कर लगाया। नवलखा ने बताया कि भाजपा के शासन काल मे जिस प्रकार वर्षा ऋतु से पूर्व ही नगर के नालों आदि की सफाई समय रहते करवा ली जाती थी।

दूसरी ओर वर्तमान कांठोस बोर्ड ने वर्षा से पूर्व नालों की सफाई के लिए निविदा तक निकालना उचित नहीं समझा, जिस वजह से नालो की सफाई के अभाव में नगर के बस स्टैंड, मोतीबाज़ार, शेखावत सर्कल, इंद्रा कॉलोनी, निवेदिता कॉलोनी, शास्त्री मार्केट, छोटीसादड़ी रोड सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्तिथि होकर लोगो के घरों में नालो का गन्दा पानी भर गया जिससे आम लोगो को परेशानी उठानी पड़ी यदि कांठोस शासित नगर पालिका बोर्ड यदि समय रहते नगर के प्रति गम्भीर हो जाता तो आज यह स्थिति नही होती।



निम्बाहेड़ा कस्बे में बरसात का लुत्फ उठाते युवक।

## दस्यु गैंग का सदस्य प्रेम सिंह गिरफ्तार

**बयाना, (निसं)।** भरतपुर के जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत बयाना पुलिस व्रत क्षेत्र के थाना गढ़ी बाजना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बीहड़ों में कार्यवाही कर दस्यु गैंग के सक्रिय सदस्य प्रेम सिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। थाना प्रभारी महेंद्र शर्मा ने बताया पकड़ा गया आरोपी कुख्यात दस्यु गैंग रामविलास व भारत गुर्जर गैंग का सक्रिय सदस्य है जिसके विरुद्ध पत्थर खानों में चौथ वसूली मारपीट व भय फैलाने और आगजनी करने आदि के मामले दर्ज हैं। पकड़ा गया आरोपी धौलपुर जिले के थाना बाड़ी के गांव अतराजपुरा का बताया है। जिसे पुलिस ने आज कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे पुलिस को रिमांड पर सौंपा है पुलिस पकड़े गए आरोपी से विभिन्न वारदातों को लेकर गहन पूछताछ में जुटी है। इसके विरुद्ध 2 साल पहले थाना क्षेत्र के गांव नगला क्षत्री में भी मामला दर्ज हुआ था।

# दरभंगा-अजमेर-दरभंगा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन कल से

**अजमेर, (कासं)।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए दरभंगा-अजमेर-दरभंगा साप्ताहिक स्पेशल (04 ट्रिप) रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के अनुसार गाडी संख्या 05537, दरभंगा-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 20 जुलाई 22 से 10 अगस्त 22 तक (04 ट्रिप) प्रत्येक बुधवार को दरभंगा से 13.15 बजे रवाना होकर गुरूवार को जयपुर स्टेशन पर 19.35 बजे आगमन व 19.45 बजे प्रस्थान कर 22.05 बजे अजमेर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 05538, अजमेर-दरभंगा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 21 जुलाई 22 से 11 अगस्त .22 तक (04 ट्रिप) प्रत्येक गुरूवार को अजमेर से 23.25

- **वाया रक्सौल, नरकटियागंज, गोरखपुर, गोंडा, मथुरा, बांदीकुई, जयपुर चलेगी**

बजे रवाना होकर शुक्रवार को जयपुर स्टेशन पर 01.40 बजे आगमन व 01.50 बजे प्रस्थान कर शनिवार को 06.50 बजे दरभंगा पहुँचेगी।

यह रेलसेवा मार्ग में सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल, नरकटियागंज, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, शाहजहाँपुर, मथुरा, अछनेरा, बांदीकुई, जयपुर व किशनगढ स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## 300 लीटर अवैध नकली डीजल बरामद

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर की कुडी पुलिस ने पाली रोड पर एक होटल के सामने बोलेरो को जब्त कर उसके पीछे लगी टंकी से अवैध नकली डीजल बरामद किया है। एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर ईसी एक्ट में केस बनाया है। टंकी में 300 लीटर डीजल भरा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

- **मुखबिर की सूचना पर सारण होटल के पास से पकड़ी बोलेरो**

कुडी थानाधिकारी सुमेरदान ने बताया कि मुखबिरी सूचना पर एसीपी बोरानाडा जेपी अटल ने पाली रोड स्थित सारण होटल के सामने से बोलेरो एक को पकड़ा। इस बोलेरो की पीछे एक टंकी लगी थी। जिसकी तलाशी लिए जाने पर उसमें 300 लीटर अवैध नकली डीजल मिला। इस पर कोसना पीपाड़ शहर के महेद्र्र विश्नोई को हिरासत में लेकर ईसी एक्ट में केस दर्ज किया गया।

# गर्भवती महिला ने सुसाइड किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के बदनौर थाना क्षेत्र में एक महिला ने जहरीली वस्तु का सेवन कर खुदकुशी कर ली। महिला 6 माह से गर्भवती थी। पुलिस का कहना है कि महिला के एक व्यक्ति ने फोटो खींचकर सोशल साइटस पर वायरल कर दिये। इससे क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठाया है। यह घटना, खुद महिला ने जिंदगी से संघर्ष करने के दौरान अस्पताल में पुलिस को दिये बयान में बताई है। पुलिस अब खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप में मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है।

बदनौर थाना प्रभारी सुभाषचंद्र ने बताया कि थाना सर्किल की एक महिला के जहरीली वस्तु खाकर अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली। इस पर जिला अस्पताल पहुंचकर महिला के बयान लेखबद्ध किये। महिला ने बयान में कहा कि 6 माह पहले परा गांव का माधो पुत्र रामा गुर्जर उसके मकान में घुस आया। पीडिता के उसने फोटो खींच लिये। माधो ने महिला के खींचे गये

- **सोशल साइट्स पर फोटो अपलोड करने से क्षुब्ध थी**
- **बदनौर थाना प्रभारी ने महिला के बयान लेखबद्ध किए**

फोटो सोशल साइट्स पर ग्रुप में वायरल कर दिये। इसका पता चलने पर महिला ने क्षुब्ध होकर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। इसके बाद महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।

पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी का कहना है कि बयान के आधार पर पुलिस ने माधो के खिलाफ महिला को खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## फर्जीवाड़ा करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बयाना, (निसं)।** बयाना कोतवाली पुलिस ने एक ट्रैक्टर को खुर्दबुर्द कर शडयंत्रपूर्वक तरीके से उसके बीमा का क्लेम उठाने के लिए लूट का फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के मामले में दो आरोपीयों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। कोतवाली प्रभारी हरीनारायण मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी भुसावर थाना क्षेत्र के गांव बल्लभगढ का वीरेन्द्र पुत्र जोरमल माली व महुआ थाना क्षेत्र के पितलिया बालाजी निवासी हरीसिंह माली पुत्र रज्जूलाल है। जिन्हें 3 साल पुराने मामले में गिरफतार किया है।

इस मामले में दो अन्य आरोपी रामअवतार धाकड निवासी इटामडा व भरतसिंह गुर्जर निवासी नगला तुला को पूर्व में गिरफतार किया जा चुका है इनके विरूद्ध एक फार्मट्रेक ट्रैक्टर के लूट की फर्जी कहानी तैयार कर ट्रैक्टर को खुर्दबुर्द करने व हेराफेरी कर बीमा की राशि हडपने के मामले में गिरफ्तार किया था। पेश दो आरोपी अब पकड में आ सके है।

# इनलाइन रोलर हॉकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन जोधपुर में 26 से 29 जुलाई तक

## मुख्यमंत्री के जोधपुर आने की संभावना, देश के आठ राज्यों के 350 खिलाड़ी भाग लेंगे

**जोधपुर, (कासं)।** भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ के निर्देशन में फेडरेशन कप 2022 इनलाइन रोलर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 जुलाई तक राजस्थान स्केट एसोसिएशन एवं जोधपुर स्केट एसोसियेशन के तत्वावधान में शाला क्रीड़ा संगम केंद्र गौशाला मैदान स्थित स्केटिंग रिंग में किया जाएगा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष रणवीर सिंह कच्छवाहा व आयोजन सचिव अजीत सिंह राठौड़ ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ की देखरेख में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भारत के रोलर एवं इनलाइन हॉकी की सर्वश्रेष्ठ 8 राज्यों की टीमें महिला एवं पुरुष वर्ग में भाग लेंगी। प्रतियोगिता में कुल 350 खिलाड़ी भाग लेंगे।

प्रतियोगिता के बैनर एवं पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा किया गया। आयोजकों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा खेल एवं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए जो विशेष प्रयास किए जा रहे हैं उसी कड़ी में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए नगर निगम जोधपुर उत्तर का सहयोग मिल रहा है। साथ ही इस विषय में जिला प्रशासन जोधपुर द्वारा भी सफल

- **प्रतियोगिता के आयोजन में नगर निगम जोधपुर का मिल रहा सहयोग**

आयोजन के लिए सहयोग किया जा रहा है। हॉस्पिटैलिटी पार्टनर के रूप में आरटीडीसी सहभागिता निभा रहा है।

संगठन के प्रदेश सचिव योगेंद्र खत्री ने बताया कि एक बार पुन: राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पूर्व वर्ष 2017 में भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ द्वारा 54वी राष्ट्रीय रोलर-इनलाइन हॉकी, अल्पाइन एंड डाउनहिल चैंपियनशिप का भव्य एवं सफलतापूर्वक आयोजन जोधपुर में किया गया था। जिसने भारत के 20 से अधिक राज्यों की टीमों के लगभग 2000 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

शहर में राष्ट्रीय स्तर के बैंक्ड ट्रैक की आवश्यकता है। जिस विषय में सरकार एवं खेल विभाग को कई बार आवेदन किया जा चुका है। बैंक्ड ट्रैक की कमी के चलते खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने से वंचित रह रहे हैं। यदि खिलाड़ियों को बैंक्ड ट्रैक की उपलब्ध हो जाए तो यहां से ख़िलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर सकते हैं।

# सी-स्कीम में 'स्काई ज़ा रेस्टोरेंट' पर पुलिस ने छापा मारा, संचालक-मैनेजर समेत 3 दबोचे

## बिना लाइसेंस ग्राहकों को देर रात तक अवैध तरीके से पिलाई जा रही थी शराब

- पुलिस की स्पेशल टीम ने सादा वर्दी में पुलिसकर्मी रेस्टोरेंट में भेजकर तस्दीक कराई, फिर छापा मारा
- आरोपियों के कब्जे से विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर की 34 पेटियां बरामद

**जयपुर** (कासं)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने सी-स्कीम में अग्रसेन सर्किल पर स्थित स्काई जा रेस्टोरेन्ट में छापेमारी कर संचालक समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस जब यहां पहुंची तो लोगों को अवैध तरीके से शराब पिलाई जा रही थी। पुलिस ने रेस्टोरेंट से विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर की 34 पेटियां व बिक्री के 2900 रुपये बरामद किए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) परिस देशमुख ने बताया कि सीएसटी ने अशोक नगर थाना इलाके के अग्रसेन सर्किल, सी-स्कीम स्थित स्काई जा रेस्टोरेन्ट में अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है। इस पर पुलिसकर्मी को सादा वर्दी में भेज कर तस्दीक करवाई गई और फिर इशारा मिलने पर छापेमारी की। पुलिस ने रेस्टोरेंट के मैनेजर मनीष कुमार (28) निवासी विधाधर नगर, संचालक पीयूष विजय (35) निवासी प्रताप नगर और दिनेश शर्मा (40) निवासी गोविन्दपुरी रामनगर सोडाला को गिरफ्तार किया है।



जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने सी-स्कीम में अग्रसेन सर्किल पर स्थित स्काई जा रेस्टोरेन्ट में छापेमारी कर संचालक समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों के कब्जे से विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर की लगभग 34 पेटियां एवं बिक्री की राशि 2900 रुपये बरामद की। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पीयूष विजय, मनीष कुमार व दिनेश शर्मा सिंह मूलतः जयपुर के निवासी है। आरोपित पीयूष विजय व दिनेश शर्मा स्काई जा रेस्टोरेन्ट के संचालक है, जबकि मनीष कुमार मैनेजर के पद पर कार्यरत है।

स्काई जा रेस्टोरेन्ट सी-स्कीम जैसे पॉश इलाके में होने के कारण देर रात्रि तक यहां ग्राहकों की आवाजाही रहती है। आरोपियों के पास रेस्टोरेन्ट में अवैध शराब का स्टॉक रखने व ग्राहकों को शराब पिलाने के लिए कोई लाइसेंस भी नहीं था।

# 'फिकल स्लज मैनेजमेंट' वैज्ञानिक रीति से कराएं : आवासन आयुक्त

## मानव मल प्रबंधन के लिए बैक्टीरिया उपयोग का पायलट प्रोजेक्ट प्रदेश के पांच शहरों में शुरू करेगा हाऊसिंग बोर्ड



हाऊसिंग बोर्ड के अफसरों ने बैक्टीरिया उपयोग से मानव मल प्रबंधन का प्रस्तुतीकरण कमिश्नर पवन अरोड़ा के समक्ष पेश किया।

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड अपनी विभिन्न आवासीय योजनाओं में जैविक एवं वैज्ञानिक माध्यम से मानव मल प्रबंधन (फिकल स्लज मैनेजमेंट) पर जोर देगा। मण्डल मल के समुचित निस्तारण की योजना पर काम करने जा रहा है। आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने स्वच्छ भारत अभियान- 2.0 को गति देने के उद्देश्य से दौराई, नायला, हनुमानगढ़, कोटपूतली एवं बड़ी सादडी की योजनाओं में इसका पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने के निर्देश दिये हैं। मण्डल के बोर्ड कक्ष में सोमवार को इस संबध में प्रस्तुतीकरण दिया गया।

प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि शौचालयों से निस्तारित अपशिष्ट मल लिक्विड एवं सॉलिड रूप में सेप्टिक टैंक में पहुंचता है। समुचित प्रबंधन के अभाव में मल समय के साथ ठोस रूप लेकर जलीय एवं भू-प्रदूषण का कारण बनता है।

प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि बैक्टीरिया के उपयोग से मानव मल का जैविक प्रक्रिया से निस्तारण संभव है। बैक्टीरिया के सहयोग से सेप्टिक टैंक में जमा सॉलिड फिकल स्लज को लिक्विड रूप में परिवर्तित किया जाना संभव है। इससे सेप्टिक टैंकों के आउटलेट से निकलने वाले प्रदूषण स्तर को 60 से 30 प्रतिशत तक घटाया जा सकता है।

आवासन आयुक्त ने स्वच्छ भारत अभियान की मंशा के अनुरूप मल के समुचित प्रबंधन एवं निस्तारण के उद्देश्य से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह योजना शुरू करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य अभियन्ता के.सी. मीणा, जी.एस. बाघेला, मनोज गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता नत्थूराम, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# श्री गुरु भागवत के राजस्थानी संस्करण और संगीतबद्ध सीडी का लोकार्पण

**जयपुर** । जेकेके के रंगायन सभागार में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में भक्ति प्रधान ग्रंथ श्री गुरु भागवत की राजस्थानी भाषा में अनुवादित पुस्तक एवं संगीतबद्ध सीडी का लोकार्पण किया गया। यह कार्यक्रम राजस्थान कल्चरल फाउंडेशन की ओर से तथा सीबीएस कल्चरल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री गुरु भागवत के मूल रचनाकार एवं आध्यात्मिक विचारक डॉ. चन्द्रभानु सतपथी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा (सेवानिवृत्त न्यायाधीश) इसके मुख्य अतिथि थे।

दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। राजस्थान कल्चरल फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी सुनील कठोतिया ने सभी का स्वागत किया और फाउंडेशन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। राजस्थान कल्चरल फाउंडेशन तथा सीबीएस कल्चरल फाउंडेशन द्वारा साथ मिलकर किए जा रहे सामाजिक कार्यों पर आधारित शॉर्ट फिल्म भी प्रदर्शित की गई। आईएएस राजीव चंद्र जोशी ने श्री गुरु भागवत के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया। इसके बाद मुख्य अतिथि अरुण कुमार मिश्रा, डॉ. चन्द्रभानु सतपथी और पद्मभूषण पं. विश्वमोहन भट्ट द्वारा श्री गुरु भागवत के राजस्थानी संस्करण एवं संगीतबद्ध सीडी का लोकार्पण किया गया।



जेकेके के रंगायन सभागार में सोमवार को भक्ति प्रधान ग्रंथ श्री गुरु भागवत का लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का आगाज किया।

# बदमाश ने युवक को चाकू से गोदकर लहुलुहान किया

**जयपुर** (कासं)। जयपुर में रविवार दोपहर एक युवक को चाकू से गोद दिया। लहूलुहान हालत में रोड पर गिरने पर स्कूटी सवार हमलावर मौके से फरार हो गया। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने गंभीर हालत में घायल को मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। पुलिस ने टीम की मदद से सबूत जुटाए है। पुलिस वारदातस्थल के आसपास लगे फुटेजों को खंगालने के हमलावर की तलाश कर रही है। डॉक्टर्स का कहना है कि घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि कालवाड़ रोड निवासी विजय सिंह पर जानलेवा हमला हुआ। वह विद्याधर नगर के क्रॉस मॉल में स्थित ट्रेवल्स कंपनी के ऑफिस में काम करता है। दोपहर करीब 2:30 बजे उसके मोबाइल पर एक युवक का कॉल आया। कॉल करने वाले युवक ने उसे ऑफिस के बाहर मिलने बुलाया। ऑफिस के नीचे रोड पर आने पर स्कूटी सवार युवक आया। महज कुछ मिनट इधर-उधर देखने के बाद जेब से चाकू निकाला। विजय सिंह के पेट में ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया।

लहूलुहान हालत में होने के बाद भी हमलावर से बचने के लिए विजय सिंह ने संघर्ष किया। विजय सिंह खून से लथपथ हालत में भागते हुए मॉल में जा घुसा। पीछे-पीछे हमलावर भी आया, लेकिन लोगों को इकट्ठा होते देखकर स्कूटी लेकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि चाकू से गोदने वाला हमलावर घायल युवक का परिचित है। घायल की हालत नाजुक है। होश आने पर हमलावर के बारे में पता चलेगा। हमलावर की तलाश के लिए फुटेजों को भी खंगाला जा रहा है।

## मिस एवं मिसेज लहरिया तीज प्रतियोगिता 6 को

**जयपुर** । सारस्वत महिला मंडल जिला जयपुर एलं लैंड मार्क आर्ट एंड मैनेजमेंट संस्था संयुक्त रुप से महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वारा लहरिया तीज उत्सव 6 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। इस दौरान मिस लहरिया तीज एवं मिसेज लहरिया प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। सारस्वत महिला मंडल की अध्यक्षा तथा डायरेक्टर लैंडमार्क आर्ट एंड मैनेजमेंट कुलदीप शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर महिलाओं के लिए राखी, मेहंदी, नृत्य की प्रतियोगिताएं रखी है। महिलाओं को तीज के श्रृंगार सहित लहरिया में आना होगा।

## सार-समाचार

### अरुण अग्रवाल और हंसराज अग्रवाल डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित



**जयपुर** (कासं)। दिल्ली स्थित इंडिया हैवीटेड सेण्टर (आई.एच.सी.) में थियोफेनी यूनिवर्सिटी, हैती(यूनाइटेड नेशन) के दीक्षांत समारोह में जयपुर के अरुण अग्रवाल को डॉक्टर ऑफ़ फिलोसोफी एवं हंसराज अग्रवाल को इंडस्ट्रियल टेक्निकल टेक्सटाइल में पी.एच.डी. की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इन दोनों शख्सियतो को डॉ. वरुण कपूर- वरिष्ठ आई.पि.एस. एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस मध्यप्रदेश एवं डॉ. नुपुर धमीजा- एक्स सी.बी. आई. ऑफिसर ने डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है की थियोफेनी युनिवर्सिटी द्वारा विभिन्न विषयो पर पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की जाती है साथ ही समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्तम कार्य करने वाले होनहार प्रतिभावान शक्श्यि शख्सियतों को भी पी.एच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया जाता है।

### जलमहल में कूदकर महिला ने जान दी

**जयपुर**। जयपुर जलमहल में सोमवार शाम एक महिला ने छलांग लगा दी। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से महिला को बाहर निकाला। जलमहल से बाहर निकालने से पहले ही पानी में डूबने से उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि शाम करीब 6:30 बजे एक महिला जलमहल की पाल पर घूम रही थी। कुछ देर टहलने के बाद उसने जलमहल में छलांगा लगा दी। पानी में महिला को कूदते देखकर वहां मौजूद लोगों में हड़कम्प मच गया। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम को मौके पर बुलाया। सिविल डिफेंस टीम ने जलमहल में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद महिला को जलमहल से बाहर निकाला गया। बाहर निकलकर जांच करने पर महिला की डेथ होने का पता चला। पुलिस ने मृतका की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हुई। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से शव को हॉस्पिटल की मॉच्यूरी भिजवाया। पुलिस मृतका की पहचान के साथ सुसाइड करने के कारणों का पता लगाने के प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि मृतका उमा जैन (60) गुर्जर घाटी की रहने वाली थी। वह कैंसर से पीड़ित थी। सोमवार को बेटा रमेश उन्हें दवा दिलाकर काम पर चला गया था। पीछे से उमा जलमहल आकर पानी में कूद गई। थोड़ी देर बाद बेटा उन्हें तलाशते हुए वहां पर आ गया। उसके बाद मृतका की शिनाख्त हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है।

### नियुक्तियां रहेंगी याचिका के निर्णयाधीन

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पटवारी भर्ती-2021 में अभ्यर्थियों की नियुक्तियों को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रखा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश रितेश कुमार व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत को बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के पटवारी भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की थी। चार शिफ्ट में हुई परीक्षा के बाद बोर्ड ने स्केलिंग पद्धति काम में लेते हुए परिणाम जारी किया। याचिका में कहा गया कि बोर्ड ने मनमाने तरीके से स्केलिंग को लागू किया है। स्केलिंग का उद्देश्य अभ्यर्थियों के अंकों को समान करना होता है, लेकिन इस परिणाम में पहली शिफ्ट में से सबसे अधिक 34 फीसदी अभ्यर्थियों का चयन हुआ किया गया। वहीं शेष तीन शिफ्टों में चयन कम होते-होते चौथी शिफ्ट में यह घटकर करीब 11 फीसदी ही रह गया। जिससे साबित है कि स्केलिंग पद्धित लागू करते समय तय प्रावधानों की पालना नहीं की गई। इसलिए बोर्ड की ओर से जारी परिणाम को रद्द कर तय प्रक्रिया अपनाते हुए नए सिरे से परीक्षा परिणाम जारी किया जाए। वहीं बोर्ड की ओर से कहा गया कि मामले में तय प्रक्रिया अपनाते हुए ही स्केलिंग पद्धित लागू की गई थी।

### अतिक्रमण को लेकर मांगा जवाब

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने दूदू तहसील के सुनारिया गांव में स्थित बैरवा सामुदायिक भवन पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई नहीं करने पर पंचायती राज सचिव, कलेक्टर और जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश प्रहलाद बैरवा व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता बाबूलाल बैरवा ने अदालत को बताया कि सुनारिया गांव में स्थित इस बैरवा सामुदायिक भवन पर दबंग लोगों ने कब्जा कर रहा है। इस संबंध में याचिकाकर्ताओं की ओर से स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ उच्चाधिकारियों को कई बार शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिका में कहा गया कि हाईकोर्ट ने वर्ष 2018 में यह तय किया था कि संबंधित जिला कलेक्टर के समक्ष अतिक्रमण हटाने के संबंध में अभ्यावेदन आने पर उसे तीन माह में तय किया जाए।

# व्यापार में साझेदारी के नाम पर लाखों रुपये ठगने वाला बदमाश उदयपुर से गिरफ्तार

- महाराष्ट्र के चालू बैंक खाते में डलवाता था रकम, उदयपुर में रहकर विड्रॉल करता
- आरोपी ने फर्जी आधार कार्ड महाराष्ट्र के पते पर बनवाई और उसी की मदद से अपनी फर्म का वहां रजिस्ट्रेशन भी कराया था

**जयपुर** (कासं)। स्पेशल ओफेंसेज एंड साइबर क्राइम पुलिस ने व्यापार करने का झांसा देकर लाखों रुपये ठगने वाले शातिर बदमाश को उदयपुर से गिरफ्तार किया है। जांच पड़ताल में सामने आया कि आरोपित ठगी की राशि को अपने बैंक खातों में डलवा कर एटीएम विड्रॉल करता है। फिलहाल आरोपी से उसके अन्य सहयोगियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अजय पाल लांबा ने बताया कि स्पेशल ओफेंसेज एण्ड साइबर क्राइम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नीको बी टू नामक पदार्थ की साझेदारी में व्यापार करने का झांसा देकर 2 लाख 50 हजार रुपये की ठगी करने वाले शातिर ठग विष्णु यादव (32) निवासी राज नगर जिला राजसमंद हाल फतेहनगर जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित बिजनेस में साझेदारी करने का प्रस्ताव देकर लोगों से लाखों रूपये की ठगी कर पैसे खुद के आईसीआईसीआई महाराष्ट्र के चालू खाते में डलवा कर उदयपुर से विड्रॉल करता है। आरोपी ने यह खाता खुलवाने के लिए नया आधार कार्ड महाराष्ट्र के पते पर बनवाया था। जिसका प्रयोग कर फर्म का रजिस्ट्रेशन महाराष्ट्र के पते पर ही करवाया । बैंक खाते की जांच पड़ताल करने पर लाखों रूपये का फर्जी लेन-देन होने की जानकारी मिली है। फिलहाल आरोपी से इस तरह की ठगी में लिप्त अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में गत 30 अप्रेल 2019 को पीडित सौरभ गोयल ने मामला दर्ज करवाया था कि उसके पास वेस्ट अफ्रीका से मारकिशोन काफी नाम के एक व्यक्ति ने मैसेज कर नीको बी टू नामक पदार्थ की साझेदारी में व्यापार करने का झांसा दिया और सेम्पल पास करने की कहकर 2 लाख 50 हजार रुपये की ठगी की थी। जिसके बाद पीड़ित ने स्पेशल ओफेंसेज एण्ड साइबर काईम थाना जयपुर में मामला दर्ज करवाया गया था।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या 200 से नीचे आई

## राज्य में सोमवार को 76 मामले कम मिलने के बाद 146 नए संक्रमित सामने आए हैं

- इससे पहले, राज्य में शनिवार और रविवार को इनकी संख्या सवा दो सौ के करीब पहुंच गई थी।
- पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 44 नए मरीज जयपुर में मिले हैं।
- राज्य में सोमवार को करोना से एक और मरीज की मौत हो गई है।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रदेश में पिछले दो दिनों से दो सौ से अधिक करोना संक्रमित मिलने के बाद सोमवार को इनकी संख्या में थोड़ी गिरावट आई है। इस दौरान राज्य में 146 नए संक्रमित मिले हैं। हालाकि इस बीच एक मरीज की मौत हो गई है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में रिकवरी बढ़ने से एक्टिव घटकर 1333 रह गए हैं। राज्य में औसत टेस्ट पॉजिटिविटी रेट भी बढ़कर 3.50 के करीब पहुंच गई।

प्रदेश में सोमवार को 76 मामले कम मिलने के साथ ही 146 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले रविवार को 222 और शनिवार को 220 रोगी पाए गए थे।

इधर राजधानी जयपुर में आज फिर सबसे ज्यादा 44 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 22, उदयपुर में 15, सिरोही में 13, अजमेर में 10, बीकानेर में 9, राजसमंद, अलवर व भीलवाड़ा में 5-5, झालावाड़ में 4, दौसा और सीकर में 3-3, प्रतापगढ़ में 2 तथा बारां और श्रीगंगानगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 17 जिलों बांसवाड़ा, बाड़मेर, भरतपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चूरू, धौलपुर, डूंगरपुर, जैसलमेर, जालोर, झुंझुनूं, करौली, कोटा, नागौर, पाली, सवाई माधोपुर और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में सोमवार को एक बार फिर रिकवरी में सुधार हुआ है। इस दौरान 155 मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में नए संक्रमितों के मुकाबले में अधिक रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 1333 रह गए हैं। वहीं राजधानी जयपुर में भी 51 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 399 रह गए हैं।

उधर जोधपुर में 270 और बीकानेर में 168 केस मौजूद है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से बीकानेर में एक मरीज की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9573 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में सोमवार को सबसे ज्यादा 9 नए संक्रमित मालवीय नगर में मिले हैं।

इसके अलावा सांगानेर में 4, जगतपुरा, वैशाली नगर में 3-3, दुर्गापुरा, गांधी नगर, मानसरोवर, विद्याधर नगर व वार्ड नंबर 56 में 2-2 तथा आदर्श नगर, अजमेर रोड, बजाज नगर, सिविल लाइन्स गोपालपुरा, जवाहर नगर, झोटवाड़ा, कोटपूतली, लाल कोठी, एमआई रोड, निर्माण नगर, शास्त्री नगर, सोड़ाला और सुभाष चौक में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं एक संक्रमित का पता गलत मिला है।

# बच्ची के अपहरण की झूठी सूचना पुलिस को देने वाले मां-बाप और भाई गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। शिवदासपुरा पुलिस ने बालिका की अपहरण की झूठी सूचना देने के मामले में बालिका के पिता रामनिवास, मां काली देवी और भाई सुरेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बालिका को करौली से दस्तयाब कर लिया है।

थानाधिकारी हरिपाल सिंह ने बताया कि 16 जुलाई को सूचना मिली थी कि सपेरो की ढाणी गोनेर की रहने वाली एक बालिका अपहरण हो गया है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जांच पड़ताल करते हुए बालिका के पिता से पूछताछ की तो सामने आया कि उसके बेटे सुरेश की शादी तुंगा मे हुई थी। सुरेश की पत्नी को उसके पीहर वाले भेज नहीं रहे है और उन पर कोर्ट में मुकदमा कर रखा है। साथ ही उन्हें धमकी दी है कि वह उनके बच्चों को उठा ले जाएंगे। जिस पर बालिका की तलाश के लिए एक टीम तूंगा रवाना कि गयी, परन्तु गोनेर और तुंगा में बालिका नहीं मिलने पर परिजनों से सख्ती से पूछताछ की गई तो पिता ने बताया कि उसने अपनी बेटी को खुद के ससुराल करौली भेज दिया व उसके अपहरण का इल्जाम उसके बेटे के ससुराल वालों पर लगाकर उनको जेल भिजवाना चाहते थे। इस पर पुलिस टीम को करौली रवाना कर बालिका को उसके ननिहाल से सकुशल दस्तयाब किया।

# समाज निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी है शिक्षक : प्रो. चटर्जी

**जयपुर** । यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर के उदयपुरिया मोड स्थित कैंपस में आज 18 जुलाई को "शिक्षक सम्मान समारोह-2022" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व निदेशक महेंद्र कुमावत-(बीएसएफ)आईपीएस (सेवानिवृत्त), रमेश अग्रवाल- रोटरी क्लब जिला गवर्नर, यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो बिस्वेजॉय चटर्जी, रजिस्ट्रार प्रदीप कुमार शर्मा, डीन अनिरुद्ध मुख़र्जी आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो डॉ.बिस्वेजॉय चटर्जी ने बताया की कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल से लगभग 125 प्राचार्य/निदेशक व 250 शिक्षकों ने शिरकत की। यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा जगत के उत्कृष्ठ शिक्षक मुखिया व उत्कृष्ठ शिक्षक को शिक्षा के छेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर मंच के माध्यम से सम्मानित करना है और साथ ही साथ उन्हें मोटीवेट करना है जिससे की आगे भी बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने में अपनी महतवपूर्ण भूमिका अदा करते रहें। रजिस्ट्रार प्रो डॉ.प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया की शिक्षकों के अमूल्य योगदान के लिए हमारा समाज सदैव ऋणी रहेगा। हम अभी क्या है और समाज की बेहतरी केलिए हम क्या करेंगे, यह इस बात पर निर्भर करता है की शिक्षक हमे किस प्रकार से पढ़ा रहे है। हमारे वर्तमान समय में शिक्षकों, अभिभावकों और माता पिता से अधिक ध्यान सहानुभूति और समर्थन की आवश्यकता होती है और शिक्षक ही है, जो हमेशा अपने विद्यार्थियों के भविष्य को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। महेंद्र लाल कुमावत ने बताया कि शिक्षक समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते है जहाँ बच्चे के मानसिक विकाश को आधार मिलता है। बिना शिक्षक जीवन रुपी सफर में ज्ञान प्राप्त करना मुश्किल ही नहीं नामुंकिन है। एक शिक्षक ही है जो एक बच्चे को सही मार्ग दिखाता है उसको जीवन जीना सिखाता है क्योंकि बिना ज्ञान के जीवन भी अधूरा है अतः जीवन जीने के लिए ज्ञान प्राप्त करना जरुरी है और ज्ञान प्राप्त करने के लिए जीवन में शिक्षक का होना भी उतना ही जरूरी है।



यूईएम यूनिवर्सिटी में सोमवार को शिक्षकों का सम्मान हुआ।

# 'जलदाय इंटक करेगा आंदोलन'



**जयपुर** । प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक जयपुर की आमसभा सोमवार को जलदाय चौकी तिलक नगर में हुई।

यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित मांग स्थायीकरण, लिवरेज में बढ़ोतरी, ओवर टाइम, नई भर्ती जैसे विषयों को लेकर आंदोलन किया जायेगा। यूनियन के जिला अध्यक्ष ताराचंद सैनी महामंत्री रामधन सैनी ने जयपुर शहर के प्रत्येक 8 खंड स्तर पर खण्डिय अध्यक्ष व महामंत्री नियुक्त किये। दक्षिण जयपुर में खण्ड प्रथम में अध्यक्ष शिवचरण गुर्जर, खंड द्वितीय में गंगासहाय मीणा और खण्ड तृतीय में महेश विजय को नियुक्त किया है। जबकि खंड चतुर्थ में फिलहाल यह पद लंबित है। इसी प्रकार उत्तर जयपुर से खंड प्रथम में नरेंद्र यादव को, खंड द्वितीय में रमेश गुर्जर, खंड तृतीय में विनोद कुमार मीणा और खंड चतुर्थ में रमेश सैनी को अध्यक्ष बनाया है।



## World Product Day

Products are one of the main aspects of businesses everywhere that helps keep people moving and the economy growing. However, how products are developed and how resources are used can be a tricky thing to understand, especially in the global context. If you work in an industry where your products affect the lives of individuals each day or are just looking to understand how the product industry works, then check out this day known as World Product Day, a day dedicated to helping others share their experiences in the economy through their company jobs.



#MIND&BODY

The study demonstrates that some regions of the cerebral cortex involved in cognitive processing and mood show sensitivity for light intensity.

# How Light Affects Our Mood



New findings clarify how quantity and quality of light affect mood. In a new study published in the Proceedings of the National Academy of Science, the research team used functional MRI to reveal how light-intensity signals reach the brain, and how brain structures involved in mood process those signals.

The study demonstrates that some regions of the cerebral cortex involved in cognitive processing and mood show sensitivity for light intensity.

The discovery has implications for understanding mood problems like seasonal affective disorder and major depressive disorders, as well as how to treat them, says lead study author Jerome Sanes, a Brown University professor of neuroscience affiliated with the university's Carney Institute for Brain Science.

"Identifying this pathway and understanding its function might directly promote development of approaches to treat depression, either by pharmacological manipulations or non-invasive brain stimulation in selected nodes of the pathway or with targeted bright-light therapy," Sanes says.

### Goggles & Brain Scans

The findings build on previous research by study co-author David Berson, professor of neuroscience, who in 2002 discovered special light-sensing cells in the eye. Unlike rods and cones, these "intrinsically photosensitive retinal ganglion cells" are not involved in what's known as "object vision" or "form vision," Sanes says, but mainly function to sense light intensity.

Prior research, some of it by Berson, found that some animals have a mood-regulating neural pathway linking these photosensitive retinal cells to areas in the prefrontal cortex involved in mood disorders. Sanes says that the new study was designed to determine whether a similar pathway existed in humans and whether they could find evidence that the pathway had functional similarity to the light-sensitive retinal ganglion cells.

To determine whether a light-intensity-encoding pathway modulates the human prefrontal cortex, the researchers used functional MRI to explore whole-brain activation patterns in 20 healthy adults.

In a relatively simple experiment, according to Sanes, participants viewed four different levels of light intensity through goggles that diffused light and eliminated visual shapes, colours, and other objects in the environment. Participants viewed light intensities ranging from dark to bright, for 30 seconds each. To keep them alert, they concurrently performed an auditory task requiring them to state the difference between two tones.

### Within The Brain

By assessing the functional MRI images taken during the exercise, the researchers identified 26 human brain regions where activity either decreased or increased in accordance with light-intensity. This "luxotonic-related activation" occurred across the cerebral cortex, in diverse subcortical structures, and in the cerebellum, encompassing regions with functions related to visual image formation, motor control, cognition, and emotion.

They found that light suppressed activity in the prefrontal cortex in proportion to the light intensity. The light-evoked responses in the prefrontal cortex and their alteration by prior light exposure resembled the responses of the intrinsically photosensitive retinal ganglion cells.

It's well-known that changes in ambient lighting that do not necessarily have anything to do with form or object vision influence various basic functions, such as circadian rhythms, visual-reflexes, mood, and likely cognitive processing, Sanes says. However, it had remained unclear how these light-intensity signals reached the relevant areas of the human brain.

In this study, the researchers showed that the prefrontal regions of the human brain have light-sensitive signals, and that these signals are similar to intrinsically photosensitive retinal ganglion cells-which together, Sanes says, may explain the effects of light intensity on complex emotional and cognitive behaviours.


"The findings from our study offer a functional link between light exposure and prefrontal cortex-mediated cognitive and affective responses," Sanes says.

### Mood Disorders

One next logical question to ask, Sanes says, concerns how light affects these same brain pathways and regions in people with mood disorders like seasonal affective disorder or major depressive disorders.

"How does that compare to a control group of healthy people not diagnosed with these disorders?" he asks. "Does light activate the same regions, and if so, are these regions more or less sensitive to light activation? What is the magnitude of difference in the effect? This is an area of ongoing investigation," he says, adding that the answers could inform the development of therapeutic treatments for mood disorders.

Michael Worden from Brown's Department of Neuroscience and Carney Institute for Brain Science also contributed to this research, as did researchers from the Hebrew University of Jerusalem.



# Jahangir Intimately knew His Animals (...2)

Once Jahangir was away from Agra for few days and when he came back one of his pet lion saw him and ran to meet his owner escaping clutches of care takers into the Deewan-e-Aam. Soon chaos ensured and commoners and ministers alike were running helter shelter afraid of a huge lion running in Deewan-e-Aam during a crowded court time. Finally Jahangir had to get down from his Emperor's seat and calm the lion and the lion refused to go back into the lion stable at any cost. Thus Jahangir and the courtiers had another royal company by their side through the day's court proceedings as the lion refused to be coaxed back from Deewan-e-Aam leaving his owner and the proceedings could not be stopped to allow Jahangir to go back to his palace taking his lion along.



Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*


Once someone told Jahangir that lion and tigers cannot change their true nature and will kill any human if given an opportunity. So Jahangir kept his home bred lions and tigers in his bedroom for many months and even in his Dewan-e-Khas and none tried to kill him.

Another incident mentioned about Jahangir's pet love is about his pet lion. Once Jahangir was away from Agra for few days and when he came back one of his pet lion saw him and ran to meet his owner escaping clutches of care takers into the Deewan-e-Aam. Soon chaos ensured and commoners and ministers alike were running helter shelter afraid of a huge lion running in Deewan-e-Aam during a crowded court time. Finally Jahangir had to get down from his Emperor's seat and calm the lion and the lion refused to go back into the lion stable at any cost. Thus Jahangir and the courtiers had another royal company by their side through the day's court proceedings as the lion refused to be coaxed back from Deewan-e-Aam leaving his owner and the proceedings could not be stopped to allow Jahangir to go back to his palace taking his lion along.

It was common for Jahangir to take his pet lion/tiger for meetings with ambassadors and other emperors. But having a lion perched on emperor's seat next to its owner Jahangir in Deewan-e-Aam was an uncommon sight for Agra citizens and nobles. The Christian priests recorded this incident in their letters. Many Mughal paintings depict Jahangir with lion on stroll while meeting Persian ambassador etc.

Jahangir was a curious naturalist and had keen sense of observation. ***Jahangirnama is filled with observations about animals.***

On this day Salbahan arrived from Burhanpur and exhibited to my view my late brother Danyal's horses and elephants. One of the elephants he had brought was named Mast-i-Alast. I liked its looks, so I named it Nur Gaj. An amazing thing was witnessed in this elephant. Beside both ears were bumps the size of small watermelons, and there was also a bump on the place where fluid drips out from elephants when they are in rut. The bump on its forehead was larger than has been seen in other elephants. I thought it looked very handsome and awe-inspiring.



Jahangir & Abbas I.

Having a lion perched on emperor's seat next to its owner Jahangir in Deewan-e-Aam was an uncommon sight for Agra citizens and nobles.



## #AKBARNAMA

***He was a keen and expert hunter too as noted in Jaghangirnama***

On Monday the fourteenth [February 20], while on the road, it was heard that two Mar. i 607-Mar i 608 91 lions were menacing travellers between Panipat and Karnal, I got my elephants together and set out. When I reached the place they had been spotted, I got on a female elephant and ordered the other elephants to encircle the lions as a qamargha. By God's grace I shot them both and eliminated the evil of these two, which had blocked the people's way.

***This is what he wrote about his pet turkey that he got as gift:***

Although His Majesty Firdaws-Makani [Babur] wrote in his memoirs of the shapes and forms of some animals, apparently he did not order the artists to depict them. [85a] Since these animals looked so extremely strange to me, I both wrote of them and ordered the artists to draw their likenesses for me, the Jabanginuvna so that the astonishment one has at hearing of them would increase by seeing them in form. One of the animals was larger in body than a peahen and significantly smaller than a peacock. Sometimes when it displays itself during mating it spreads its tail and its other feathers like a peacock and dances. Its beak and legs are like a rooster's. Its head, neck, and wattle constantly change color. When it is mating they are as red as can be-you'd think it had all been set with coral. After a while these same places become white and look like cotton.





Sometimes they look turquoise. It keeps changing colour like a chameleon. The piece of flesh it has on its head resembles a cock's comb. The strange part about it is that when it is mating, the piece of flesh hangs down a span from its head like an elephant's trunk, but then when it pulls it up it stands erect a distance of two fingers like a rhinoceros' horn. The area around its eyes is always turquoise-coloured and never changes. Its feathers appear to be of different colours, unlike a peacock's feathers.

***He even made his elephant caretaker a Raja, Quote from Jahangirnama***

Kishan Das, the overseer of the elephant department and stable who had held the two offices since His Majesty Arsh-Ashyani's time and who had been hoping for a long, long time to be made a raja, was awarded the title of raja and given a rank of 1000

***Jahangir's elephants bitten by mad dog, quote from Jahangirnama***

I knew that any animal bitten by a mad dog would certainly die, but until now it wasn't known to be true of elephants. One night during my reign, however, a mad dog got into the area in which one of my personal elephants, Kachhi by name, was tied and bit the leg of the female elephant that was my elephant's companion. [95b] The female immediately roared, and the elephant keeper came running and drove the dog away into a thorn brake in the vicinity. A little later it came back out, went to my elephant, and bit it again on the leg. The elephant stepped on the dog and killed it. One cloudy day a month and five days later, a clap of thunder hit the female's ear while it was grazing. All at once it bellowed, its limbs began to tremble, and it threw itself on the ground. It got up again, but it drooled for seven days until suddenly it bellowed in distress. No treatment the elephant keepers tried, did any good. On the seventh day it fell down dead. One month after the female elephant's death they were taking the male to the fields by the river bank, and it was cloudy and thundering again. In a rage the elephant began trembling and sat down on the ground. The keepers brought it home, showing every sort of kindness and concern, but after the same period of time and in the same way the female had died this one died too. Such an occurrence was astonishing. It is truly amazing that an animal with a body so large and big could be affected so by a wound inflicted by an animal so small

During a hunt he had spotted a deer and tried to kill it, but accidentally killed his own favourite, Mansraj. The emperor becomes so sad that he ordered to bury deer in the ground where it died and build a tower called Hiran Minar. This is a very rare example of love towards a pet, a gesture of love towards wildlife in a time when the western world was even not familiar with such intentions.

***Jahangir loved being with his pet animals when they gave birth to baby animals and observed it closely***

On the eve of Sunday the eleventh of Tir [circa June 22], a female elephant from my personal stable gave birth in my presence. I had repeatedly ordered investigation made into the length of an elephant's gestation. Finally it was learned that a female was in the mother's womb for one year and six months, while a male was there for nineteen months. In contrast to human babies, which usually come from the mother's womb head first, an elephant calf usually comes out feet first. When the calf was separated from the mother, the mother kicked dust on it with her feet and began to show love and reassure it. The calf remained down for an instant, and then it got up and went for the mother's udders.

***Jahangir's tribute to his pet a tomb to rival Taj Mahal in middle of river in Lahore***

Hiran Minar was built at the site of a game reserve in honours of Mughal Emperor Jahangir's pet antelope, due to his fondness of nature and relationship between human's pets and hunting. Therefore, Hiran Minar was built during the reign of the Mughal Emperor Jahangir in a hunting reserve used by the Mughal royals. During the region of Emperor Salim from 1605 to 1627, Sheikhupura had the status of a royal hunting ground. The minaret itself was built in 1606 as a monument to Emperor Jahangir's beloved pet antelope, Mansiraj, or "Light of the Mind". Who had been trained to lure wild animals to the tank in order to be hunted? The practice of building such tomb-markers over the skulls of game animals is an ancient Persian custom. Mughal Emperor Jahangir ordered a tower and a grave to be made for his deer, Mansraj. During a hunt he had spotted a deer and tried to kill it, but accidentally killed his own favourite, Mansraj. The emperor becomes so sad that he ordered to bury deer in the ground where it died and build a tower called Hiran Minar. This is a very rare example of love towards a pet, a gesture of love towards wildlife in a time when the western world was even not familiar with such intentions.

***Concluded***

writetoarbit@rashtradoot.com



Hiran Minar near Lahore.

## #EVENT

In an intense book session, the 13-year-old child prodigy poet, Dania Khan, took one on an incredible poetic sojourn. In conversation with Jaipur's Indo-English poet, Jagdeep Singh, at the Ashok Club in Jaipur, the young poet touched on aspects of Greek Mythology, death, loneliness, fear, guilt, etc.

# An Evening of Poetry and Awe



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*



Dania Khan in conversation with Jagdeep Singh.

Meet Dania Khan. She is all of 13 years old and is already a published poet. That surely is no mean feat! Her poetry anthology 'Labyrinth', published by Rupa Publications, has as many as 50 poems. And if that's not intriguing enough, the foreword of her anthology has been written by the renowned author, Ruskin Bond. "With Dania's collection of poems I was mesmerized by her observation, her lyrical interpretation of things. In some of the poems, the reader might feel himself/herself submerged in the whirlpool of conflicting emotions while in some, the reader will feel emancipated. Such is the young poetess's construct of words that it leaves you both chained and liberated, all at once", writes the noted author for the prodigy poet.

The Jaipur poet, who is studying in Mumbai currently, was recently in the Pink City to discuss her debut poetry book. In conversation with Indo-English poet and writer, Jagdeep Singh she threw light on where she derives her inspiration from, her journey as a poet, her future plans and much more. Below are some interesting excerpts from their conversation:



Dania Khan.

### From the lens of an 'almost teenager'

Even though Dania started writing at the age of 8, her tryst with writing poetry took place at the age of 10. However, most of the poems in her anthology were written during the lockdown when she was between the age of 11 and 12 years. "At the age of 11 and 12, one is at the threshold of teenage. It is an age when you are not a child and have started almost maturing. One starts seeing the world through a different lens - not that of parents or friends but through your own lens. The poetry stems from both my imagination and my observations of the world around", shares Dania.

The process of getting her poetry anthology was not a cakewalk though. "Many publishers were not keen on a child author and some were even averse to the idea of publishing poetry, in general", tells Dania while talking about the process of getting her book published.

### Poetry based on a multitude of themes

Touching themes like Greek Mythology, love, darkness, grief, death, Dania's poetry reflects a deep and realistic understanding of the vicissitudes of life. Her poems also give references to nature like leaves, grass, nectar, trees, moon, etc. Like Wordsworth, Dania also feels there is a divine element in nature if only one can perceive it. In fact, the poet also takes inspiration from the great bard, Shakespeare to write her poetry. "Shakespeare's plays, even the tragedies, are elegant and I have tried to bring that elegance into my poems. Even though his tragedies may have blood and gore but they have a sense of elegance in them as there is an emotion attached in that violence", tells Dania.

Even a cursory glance through her book, brings out Dania's fascination with nature. In her 50 odd poems, there are as many as forty references to nature ranging from leaves, trees, nectar, stars, moon, grass etc. Elaborating on her ardent love for nature, Dania says: "In addition to writing, I also love to paint and draw. And when I am drawing nature comes easy to me as compared to human faces or figures. So my captivation for nature stems from there. It feels ethereal and almost divine to me. Moreover, nature can also be perceived and interpreted in many different ways. I try to incorporate that feature of nature in my poetry."

### The Process of Writing Poetry


On being asked about her writing process, Dania said: "A poem comes when it comes. When it comes, it is very natural but if the inspiration does not come I cannot write. I seldom revise my poetry. During the publishing process, I might move some words here and there but that's about it. "While answering a question from the audience on what happens if a poem comes to her during an ongoing class, she said that she always keeps a notebook in her bag to scribble her ideas and thoughts and if something strikes during her school hours, she makes it a point to quickly jot it down and hones it later at home.

While talking about her favourite poet, Dania revealed that she loves to read poet Pablo Neruda's original work in Spanish. A blogger and social media influencer who loves to review books on Instagram, Dania is also passionate about astro physics and quantum physics. Currently, she is writing short stories as well.




A view of the audience.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# राजस्व कर्मचारी बैठे धरने पर, तहसील व पटवार कार्यालय मे काम काज रहा बाधित

## अतिक्रमण की रिपोर्ट बना कर देने पर पटवारी को जान से मारने की धमकी मिली



राजस्व कार्मिकों ने धमकी देने के विरोध में प्रदर्शन किया।

■ राजस्व सेवा परिषद की ओर से पैन डाउन हड़ताल कर तहसील कार्यालय के सामने नारेबाजी कीं गई

**खेतड़ी,** (निसं)। अतिक्रमण की रिपोर्ट बना कर देने पर पटवारी को जान से मारने की धमकी व गाली–गलौज के मामले ने तूल पकड लिया है।

सोमवार को राजस्व सेवा परिषद की ओर से पैन डाउन हड़ताल कर तहसील कार्यालय के सामने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से तहसील व पटवार कार्यालयों में कामकाज बाधित हो गया तथा अपने काम के लिए आने वाले लोग कार्यालयों के चक्कर लगाते रहे। धरने पर बैठे तहसीलदार विवेक कटारिया ने बताया कि हल्का पटवारी कालियासर व अलसीसर पटवारियों की टीम का गठन कर तहसीलदार ने सीमा ज्ञान करने के निर्देश दिए थे। जिस पर पटवारियों द्वारा मौका रिपोर्ट कर अवैध रूप से अतिक्रमण होना पाया। जिस पर आरोपी ईशाक मोहम्मद पंचायत भवन अलसीसर आया और पटवारी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए रिपोर्ट फाड़ने की कोशिश की तथा जान से मारने की धमकी दी।

इस संबंध में अलसीसर पटवारी ने राजकार्य मे बाधा पहुंचाने व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज करवाया था। थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी आरोपी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस बात को लेकर जिलेभर के राजस्व कर्मचारियों ने तीन दिन पूर्व जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी तथा कार्यवाही नहीं होने पर सोमवार को हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी। आरोपी के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं होने पर तहसीलदार, गिरदावर, पटवारी व राजस्व सेवा परिषद के सभी कर्मचारियों ने नारेबाजी कर विरोध जताया व आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हुए तहसील कार्यालय के आगे विरोध प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गए। विरोध कर रहे राजस्व सेवा परिषद के कर्मचारियों ने पटवारी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर पटवारी सुमेर सिंह, पप्पू लाल गिरदावर, कानूनगो राजेश, अमित कुमार, सुनील ढाका, मुकेश कुमार, मदनलाल दौराता, सूरजमल सैनी, वीरेंद्र कुमार, सत्यवीर, रामस्वरूप सैनी, रिंकू सैनी सहित राजस्व सेवा परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे।

# चोरी करने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

## करीब दो दर्जन से अधिक वारदातों को दे चुके हैं अंजाम



भरतपुर में थाना उद्योग नगर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

■ साईलेन्सर के अन्दर लगी प्लेटिनियम मिट्टी की वास्तविक कीमत करीब 80 हजार रूपये है

■ चोरी करने के बाद करीब 10-15 हजार रूपये में बेच देते हैं

**भरतपुर,** (निसं)। थाना उद्योग नगर पुलिस ने ईको गाडी के साईलेन्सर को प्लेटिनियम मिट्टी के साथ चोरी करने वाली अन्तर्राज्यीय संगठित गैग के तीन सदस्य गिरफ्तार किए। आरोपियों ने करीब दो दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुके है। साइलेन्सर के अन्दर लगी प्लेटिनियम मिट्टी की वास्तविक कीमत करीब 80 हजार रूपए है चोरी करने के बाद करीब 10-15 हजार रूपए में बेच देते है।

एसपी श्याम सिंह ने बताया कि भरतपुर जिले में षांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने, समाज में भय पैदा करने वाले अपराधियों और सम्पत्ति सम्बन्धी प्रकरणों में फरार चल रहे हैं एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु एक विषेश अभियान चलाया जा रहा है, उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) भरतपुर चन्द्रप्रकाश शर्मा आरपीएस एवं सहायक पुलिस अधीक्षक वृत ग्रामीण भरतपुर बृजेश ज्योति उपाध्याय आईपीएस के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये ईको गाडी के साईलेन्सर और उसके अन्दर लगी प्लेटिनियम मिट्टी को चोरी करने वाली संगठित गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुयी है।

एसपी श्याम सिंह ने बताया 15 मार्च को पुष्पेन्द्रकुमार पुत्र हिम्मतसिंह जाति जाट निवासी तुहिया थाना उद्योगनगर ने रिपोर्ट दर्ज करवायी कि 14 मार्च शाम करीब 6 बजे में बाहर आया था। मेरे पास ईको गाडी है।को मैंने अपने घर के सामने खडी की थी। आज सुबह करीब 7 एएम पर गाडी को बाहर जाने के लिए चालू किया तो उसकी आवाज विभिन्न प्रकार से आई मैंने देखा तो गाडी का साईलेन्सर नही था। साईलेन्सर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। इसका पुलिस थाना उद्योगनगर भरतपुर पर मामला दर्ज किया गया।

एसपी ने बताया शहर भरतपुर और उसके आस-पास ईलाके से ईको गाडी से साईलेन्सर चोरी होने की कई वारदातें सामने आयी जिस पर एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा इस प्रकार की वारदातों को अंजाम देने वाले आदतन अपराधी एवं पूर्व में चालानशुदा बदमाशानों पर निगरानी जारी रखी गयी। मुखबिर मामूर किये गये जिसपर मुखबिर खास ने बताया कि इस प्रकार की वारदातों को एक गैंग द्वारा अंजाम दिया जा रहा है, जो वारदात करने के बाद उसके माल को आगरा और अन्य शहरों में बेच देते हैं। जिनको चिन्हित किया जाकर उनकी तलाश की गई। विशेष टीम द्वारा कडी से कडी जोडते हुये अथक प्रयास कर ईको गाडी से लाईसेन्सर चोरी करने वाली गैंग के दो सदस्यों सस्पेन्द्र कुमार व विकाससिंह को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किये गये सस्पेन्द्रकुमार एवं विकाससिंह ने पूछताछ पर बताया कि हमने अपनी गैंग के सदस्यों के साथ शहर भरतपुर और उसके आस-पास के इलाके एवं उत्तरप्रदेश इलाके से इसप्रकार ईको गाडी से उसके साईलेन्सर और उसके अन्दर लगी रहने वाली प्लेटिनियम मिट्टी की करीब दो दर्जन से अधिक वारदातें की जा चुकी हैं। पूछताछ पर बताया कि हम ईको गाडी को किराये पर कर लेते हैं और उसके ड्राईवर को रास्ते में खाना खिलाने, चाय-पानी पिलाने, नाश्ता कराने या अन्य प्रकार की बातों में लगाकर गाडी से थोडी दूरी पर ले जाते हैं और गाडी पर एक-दो व्यक्ति रूक जाते हैं वह पीछे से गाडी के साईलेन्सर को खोल लेते हैं और उसके स्थान पर अपने साथ पूर्व से रखे हुये साईलेन्सर को लगा देते हैं। ड्राईवर को इसके बारे में पता नही चलता है। उसके बाद यह गैंग उस साईलेन्सर में से प्लेटिनियम मिट्टी को निकाल लेती है और अपनी गैंग के सदस्य पप्पू खान निवासी आगरा को 10-15 हजार रूपये में बेच देते हैं। पप्पू खान की तलाश कर उसको गिरफ्तार किया गया। ईको गाडी से चुराये गये प्लेटिनियम मिटटी की बरामदगी की गई। पप्पू खान से पूछताछ की गई तो अपनी गैंग के अन्य सदस्य पानीपत (हरियाणा) निवासी एक व्यक्ति को ईको गाडी के साईलेन्सर के अन्दर की प्लेटिनियम मिट्टी को कई बार बेचना बताया है। इस प्रकार उक्त बदमाशों द्वारा एक संगठित गैंग बनायी जाकर ऐसी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। जिनके द्वारा करीब दो दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है। गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। इस मामले में पुलिस ने सस्पेन्द्र कुमार पुत्र बाबूलाल जाति जाट उम्र 31 साल निवासी नरायना कटता थाना सदर डीग हाल हनुमानजी मन्दिर के सामने वाली गली बृज बिहार कोलोनी भरतपुर थाना मथुरागेट भरतपुर। पूर्व में भी ईको गाडी के साईलेन्सर चोरी करने के मामले में गिरफ्तार हो चुका है।

# देखरेख के अभाव में उजड़ा सार्वजनिक पार्क



बदहाल हालत में सुभाष चौक स्थित एजे खत्री सार्वजनिक पार्क।

■ सुभाष चौक स्थित पार्क की अव्यवस्था का मामला

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले की मंडावा नगरपालिका पार्षद सपना शर्मा व भाजपा मीडिया प्रभारी संदीप शर्मा ने मंडावा चेयरमैन व ईओ को पत्र भेजकर सुभाष चौक स्थित पार्क की व्यवस्था को दुरूस्त करवाने का आग्रह किया है।

पत्र में उल्लेख किया है कि कस्बे का हृदय स्थल सुभाष चौक के पास एजे खत्री सार्वजनिक पार्क इन दिनों देखरेख के अभाव में दुर्दशा का कारण बना हुआ है। तत्कालीन भाजपा नगरपालिका बोर्ड द्वारा दो वर्ष पूर्व लाखों रूपए की लागत से सार्वजनिक पार्क में बैठने की व्यवस्था, टीन शैड, लाइट, पंखे सहित अन्य सुविधाएं करवाई गई थी। असामाजिक तत्वों ने पार्क में लगी कुर्सियां व पंखे को तोड़ दिए। दरवाजा बंद नहीं होने से पशुओं का पार्क में जमावड़ा होने लगा है। जगह-जगह लगे हैं कचरे के ढेर। ये दयनीय स्थिति हैं नगर पालिका की ओर से उपेक्षा का शिकार हो रहा है यह सार्वजनिक पार्क। तपती गर्मी में राहगीरों के सुस्ताने का ठिकाना ये पार्क ही होते हैं, मगर कोई एक भी पार्क नहीं जो इस तन झुलसाने वाली गर्मी में शहरवासियों को पलभर का सुकून दे सकें। इस पार्क की स्थिति में कोई सुधार नहीं देखा जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन की निगरानी में यह सार्वजनिक पार्क है लेकिन इस पार्क की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

# भींडर ब्लॉक में पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़कों की बदहाली

■ पहली तेज बारिश भी नहीं झेल पाई करोड़ों की सड़क

**कानोड़,** (निसं)। भींडर ब्लाक के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा करोड़ों की लागत से नवनिर्मित सड़कें पहली तेज बारिश में उखड़ने लगी है, करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बाद भी सड़कों की इस बदहाली को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।

बीते दिनों अकोला ग्राम पंचायत के सुरखण्ड, समेल, पीपल वास स्कूल तक लगभग 13 किलोमीटर अलग-अलग हिस्सों में निर्मित सड़के जो करीब 3 करोड़ से अधिक राशि खर्च कर बनाई गई है। पीपलवास से सुरखंड बलीचा सड़क मार्ग पर सड़कों का निर्माण हुआ है । पहली तेज बारिश में इन सड़कों से कंक्रीट में निकल गई है, कलालो की छतरी से लेकर पीपल वास स्कूल तक बनी सड़क पर बीते एक माह पहले डामर बिछाया था वह सड़क जगह जगह से जमीन में धंस जाने से सड़क पर दरारें आ गई है, इसी सड़क मार्ग पर एक जगह तो हाल यह है कि सड़क बचाने के लिए सड़क पर कटीली झाड़ियां डालनी पडी है। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि लाखों-करोड़ों की लागत से बनने वाली इन सड़कों को लेकर विभाग अधिकारी इतने उदासीन कैसे हो सकते हैं , जिन्होंने सड़क के निर्माण के समय इसकी गुणवत्ता को क्यों नहीं जांचा गया, अगर समय रहते सड़क निर्माण के समय विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने सड़कों की सुध ली होती तो आज यह हाल नहीं होते। स्थानीय लोगों ने सड़क को सुधारने के साथ ही विभाग द्वारा किए गए सड़क निर्माण के कार्य का उच्चस्तरीय टीम से जांच करवाने की मांग की है। पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार ने पानी की निकासी मार्ग पर केवल पाइप डालकर उस पर रेलिंग मुड्डों का निर्माण करना था लेकिन अभी तक यह कार्य नहीं किया गया।

मांगीलाल साहू, ठेकेदार चिराग कंस्ट्रक्शन का कहना है कि मैं कहीं बाहर हूं मेरी जानकारी में नहीं है कि सड़क टूटी है ,मैंने कहीं पर भी कटीली झाड़ियां नहीं डलवाई पता करवाता हूं ।

अंछाई देवी चौधरी , सरपंच ग्राम पंचायत अकोला का कहना है कि मेरी ग्राम पंचायत में पीडब्ल्यूडी ने नई सड़कों का निर्माण करवाया है, मैंने मौके पर जाकर स्थिति नहीं देखी है ।जल्द ही सड़कों को देखूंगी, अगर गलत कार्य हुआ है तो उच्चाधिकारियों को लिखा जाएगा।

अंचल गुप्ता अधीशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग का कहना है कि सड़क का कार्य प्रगति पर है, मैं सहायक अभियंता को फोन कर काम दिखवाता हूं।



करौली जिला स्थापना दिवस के अवसर पर रनगवां ताल पर जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मचारियों ने दीपदान किया।

# झालावाड़ मैडिकल कॉलेज पहुंचा देहदान

**कोटा,** (निसं)। शाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा आज पुनः 80 किलोमीटर दूर कोटा से एक पुण्यात्मा का देहदान एसआरजी मेडिकल कॉलेज, झालावाड़ को प्राप्त हुआ है। इस तरह से 9 महीने में, झालावाड़ का यह चौथा देहदान है।

इससे पूर्व भी शाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा 150 किलोमीटर की यात्रा करने के उपरांत बारां जिले समरानीया कस्बे, निवासी कमला बाई का देहदान झालावाड़ मेडिकल कॉलेज को प्राप्त हुआ था। संभाग में देहदान के लिए कटिबद्ध संस्था को शास्त्री नगर निवासी रघुनंदन सिंह पोखर की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई, परिजन चाहते थे कि, पिता की अंतिम इच्छा, नेत्रदान और देहदान का कार्य सम्भव हो सके ।

बेटे वीरेश कुमार और अनुराग सिंह ने परिवार के अन्य सदस्यों से सहमति लेने के उपरांत, शाइन इंडिया को नेत्र-देहदान कार्य सम्पन्न करवाने के संपर्क किया। संस्था सदस्यों को सूचना मिलते ही, सर्वप्रथम रघुनंदन का नेत्रदान संपन्न कराया, उसके उपरांत डॉ कुलवंत गौड़ ने परिजनों से अनुरोध किया कि, झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में शिक्षा प्राप्त कर रहे, बच्चों के पास में अध्ययन करने के लिए मृतदेह नहीं है, यदि परिजन सहमति देते हैं, तो हम अपने खर्चे पर एंबुलेंस लेकर रघुनंदन के पार्थिव शव को मेडिकल कॉलेज झालावाड़ को दान कर सकते हैं, जिससे भावी चिकित्सकों को अध्ययन करने के लिए मृत देह प्राप्त हो सकेगी।

80 किलोमीटर दूर जाकर देहदान की बात को लेकर सबसे पहले परिजन असमंजस में पड़ गये, परंतु पुनः समझाईश करने के बाद बहु युगल सिंह, गौरी सिंह, दीक्षा चौहान व पौत्र ऐश्वर्य, बेटी रिद्धिमा सिंह ने परिवार के अन्य सदस्यों को, झालावाड़ जाकर देहदान करने के लिये राजी कर लिया।

# सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा 25 व 26 अगस्त को

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग, ब्रॉड एवं सुपर स्पेशियलि टी) भर्ती 2021 के 14 विषयों की संवीक्षा परीक्षा का आगामी 25 एवं 26 अगस्त को अजमेर जिला मुख्यालय पर आयोजित होगी। आयोग द्वारा परीक्षा में अभ्यर्थियों को ऑनलाइन संशोधन का अवसर दिया गया है। 18 से 27 जुलाई तक अभ्यर्थी ऑनल इन संशोधन करवा सकते हैं।

आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि 18 से 27 जुलाई तक अभ्यर्थी नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि, जेंडर व विषय के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑनलाइन कर सकेंगे, लेकिन ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किए जाएंगें। ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है।

संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी को ई-मित्र/ऑनल इन बैंकिंग के माध्यम से 500 रुपए का शुल्क जमा कराना होगा। आयोग की उपलब्ध ऑनलाइन लिंक अथवा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर संशोधन किया जा सकेगा।

# कानपुर: गुजैनी थाना पुलिस का गुडवर्क सवालों के घेरे में?

■ गुजैनी थानाध्यक्ष ने लूट की तीन वारदातों का किया मेल

**कानपुर,** (निसं)। उत्तरप्रदेश के बड़े शहर कानपुर के गुजैनी थानाध्यक्ष का सामने आया बड़ा खेल! लूट की तीन वारदातों का किया शातिराना मेल! एक पीड़ित को वादी, दूसरे को गवाह और तीसरे को आरोपी बना भेज दिया जेल! अब सभी तथ्यों के मिलने पर खुल गया पुलिस का खेल!

जी हाँ? उपरोक्त पंक्तियाँ चरित्रार्थ हो रहीं हैं और महानगर के नव सृजित थाना क्षेत्र गुजैनी में बिगत दिनों एक ही रात्रि में घटित तीन घटनाओं को एक दिखाकर खुलासा किया गया है। इसकी पुष्टि पुलिस द्वारा किये गये नाटकीय खुलासे के स्वयं पात्र कर रहे हैं परिणामतः पुलिस द्वारा किये गये खुलासे पर सवालिया निसान लग रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कानपुर पुलिस कमिश्नरेट अन्तर्गत नवसृजित थाना गुजैनी क्षेत्र में बिगत 18/19 जून 2022 को गुजैनी नहर व हाइवे के पास एक ही रात में कुछेक मिनटों के अन्तराल पर लूट की तीन वारदातों को अंजाम दिया गया। किन्तु पुलिस ने ना जाने क्यों इतनी शीघ्रता दिखाई कि तीनों वारदातों को एक दिखा दिया और पहली घटना के पीड़ित को वादी मुकदमा, दूसरी घटना के पीड़ित को गवाह और तीसरी घटना के शिकायतकर्ता को आरोपी बनाकर जेल के सलाखों के पीछे भेज दिया?

पहली पहल तो दिखाई गई लूट की घटना व उस घटना के सम्बन्ध में तत्काल ही आरोपियों को गिरफ्तार कर माल बरामदगी दिखाकर अपनी पीठ थपथपाने वाली पुलिस की कहानी पर घटना के वादी और पुलिस द्वारा बनाये गये मौके के चश्मदीद गवाह ने स्वयं ही पुलिस के द्वारा तैयार की गई कहानी को फर्जी बताकर लूट के आरोपी को निर्दोष बता दिया था और वादी मुकदमा व चश्मदीद गवाह ने बताया था कि गुजैनी थाना पुलिस ने जिन आरोपियों को मुल्जिम बनाया था उसमें से एक आरोपी तो पूरी तरह से निर्दोष था और पुलिस की मनगढ़ंत कहानी पर सवालिया निसान लगाये थे किन्तु अब नया मोड़ उस समय तब आ गया जब जेल की सलाखों से बाहर निकल कर वारदात के आरोपी ने अपनी पीड़ा डीसीपी साउथ के समक्ष बयां कर न्याय की गुहार लगाई है और उसने कहा कि उसके साथ भी लूट हुई थी और यह शिकायत उसने पुलिस हेल्पलाइन नम्बर 112 पर की तो पुलिस के जवान उसे थाने ले आये और लूट करने का आरोपी बना दिया।

विदित हो कि 18/19 जून 2022 की रात्रि में घटित वारदात से सम्बन्धित आरोपियों में से एक को भाग जाना दिखाया गया जबकि तीन आरोपियों को जेल भेज दिया गया था। खास बात यह है कि जेल भेजे गये आरोपियों में से एक आरोपी को निर्दोष बताया जा रहा था। यह बात किसी और ने नहीं बल्कि, स्वयं मुकदमा वादी व पुलिस द्वारा मौके के दिखाये गये चश्मदीद गवाह ने पुलिस आयुक्त व माननीय अदालत में दिये गये शपथपत्रों के माध्यम से बताई थी। अब इस खुलासे में नया मोड़ आ गया है और जेल छूटे आरोपी राजन सिंह ने बताया कि उसके साथ भी लूट की गई थी जिसकी सूचना उसने 112 पर दी थी किन्तु उसकी कोई बात नहीं सुनी गई बल्कि पुलिस ने उसे आरोपी बनाकर जेल भेजकर उसका कैरियर खत्म कर दिया।

मुकदमा वादी गोविन्द ने बताया था कि जब मेरे साथ लूट की घटना घटित हुई थी उसी दौरान अम्बेडकर नगर निवासी राजन सिंह अपनी गाय को ढूड़ते हुए वहीं पर आ गया तो सूचना पर पहुंचे पुलिस वालों ने बिना कुछ पूंछतांछ किये व बिना सच्चाई जाने उसे भी पकड़ लिया और मुल्जिम बना दिया जबकि राजन सिंह का इन घटनाओं से कोई लेना-देना ही नहीं है। गोविन्द प्रसाद ने पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाया कि सिर्फ गुडवर्क के चक्कर में थानाध्यक्ष रवि शंकर त्रिपाठी ने राजन सिंह को आरोपी बनाया था।

पुलिस द्वारा बनाये गये चश्मदीद गवाह मर्दनपुर निवासी ब्रजेश कुमार सैनी पुत्रश्री विशम्भर नाथ सैनी अर्थात दूसरी घटना का पीड़ित व्यक्ति ने बताया था कि रात्रि 11:40 बजे के लगभग नहर पुल पर पहले से घात लगाये बदमाशों ने मुझे मारपीट कर चोटिल कर दिया था और मेरी जेब से 1300 रुपये छीन लिये। मेरे द्वारा 112 पर सूचना देने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मेरे सहयोग से उनमें से दो लोगों को पकड़ लिया और थाने ले आये।

ब्रजेश कुमार सैनी के मुताबिक, जब मैं डाक्टरी करवाकर थाने पहुंचा था तो पहले से बन्द राजन को मेरे साथ घटित वारदात में शामिल कर दिया जबकि राजन का इस घटना से कोई लेना देना नहीं था। लूट व मारपीट में शामिल शातिर लोग गोविन्द नगर थाना क्षेत्र के गुजैनी के एच ब्लॉक मुहल्ले के रहने वाले हैं। ब्रजेश के मुताबिक उसका मोबाइल पुलिस ने जमा करवा लिया था और इसके बाद मनगढ़न्त कहानी बनाकर उसे राजन सिंह से बरामद दिखा दिया गया था। राजन पूरी तरह से निर्दोष है।

उपरोक्त प्रकरण में डीसीपी साउथ ने बताया कि पूरे मामले की जांच एसीपी गोविन्द नगर को सौंप दी है। जांचोपरान्त दोषियों पर कार्यवाई की जायेगी।

लूट का फर्जी खुलासा करने वाली टीम में गुजैनी थाना प्रभारी रवि शंकर त्रिपाठी, उप निरीक्षक राकेश दीक्षित, उप निरीक्षक अरुण कुमार सहित कई

# एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर अभ्यर्थियों ने रीट कार्यालय पर प्रदर्शन किया



रीट परीक्षा के अभ्यर्थियों ने रीट कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया।

■ 23 व 24 जुलाई को होनी है रीट परीक्षा

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी 23 व 24 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रदेशस्तरीय रीट-2022 परीक्षा के हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों ने सोमवार को रीट कार्याल य का घेराव कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी करने की मांग की।


अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को देखते हुए बोर्ड सचिव मेघना चौधरी ने प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को भरोसा दिल ाया कि एडमिट कार्ड जल्द जारी कर दिए जाएंगे, जिसके बाद प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी शांत हुए। अभ्यर्थियों द्वारा रीट कार्याल य के घेराव की सूचना पर मौके पर सिविल लाइन थाना पुलि स भी पहुंची। पुलिस ने भी अभ्यर्थियों से समझाइश की।

पुलि स ने अभ्यार्थियों से समझाइश की, ल ेकिन प्रदर्शनकारी अभ्यार्थी ने कहा कि वह बोर्ड अधिकारियों से जवाब लि ए बिना नहीं हटेंगे। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने बताया कि रीट परीक्षा का आयोजन 23 व 24 जुल ाई को किया जाना है। रीट-2022 में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों जिन्होंने अपने चालान सब्मिट कर दिए और फीस भी जमा करा दी लेकिन उन्हें अभी तक एडमिट कार्ड जारी नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि बोर्ड सचिव द्वारा 20 जुलाई को एडमिट कार्ड जारी होने का आश्वासन दिया ल ेकिन इसमें भी कुछ अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड को ले कर सशंय है, ऐसे में अभ्यर्थियों ने रीट कार्याल य पर पहुंचकर अपना विरोध जताया है।

## संक्षिप्त

### रवि चौधरी अध्यक्ष बने

**खैरथल, (निसं)।** रवि चौधरी सोलहवीं बार इलैक्ट्रिक एंड मशीनरी एसोसिएशन खैरथल के निर्विरोध अध्यक्ष बने हैं। यूनियन के संरक्षक नामदेव रामानी ने बताया कि इलेक्ट्रिक एंड मशीनरी एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए यूनियन के सभी सदस्य 16जुलाई को बस द्वारा शिमला हिमाचल प्रदेश में गए। जहां पर रविवार को संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा की देखरेख में चुनाव संपन्न कराएं गये। उन्होंने बताया कि दीपेश बच्चानी द्वारा अध्यक्ष पद के लिए रवि चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा। जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी एकमत होकर सहमति जताई और सर्वसम्मति से रवि चौधरी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।



### शिवदयाल कॉर्डिनेटर पद पर नियुक्त

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के शिवदयाल मीणा पचवारा को कांग्रेस पार्टी द्वारा आरटीआई सेल के प्रदेश कॉर्डिनेटर पद पर नियुक्त किया गया है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास व राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के निर्देश अनुसार युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रोफेसर डॉक्टर अनिल कुमार मीना ने राजस्थान आरटीआई सैल की नवगठित टीम तैयार की है। जिसमें जयपुर संभाग से कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक रह चुके स्वर्गीय रामचंद्र मुंगेणा के पुत्र शिवदयाल मीणा पचवारा को राजस्थान प्रदेश कॉर्डिनेटर पद पर नियुक्त किया गया है।



### एम्बुलेंस में हुआ बच्चे का जन्म

**निवाई, (निसं)।** एम्बुलेंस के पायलट मनीष यादव ने बताया कि वह सूचना मिलने पर सुबह करीब 4 बजे गांव सीदड़ा से प्री-डिलेवरी का केस लेकर राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय के लिए रवाना हुआ। उसने बताया कि महिला के रास्ते में ही अत्यधिक प्रसव पीड़ा होने पर पायलट मनीष यादव ने महिला की डिलेवरी करवा दी। इसके बाद वह एम्बुलेंस लेकर मां और बच्चे को सकुशल लाकर सीएचसी निवाई हॉस्पिटल में भर्ती करवाया ।

### स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** पचेवर थाना पुलिस ने एक स्थाई वारंटी व दो माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रतन सिंह ने बताया कि पचेवर थाना पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर फरार चल रहे स्थाई वारंटी धनराज पुत्र नाथूराम माली निवासी पडासोली थाना दूदू को गिरफ्तार किया जो कि उक्त प्रकरण में नवां आरोपी है। वहीं दूसरी कार्यवाही में मालपुरा मजिस्ट्रेट से प्राप्त स्थाई वारंटी हरिराम पुत्र नारायण बैरवा निवासी सांस को थाना पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया।

### लॉटरी के माध्यम से कृषकों को मिलेगा उपहार

**मालपुरा, (निसं)।** कृषि मण्डी सचिव आरपी कुमावत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मण्डी समितियों के माध्यम से कृषक उपहार योजना शुरू कर लॉटरी के माध्यम से कृषकों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार दिये जाने के जारी आदेशों की पालना में उक्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020-21 के अन्तर्गत एक जनवरी से 30 जून 6 माह की समयावधी के दौरान मालपुरा मण्डी प्रशासन द्वारा जारी कूपनों पर 25 जुलाई को प्रातः 11 बजे मण्डी प्रागण में गठित समिति के समक्ष लॉटरी निकाली जायेगी।

### ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक

**टोंक।** मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स एवं नौकरी के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी टोंक नितेश जैन ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शैक्षणिक सत्र 2022-23 में इच्छुक अभ्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई 2022 तक भरे जाएंगे। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय एवं लैण्डलाइन नम्बर ०1432-294509 पर सम्पर्क कर सकते है।

# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों पर उमड़े श्रद्धालु

**पावटा, (निसं)।** सावन की शुरुआत के साथ ही कस्बे में शिवालयों पर भगवान शिव के जयकारे गूंजने लगे हैं। इसको लेकर कस्बे में शिवालयों पर महिलाएं व सभी श्रद्धालु शनिवार से सावन माह की शुरू होने के साथ ही भगवान शिव की आराधना में जुट गए हैं।

इसको लेकर कस्बे में शिवमंदिरों पर पूजन, अर्चना व अभिषेक आदि का दौर शुरु हो गया है। कस्बे के बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पर भी सोमवार को सुबह से ही भक्तों का पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। सावन के पहले सोमवार को कस्बे में स्थित सभी शिवालयों पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ा।

■ शिवलिंग पर जलाभिषेक, पंचामृत आदि से अभिषेक किया



पावटा के शिवालयों में महिलाओं व युवतियों ने पूजा अर्चना की।

इस दौरान सावन माह में भक्तों ने शिवलिंग पर विल्बपत्र भेंटकर तथा जलाभिषेक, रूद्राभिषेक, पंचामृत आदि से अभिषेक कर पूजन-अर्चना की। सावन में महिलाएं व पुरुष शिवभक्त अपनी आस्था एवं विश्वास के साथ कामना को लेकर पूरे माह या सावन के सोमवार का उपवास रखते हैं। लोगों ने उपवास रखा और मंदिरों में पूजा-अर्चना कर खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिरों में घंटा घड़ियालों की गूंज के साथ हर-हर महादेव के जयकारे गूंज उठे मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लग गई। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। बाबा भूतनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

## अमरनाथ यात्रा पर गई महिला श्रद्धालु की मौत

**दौसा, (निसं)।** अमरनाथ यात्रा के लिये दौसा से 7 मई 2022 को रवाना हुये यात्रियों के दल में से वापिस लौटते समय दिनेश चन्द शर्मा कार्यालय सहायक अधिकारी की पत्नी गायत्री शर्मा को जहरीला कीड़ा काटने से साम्बा जिला अस्पताल जम्मू कश्मीर में उपचार करवाया गया जहां उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इसके पश्चात शेष यात्रा जत्था रवाना हो गया। पीड़ित की साम्बा जिला अस्पताल में कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। डेड बॉडी को वहां के डाक्टर्स की टीम ने मोर्चरी में रखवा दिया तथा बिना गवाह के उसके पति को देने से इन्कार कर दिया। इस हालात में वहां पर दिनेश की कोई मदद करने वाला भी नहीं था। पीडित दिनेश चन्द शर्मा ने सीबीईओ राजाराम मीना को वहां के हालात के बारे में अवगत कराया तथा सहायता के लिये कहा। दिनेश शर्मा की स्थिति को देखते हुये सीबीईओ राजाराम मीना ने तत्काल जम्मू कश्मीर के डीआईजी राजेश मीना से सम्पर्क करके अमरनाथ यात्रा के दौरान गायत्री शर्मा की मृत्यु होने तथा डेड बाडी नहीं देने के बारे में जानकारी दी। इस पर डीआईजी ने सम्बन्धित जिला के एसपी के मार्फत गायत्री शर्मा का शव दिनेश शर्मा को दिलवाया।

## 7 ई मित्रों केन्द्रों पर कार्रवाई

**दौसा, (निसं)।** जिला कलेक्टर कमर चौधरी के निर्देशानुसार जिले के 7 ई मित्रों पर कार्यवाही की गयी है। जिसमें से ब्लॉक सिकराय के 2 ई मित्र केन्द्रों पर कार्यवाही करते हुए स्थायी तौर पर बंद किये गये हैं व अन्य 5 ई मित्रों को अस्थायी तौर पर बन्द किया गया है।

सूचना प्रौद्योगिकी व संचार विभाग दौसा के संयुक्त निदेशक आर.एस. बैरवा ने बताया कि ई मित्र संचालक सुरेश कुमार सैनी व महेश चन्द सैनी द्वारा अपात्र व्यक्तियों की पेंशन चालू करवाने की ऑनलाईन प्रक्रिया की गई थी, जिसकी जांच ब्लॉक विकास अधिकारी सिकराय द्वारा करने पर पाया की अपात्र लाभार्थियों को वृद्ध जन पेंशन योजना का लाभ दिलवाने हेतु बिना किसी वैद्य दस्तावेजों के जनआधार की जन्म दिनांक में एडिटिंग कर पेंशन का आवेदन किये गये हैं। गलत तरीके से जनआधार में अनाधिकृत छेड़छाड़ कर अपात्र लाभार्थियों को पेंशन का ओवदन करने का दोषी पाये जाने पर कारण उक्त दोनों ई मित्रों को स्थायी तौर पर बन्द किया है एंव अन्य प्रकरणों में गलत तरीके से किये गये पेंशन के आवेदनों में 5 ई मित्रों को अस्थायी तौर पर बंद किया गया है।

# चेन स्नैचिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** टोंक कोतवाली पुलिस ने प्रातःकाल घूमने निकली महिला के गले से चैन छीनकर ले जाने वाली गैंग के दो लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

थानाधिकारी कोतवाली जितेन्द्र सिंह ने बताया कि गत 8 जुलाई को थाना कोतवाली में लोकेश गोयल पुत्र ओमप्रकाश गोयल निवासी शास्त्री नगर टोंक द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि की उसकी मां जब मोर्निंग वॉक पर जा रही थी, इसी दौरान बिना नम्बरी बाइक पर आये दो लड़के उनके गले में पहनी सोने की चैन छीनकर भाग गये। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी द्वारा दिये गये आदेश एवं अति. पुलिस अधीक्षक टोंक सुभाष मिश्रा एवं वृत्ताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद के सुपरविजन में थानाधिकारी कोतवाली जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम द्वारा चोरी, नकबजनी की वारदातों में पूर्व चालानशुदा अपराधियों से पूछताछ व तकनीकी साधनों की मदद



टोंक कोतवाली पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया।

से नसीर पुत्र मो. आमिर पठान (19) निवासी मोहम्मद खां का पुल काली पलटन हाल निवासी सुभाष नगर बायपास टोंक एवं एजाज उर्फ मोटा पुत्र आबिद अक्कन (23) निवासी पाडो का घेर काली पलटन टोंक को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से लूट की वारदात में काम ली गई बिना नंबरी एक एमसी हीरो होंडा बाईक जप्त की गई है। पुलिस लुटेरों से लूटी गई चैन बरामद करने करने का प्रयास कर रही है।

## महाविद्यालय को नहीं मिल रहा अस्थाई भवन

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** नीमराना कस्बे में नव घोषित महाविद्यालय के नोडल प्रभारी डॉ. विनय सिंह यादव ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रवेश प्रक्रिया की तिथि को 16 जुलाई से बढ़ाकर 25 जुलाई तक कर दिया गया है। जिसमें छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी की गई है।

इसी क्रम में उन्होंने बताया कि नवीन महाविद्यालय खोलने की प्रक्रिया के अंतर्गत उनको नीमराणा राजकीय महाविद्यालय का नोडल प्रभारी का कार्य सौंपा गया है परंतु नीमराना राजकीय महाविद्यालय को संचालित करने हेतु प्रशासन को काफी दिनों से निरंतर अवगत कराते आ रहे हैं जिसमें उपखंड अधिकारी नीमराणा तथा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से काफी बार गुजारिश की जा चुकी है कि महाविद्यालय संचालन के लिए अस्थाई भवन की व्यवस्था कराते हुए सहयोग किया जाए। कहा कि अभी तक नीमराना के राजकीय महाविद्यालय हेतु मात्र कहीं एक जगह बैठ कर महाविद्यालय संचालन हेतु भी भवन नहीं मिला है।

## मंदिर मार्ग पर सफाई, रोशनी सहित स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगर पालिका स्थित जोहड़ा धाम बाबा भूतनाथ मंदिर मार्ग पर बाबा भूतनाथ कमेटी के सदस्यों ने पावटा प्रागपुरा नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव को ज्ञापन सौंप सावन में बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा के मंदिर मार्ग की साफ सफाई, जलभराव, रोशनी व्यवस्था सहित स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग की है।

पावटा के जोहडा धाम स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर पर सावन में शिव भक्त जलाभिषेक और पूजन करते हैं लेकिन मंदिर जाने वाले मार्ग पर कूड़ा करकट और गंदगी के अंबार के साथ जल भराव से होने वाले कीचड से स्थानीय लोगों व शिव भक्तों में काफी नाराजगी है। वही लोगों का कहना है कि बाबा भूतनाथ मंदिर मार्ग पर स्पीड ब्रेकर न होने से हर वक्त दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि नगरपालिका से कई बार स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की जा चुकी है। नगरपालिका इस पर ध्यान नहीं दे रही है। सावन माह में कांवरियों का जत्था पहुंचने के बाद उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड सकता है।

सुबह से शाम तक दर्शन पूजन में जलाभिषेक के लिए व्रती महिलाएं व कांवरियों का जत्था लगा रहता है। इसके बाद भी जोड़ा धाम स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर मार्ग पर साफ सफाई का अभाव है जगह-जगह कूड़ा करकट और जलभराव व रोशनी व्यवस्था नही होने के कारण लोगों में आक्रोश है। वही पावटा प्रागपुरा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी हरिनारायण यादव ने जोहड़ा धाम स्थित भूतनाथ मंदिर मार्ग की सफाई व्यवस्था के लिए जल्दी ही अभियान चलाने व स्पीड ब्रेकर लगाने व रोशनी की व्यवस्था करवाने की बात कही।

## नर्स के तबादले पर रोक

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के मालुणी गांव निवासी शिवराज सैनी ने एडवोकेट लक्ष्मीकान्त शर्मा मालपुरा वाले के जरिये जस्टिस इंन्द्रजीत सिंह की एकल पीठ में लगाई याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने याचिकाकर्ता का नानेर पीएचसी से मसुदा अजमेर तबादला आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के आदेश जारी किये है।

एडवोकेट लक्ष्मीकान्त शर्मा ने बताया कि निसक्त अभ्यर्थी को तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती से वंचित रखने के मामले में दायर याचिका पर भी सोमवार को सुनवाई की गई। अधिवक्ता ने बताया कि मालपुरा निवासी ज्योत्सना पुरोहित की ओर से जस्टिस इन्द्रजीत सिंह की एकल पीठ में दायर याचिका पर हुई सुनवाई में न्यायालय में सोमवार को जारी आदेशों में मगलवार को एसएमएस अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा याचिका कर्ता का दोबारा मेडिकल किये जाने के निर्देष जारी किये है।

## विराटनगर क्षेत्र में 10 करोड़ की लागत से बनेंगी सड़कें

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में सड़क तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए जनता की मांग पर विधायक इन्द्राज गुर्जर द्वारा 10 करोड़ की लागत से 35 किलोमीटर लम्बी सड़कों की स्वीकृति मिली।

जिसमें बनियों के बास सड़क से मालियों की ढाणी सड़क तक 3 किलोमीटर लंबी 87 लाख की लागत से मिसिंग लिंक सड़क, बंद मुजफ्फरपुर सड़क से स्वामी की ढाणी गौरव पथ तक 1.200 किलोमीटर 35 लाख की लागत से, पापड़ा से भूरी डूंगरी 1 किलोमीटर तक 29 लाख की लागत से, लीलो की ढाणी शिव मंदिर के पास से वाया रामकरण बागड़ी के मकान से होते हुए शिवसाय के ढेर तक 1.500 किलोमीटर 43 लाख की लागत से, बासडी गणेशपुरा सड़क से भडाना ढाणी तक वाया लोमोड़ की ढाणी तक 1.600 किलोमीटर 46 लाख की लागत से, सांगाकाबास से छापडा खुर्द रोड तक 1.500 किलोमीटर 43 लाख की लागत से, सुंदरपुरा से बेरकी तक 3 किलोमीटर लंबी 87 लाख की लागत से, आंतेला किशनपुरा रोड से झगडेता की ढाणी सडक तक 1.700 किलोमीटर 49 लाख की लागत से, बजरंगपुरा रोड से ढाणी शिश्याला झिंड गुजरान तक 1.400 किलोमीटर 40 लाख की लागत से, बड़ोदिया रोड से स्वामियों की ढाणी तक 0.700 किलोमीटर 20 लाख की लागत से, रघुनाथपुरा रोड नहर के साथ होते हुए पीर की गुनी तक 2.500 किलोमीटर 72 लाख की लागत से, तालुकाबास रोड टोरडा चौराहे से उमराव के मकान से होते हुए मुकेश भडाना की दुकान तक 1 किलोमीटर 29 लाख की लागत से आदि मिसिंग लिंक सड़क बनाई जायेंगी।

## फुलेरा में पॉलीथिन की थैलियों का हो रहा उपयोग

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा कस्बे में व्यापारियों एवं आमजन के द्वारा पॉलीथिन का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। पर्यावरण को लेकर लोग लापरवाह नजर आ रहे हैं। वहीं प्रशासन बेखबर होकर गहरी नींद में सो रहा है।

गौरतलब है कि 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सभी उत्पादों पर पूर्णतया प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। साथ ही इस मुहिम को आगे बढाने के लिए प्रशासन एवं सम्बंधित संस्थाओं द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए संबंधित विकल्पों को बढ़ावा देकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।

ताकि लोग प्रेरित होकर स्वतः ही प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग बंद कर दें। कस्बे में करीब 1 पखवाड़े से प्रतिबन्ध लागू होने के बावजूद अभी भी प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है और सभी लोग खुलकर उपयोग कर रहे हैं। प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं जा रहा है।

# लाभार्थियों को पट्टे देकर मालिकाना हक दिया

**लालसोट/मंडावरी, (निसं)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान के तृतीय चरण के आगाज के साथ ही नगर पालिका लालसोट मंडावरी प्रशासन द्वारा पात्र लाभार्थियों को पट्टे देखकर उनकी जगह का मालिकाना हक सुनिश्चित किया गया।

लालसोट नगर पालिका क्षेत्र में प्रशासन शहरों के संग तृतीय चरण के तहत शिविर लाल क्लब स्टेडियम में आयोजित किया गया। जहां नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र एवं अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी द्वारा स्वायत शासन संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र की मौजूदगी में लाभार्थियों को मौके पर ही पट्टा बना कर दिया गया एवं उनके भूखंड मकान आदि का मालिकाना हक सुनिश्चित किया गया। इसी तरह मंडावरी नगर पालिका प्रशासन द्वारा प्रशासन शहरों के संग तृतीय चरण का शिविर कचहरी स्थित किसान सेवा केंद्र में आयोजित



लालसोट नगर पालिका में चेयरमैन रक्षा मिश्र एवं अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी ने पट्टों का वितरण किया।

किया गया। जहां पर तहसीलदार मदनलाल मीणा एवं अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा सहित शिविर प्रभारी रमेशचंद्र शर्मा द्वारा पात्र लाभार्थियों के 69 के के तहत बनाए गए पट्टों का वितरण किया गया।

तृतीय चरण के प्रशासन शहरों के संग आयोजित अभियान के दौरान पूर्व में आवेदन किए गए लाभार्थियों के पट्टे जारी किए गए एवं अन्य वार्ड से संबंधित लोगों के आवेदन भी भरवाए गए।

## सार-समाचार

### अतिक्रमण हटाने की मांग



**टोंक, (निसं)।** शहर के चतुर्भुज तालाब स्थित मिश्रा कॉलोनी निवासी के लोगों ने जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर महिलाओं के साथ आये दिन गाली-गलौच करने तथा उनके द्वारा किये अतिक्रमण की शिकायत करने पर देख लेने की धमकी देने का कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। मौहल्ले के कमलेश सैनी, श्याम सुन्दर सोनी, रितु सैनी, मुकेश सैनी, प्रेमलता सोनी, बबली, रेखा, भवानी सैनी, प्रेम आदि ने दिये ज्ञापन में अतिक्रमण हटवाने तथा नगर परिषद टोंक द्वारा खोदे गये कच्चे नाले को पक्का निर्माण करवाने की मांग करते हुये बताया कि राजू गुर्जर द्वारा रास्ते में अतिक्रमण किये जाने से वर्षो से कॉलोनी में भरे हुए पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि राजू गुर्जर पुत्र भैरू लाल गुर्जर निवासी काला बाबा पुरानी टोंक द्वारा खसरा नम्बर 5698 गैर मुमकिन पाल महकमा जंगलात की लाखों रूपयों की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है जिससे बरसाती पानी मौहल्ले में भर रहा है, यदि राजू गुर्जर को अतिक्रमण हटाने के लिय कहा जाता है तो वह हमें एवं हमारे परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगता है।

### अखण्ड सहस्त्रघट का आयोजन



**निवाई, (निसं)।** सावन मास की शुरूआत के साथ ही शहर में स्थित शिवालयों में भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इन दिनों सुबह से दोपहर तक शिवालय ओम नमःशिवाय, हर-हर महादेव, बम भोले के जयकारों से गूंज रहे हैं। शहर के प्राचीन श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर व मायला कुण्ड स्थित शिवालय में प्रतिवर्ष की भांति पूरे माह सहस्त्रघट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग यजमान शिव पंचायत की विधि विधान से पूजा करने के बाद भोले का सहस्त्रघटों से जलाभिषेक कर पुण्य लाभ कमा रहे हैं। श्री गौरीशंकर मंदिर विकास समिति के सुरेन्द्र दाधीच नला ने बताया कि सावन मास में पूरे माह अखण्ड सहस्त्रघट का आयोजन किया जा रहा है। सावन मास के सभी सोमवार व प्रदोष दिवस पर अभिषेक करने के लिए यजमानों ने आरक्षित करवा लिया है। सुबह से शाम तक मंदिर परिसर श्रद्धालुओं के द्वारा भोले के जयकारों से गुंजायमान हो रहा है।

### 25 पट्टे जारी किए




**पावटा, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा प्रशासन शहरों के संग के तीसरे चरण अभियान के साथ ही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के द्वारा कस्बे के रामलीला मैदान में सुबह 10 बजे पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह के मुख्य आतिथ्य व पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल की अध्यक्षता में वार्ड न. 1,2,3 के कैंप का आयोजन किया गया। वही कैंप के दौरान लोगों द्वारा अपने आवासीय एवं व्यवसायी पट्टा लेने हेतु आवेदन किए गये कैंप के दौरान पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमेन उर्मिला अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी हरी नारायण सिंह यादव, पटवारी विजय कुमार द्वारा पात्र लाभर्थियों को मौके पर ही पट्टो व एक नामांतरण वितरित किया गया। इस मौके पर प्रागपुरा उपेंद्र सिंह शेखावत, वार्ड पार्षद संजय सैन, मोठूराम, विजय गुप्ता, रतिराम सहित अन्य वार्ड पार्षद व काशी राम लंबोरा, कृष्ण कुमार ओला, सुरेश शर्मा, वीरेंद्र बंसल सहित ग्रामीण व नगरपालिका के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### भाजयुमो ने पौधे लगाए

**निवाई, (निसं)।** भाजपा युवा मोर्चा डांगरथल मंडल द्वारा रविवार को गांव राहोली में वृक्षारोपण किया गया। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र जयसिंहपुरा ने वृक्षारोपण कर पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पांच-पांच पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र गौतम, भगवान सिंह, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश शर्मा, नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष हरि करीरिया, अरनिया मंडल अध्यक्ष हनुमान सिंह, निवाई शहर अध्यक्ष हंसराज गुर्जर, शंकर मीणा, अर्जुन शर्मा, छात्रावास अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, प्रकाश राहोली, रामजीलाल शर्मा, भंवर भडाणा, राजेंद्र यादव, विनोद पंडित, विष्णु शर्मा पंचायत समिति सदस्य, नरपत सिंह साथ ही अनेक युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 13 जनों को पट्टे बांटे

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय नगरपालिका द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत सोमवार को लगे शिविर में तेरह लोगों को पट्टे वितरित किए जबकि चालीस को डिमांड नोट जारी किए गए। डिमांड राशि जमा होने पर उनके भी पट्टे जारी कर दिए जाएंगे। पालिका के अधिशासी अधिकारी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार को सकर कुई क्षेत्र के अंबेडकर भवन में आयोजित शिविर में 13 पट्टे वितरित करने के साथ कृषि भूमि नामांतरण ,नाम हस्तांतरण व ग्रांट स्टेट के प्रकरणों का निस्तारण किया गया और 40 पत्रावलियों में डिमांड नोट जारी किए गए। शिविर में निरंतर किये जाने वाले कार्यों का भी मौके पर ही निस्तारण किया गया। आगामी शिविर 20 जुलाई को अम्बेडकर छात्रावास में लगेगा जिसमें वार्ड संख्या तीन,चार, पांच व छः के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### प्रेम प्रकाश सैनी अध्यक्ष बने

**मालपुरा, (निसं)।** अभिभाषक संघ मालपुरा के सोमवार को हुए चुनाव में निर्वाचन अधिकारी कमल कुमार ने घोषित परिणामों में प्रेम प्रकाश सैनी को बार अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभिभाषक संघ के चुनावों के लिए सोमवार को हुई मतदान प्रक्रिया में कुल 150 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान चुनाव परिणामों में प्रेम प्रकाश सैनी को 98 मत मिले तो प्रतिध्वंधी गोवर्धन सिंह को 41 मत मिले खेमराज शर्मा को 4 मत मिले तो 7 वोट रद्द हुए। इस प्रकार अध्यक्ष पद पर प्रेम प्रकाश सैनी को 57 मतों से विजयी घोषित किया गया। सचिव पद के लिए अनिस जैन 81 मतों से विजयी हुए। शेष पद पर पूर्व में ही निर्विरोध चुनाव सम्मपन्न हुए। प्रेम प्रकाश सैनी की हुई जीत पर बार सदस्यों ने माला पहना मिठाई बांटी।

### गार्ड भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**टोंक, (निसं)।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय टोंक के कार्यक्षेत्र में निवास करने वाले पूर्व सैनिकों के लिए भारतीय स्टेट बैंक में गार्ड के पद पर भर्ती की जानी है। इच्छुक पूर्व सैनिक 25 जुलाई 2022 तक कार्यालय में आकर योग्यता के लिए जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नर उमराव सिंह राठौड़ ने दी है।




हम एफआईएच विश्व कप में अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके। लेकिन हम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में इसकी भरपाई करेंगे।'' हमारे पास बेहतरीन टीम है जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। **- सविता पूनिया**

**भारतीय हॉकी महिला टीम कप्तान, राष्ट्रमंडल खेलों को लेकर।**

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — नीरज चोपड़ा



**अमेरिका** के यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उतरने की तैयारी कर रहे ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सोमवार को कहा कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मुकाबला काफी कड़ा होगा क्योंकि कम से कम छह खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और 89 मीटर के आंकड़े को पार कर रहे हैं। तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा ने साथ ही कहा कि इस साल उनका लक्ष्य 90 मीटर के आंकड़े को पार करना है जिसके वह डाइमंड लीग के दौरान काफी करीब पहुंचे थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** मई म2005 में वेस्टइंडीज व दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गये टेस्ट मैच में रिकॉर्ड आठ शतक लगे। दोनों ही टीमों की ओर से चार-चार शतक लगाये गये।

# नरेन्द्र बत्रा ने आईओसी, आईओए, एफआईएच से दिया इस्तीफा

नयी दिल्ली, 18 जुलाई। वरिष्ठ खेल प्रशासक डॉ नरेंद्र ध्रुव बत्रा ने सोमवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष पद, अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष पद और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सदस्य के पद सहित तीन पदों से इस्तीफा दिया।

बत्रा ने आईओए के महासचिव, एफआईएच की कार्यकारी पीठ और आईओसी के अध्यक्ष को तीन अलग-अलग पत्र लिखकर कहा कि वह निजी कारणों के चलते सभी पदों से इस्तीफ़ा दे रहे हैं। उन्होंने आईओए की कार्यकारी पीठ को लिखे गये एक संक्षिप्त संदेश में कहा, मैं निजी कारणों से अध्यक्ष पद से इस्तीफा देता हूं जिसके लिये मैं 2017 में चुना गया था। आपके समर्थन और मार्गदर्शन के लिये धन्यवाद।



बत्रा ने एफआईएच को लिखे पत्र में कहा, मैं निजी कारणों से एफआईएच के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देता हूं। उल्लेखनीय है कि बत्रा को मई 2021 में 47वीं एफआईएच कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में पुन: निर्वाचित किया गया था और उनका कार्यकाल 2024 में समाप्त होना था। बत्रा ने आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक को लिखा, मैं निजी कारणों से आईओसी सदस्य के पद से इस्तीपा देता हूं। आपके समर्थन और मार्गदर्शन के लिये धन्यवाद। बत्रा 2019 में आईओसी के सदस्य चुने गये थे।

उल्लेखनीय है कि दो हफ्ते पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने बत्रा के भारतीय ओलंपिक महासंघ के अध्यक्ष के रूप में काम करने पर रोक लगायी थी। दिनेश कुमार शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा था कि आईओए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल खन्ना अध्यक्ष की जिम्मेदारियां संभालेंगे। अदालत ने बत्रा को 25 मई को राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के आजीवन सदस्य के पद से भी हटा दिया था।

## सीबीआई ने आईओए के पूर्व अध्यक्ष नरिंदर बत्रा से जुड़े परिसरों पर छापा मारा

नयी दिल्ली, 18 जुलाई। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के पूर्व अध्यक्ष नरिंदर बत्रा से जुड़े दिल्ली और जम्मू के पांच परिसरों पर छापा मारा। अधिकारी ने बताया कि भ्रष्टाचार के एक कथित मामले में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद तलाशी ली गई। उन्होंने कहा कि बत्रा के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसी को शिकायत मिली थी जिसके बाद उसने इस साल अप्रैल में प्रारंभिक जांच शुरू की गयी, जो प्रथम दृष्टया आरोप स्थापित करने की दिशा में पहला कदम है। अधिकारियों ने बताया कि शिकायत में आरोप लगाया गया है कि हॉकी इंडिया के 35 लाख रुपये बत्रा के निजी फायदे के लिए इस्तेमाल किए गए।

## मैच हारने वाली वाटिका ने दिल जीता

नयी दिल्ली, 18 जुलाई। वाटिका के विरुद्ध दिल्ली एफसी जिस रुतबे के साथ प्रीमियर लीग में उतरी थी पहले हाफ में ऐसा कुछ नजर नहीं आया। लेकिन फहाद के एकमात्र गोल से दिल्ली के चैंपियन क्लब ने प्रीमियर लीग की नयी टीम को 1-0 से परास्त कर आभियान शुरू किया। मैच भले ही दिल्ली एफसी ने जीता लेकिन वाटिका दिल जीतने में सफल रही। दूसरा मैच खेल रही वाटिका के नाइजीरियन स्ट्राइकर ओनियमा फ्रांसिस ने प्रतिद्वंद्वी रक्षापंक्ति को बार बार छकाया लेकिन गोल नहीं निकल पाया। उसके साथ पीयूष भंडारी और बिजोय गोसाईं का तालमेल दर्शनीय रहा। लेकिन कम से कम तीन साफ मौकों पर गोल नहीं बन पाया।

## प्रधानमंत्री कल राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने जा रहे भारतीय दल के साथ बातचीत करेंगे

नयी दिल्ली, 18 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जुलाई, 2022 को सुबह 10 बजे राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने जा रहे भारतीय दल के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कार्यालय ने बताया कि इस बातचीत में एथलीटों के साथ-साथ उनके कोच भी शामिल होंगे। मोदी की यह बातचीत प्रमुख खेल आयोजनों में भाग लेने से पहले एथलीटों को प्रेरित करने के उनके निरंतर प्रयास का एक हिस्सा है। मोदी ने पिछले साल टोक्यो 2020 ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल के साथ-साथ टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में भाग लेने वाले भारतीय पैरा-एथलीटों के दल के साथ भी बातचीत की थी। राष्ट्रमंडल खेल 2022 बर्मिंघम में 28 जुलाई से लेकर 08 अगस्त तक आयोजित किये जाएंगे। कुल 215 एथलीट 19 खेलों की 141 स्पर्धाओं में भाग लेकर बर्मिंघम में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## नीरज चोपड़ा और अंडर आर्मर के बीच साझेदारी

नई दिल्ली, 18 जुलाई। भारत के अनन्य वितरक और अंडर आर्मर के लिए लाइसेंसधारी अंडरडॉग एथलेटिक्स ने ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ साझेदारी की घोषणा की। यह कदम भारत में अंडर आर्मर के लिए स्थायी दीर्घकालिक विकास के निर्माण की कंपनी की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। एक निर्विवाद विजेता, नीरज धैर्य और दृढ़ संकल्प को परिभाषित करता है, और वैश्विक स्तर पर लगातार सफल होने के लिए सभी चुनौतियों से ऊपर उठ गया है। अंडर आर्मर अपने अभिनव प्रदर्शन समाधानों के माध्यम से एथलीटों को बेहतर, मजबूत और अधिक केंद्रित बनने के लिए सशक्त और प्रेरित कर रहा है। अंडर आर्मर को देश के सबसे पसंदीदा एथलेटिक प्रदर्शन ब्रांड के रूप में बनाने की हमारी खोज में नीरज के साथ साझेदारी करने का हमें सौभाग्य मिला है। आर्मर एथलीट के तहत, नीरज चोपड़ा ने कहा, मैं अंडर आर्मर का प्रतिनिधित्व करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं, और आशा करता हूं कि हम एक साथ देश भर में लाखों महत्वाकांक्षी एथलीटों को प्रेरित करने में सक्षम होंगे। मेरा मानना है कि सही एथलेटिक गियर एथलीट के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण अंतर डालता है, और मैं अपनी फिटनेस को और बेहतर बनाने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए ब्रांड के अभिनव उत्पादों का उपयोग करने के लिए तत्पर हूं।

## भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिये विंडीज टीम घोषित

पोर्ट ऑफ स्पेन, 18 जुलाई। क्रिकेट वेस्ट इंडीज़ (सीडब्ल्यूआई) ने भारत के खिलाफ 22 जुलाई से होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रंखला के लिये 13-सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

त्रिनिदाद में होने वाली श्रंखला में निकोलस पूरन विंडीज़ के कप्तान होंगे। शाई होप को उपकप्तान चुना गया है। चयनकर्ताओं ने अनुभवी ऑल-राउंडर जेसन होल्डर को टीम में वापस बुलाया है। होल्डर को बांग्लादेश के खिलाफ हुई तीन मैचों की श्रंखला में आराम दिया गया था। मुख्य चयनकर्ता डेस्मंड हेनेस ने कहा, जेसन दुनिया के शीर्ष ऑल-राउंड क्रिकेटरों में से एक हैं और हम उन्हें टीम में वापस बुलाकर खुश हैं। वह आराम के बाद तरोताज़ा होंगे और हम मैदान के साथ-साथ मैदान के बाहर भी उनके योगदान की उम्मीद कर सकते हैं।

**वेस्ट इंडीज स्क्वाड :** निकोलस पूरन (कप्तान), शमर ब्रूक्स, कीएसी कार्टी, जेसन होल्डर, शाई होप (उपकप्तान), अकील हुसैन, अल्ज़ारी जोसेफ़, ब्रेंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, कीमो पॉल, रोवमैन पॉवेल, जेडेन सील्स, अतिरिक्त खिलाड़ी : रोमारियो शेफर्ड, हेडेन वॉल्श जूनियर। श्रंखला के तीनों मैच त्रिनिदाद के क्वीन्स पार्क ओवल में खेले जाएंगे। पहला मैच 22 जुलाई, दूसरा मैच 24 जुलाई और तीसरा मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा।

## बेन स्टोक्स ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास

लंदन, 18 जुलाई। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम से होने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान और सुपरस्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। 2019 के वनडे विश्व कप विजेता स्टोक्स ने ट्विटर पर बयान जारी करते हुए कहा कि मंगलवार को डरहम में साउथ अफ्रीका के ख़िलाफ़ सीरीज़ का पहला मैच उनके वनडे करियर का अंतिम मैच होगा।

स्टोक्स को इसी साल इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई थी। उन्होंने कहा कि तीनों फ़ॉर्मेट खेलना उनके लिए सही नहीं है और उन्हें लगा कि वह आने वाले उभरते खिलाड़ियों का स्थान रोक रहे हैं।

स्टोक्स को इस साल घर पर इंग्लैंड के सभी छह वनडे मैच खेलने थे। इसके बाद उम्मीद थी कि वह भारत और दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टी20 मैचों में भी राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसके बाद उन्हें द हंड्रेड प्रतियोगिता में हिस्सा लेना था। हालांकि अब उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को अपना सब कुछ समर्पित करने के लिए और टी20 प्रारूप के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के मद्देनज़र यह निर्णय लिया है।



अपने बयान में स्टोक्स ने कहा, ''मैं अब इस प्रारूप में टीम के अपने साथियों को अपना 100 प्रतिशत नहीं दे सकता हूं। यह एक मुश्किल निर्णय रहा है और इंग्लैंड के लिए खेलने के हर एक पल ने मुझे आनंद दिया है। इस दौरान टीम के साथ मेरा सफ़र बेहतरीन रहा।''

उन्होंने आगे कहा, ''यह निर्णय लेना जितना कठिन था, इस तथ्य से निपटना उतना कठिन नहीं है कि मैं अपने साथियों को अब इस प्रारूप में अपना 100 नहीं दे सकता। इंग्लैंड की शर्ट, इसे पहनने वाले किसी भी खिलाड़ी से इससे कम की हक़दार नहीं है।''

''तीनों प्रारूपों में खेलना अब मेरे लिए सही नहीं है। न केवल मुझे लगता है कि मेरा शरीर व्यस्त कार्यक्रम के कारण उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पा रहा है बल्कि मेरा मानना है कि मैं एक ऐसे खिलाड़ी की जगह रोक रहा हूं जो जॉस (बटलर) तथा इस टीम को अपना 100 प्रतिशत दे सकता है। अब समय आ गया है कि कोई और बतौर क्रिकेटर आगे बढ़े और वह यादें बनाए जो मैंने पिछले 11 सालों में बनाई है।''

## वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बरकरार भारत

दुबई, 18 जुलाई। आईसीसी की ओर से सोमवार को जारी ताज़ा एकदिवसीय टीम रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर बरकरार है। रोहित शर्मा की टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रंखला के पहले मैच में 10 विकेट की विशाल जीत के साथ पाकिस्तान को पछाड़ते हुए तीसरा स्थान हासिल किया था, जबकि रविवार को ऋषभ पंत के शतक की बदौलत निर्णायक मैच में पांच विकेट की जीत से साथ वह इस स्थान पर कायम है। न्यूज़ीलैंड अब भी 128 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले स्थान पर है, जबकि 121 रेटिंग पॉइंट के साथ इंग्लैंड दूसरे पायदान पर है। तीसरे नंबर पर काबिज़ भारत के रेटिंग पॉइंट 109 हैं जबकि भारत से ठीक पीछे पड़ोसी पाकिस्तान 106 पॉइंट के साथ चौथे स्थान पर है। भारत को अब वेस्ट इंडीज का दौरा करना है जहां वह कैरिबियाई टीम के खिलाफ तीन मैचों की श्रंखला खेलेगी। यहां पर जीत दर्ज कर वह पाकिस्तान के ऊपर अपनी बढ़त में इज़ाफ़ा कर सकती है। दूसरी ओर, पाकिस्तान का अगला वनडे अभियान नीदरलैंड के खिलाफ अगस्त में शुरू होगा।


### तीये की बैठक



हमारे प्रिय
**श्री दुर्गाप्रसाद जी माणकबोहरा**
पुत्र स्व. श्री रूपनारायण जी का स्वर्गवास 17.7.22 को हो गया। तीये की बैठक 19.7.22 को सांय 4:00- 5:00 बजे परमानंद हॉल, राममंदिर के पीछे, भाटिया भवन के पास, राजापार्क पर होगी।
**शोकाकुलः** पुष्पा देवी (पत्नी), सत्यनारायण, गिर्राज, कमलेश, किशन, विष्णु (भ्राता), दीपक, पंकज, गोविंद (पुत्र), श्याम, रामबाबू, राजेंद्र, घनश्याम (भतीजे), अमन, प्रांशु, दिव्यांशु, दक्ष, समकित, मानस, लक्ष्य (पौत्र) समस्त माणकबोहरा परिवार अरनिया वाले।
फर्मः रूपनारायण सत्यनारायण सूरजपोल मंडी- जयपुर, गिर्राज प्रसाद विष्णु कुमार- लालसोट, तिरुपति एजेंसी एवं तिरुपति मेडिकल एजेंसी दौसा 9414043477, 9829699066



हमारे प्रिय दामाद
**श्री दुर्गाप्रसाद जी माणकबोहरा**
पुत्र स्व. श्री रूपनारायण जी का स्वर्गवास 17.7.22 को हो गया। सुसरालपक्ष की बैठक 19.7.22 को सायं 4:00- 4:45 बजे परमानंद हॉल, भाटिया भवन के पास, राजापार्क पर होगी।
**शोकाकुलः** राधेश्याम ओढ (ससुर), रामअवतार, राजेंद्रकुमार, मुरारीलाल, हरिनारायण, शंभूदयाल, दिनेशकुमार, प्रेमप्रकाश (साले), विवेक, अंकित (भतीजे), कौशल्या- देवकिनंदन घीया, संतोष - महेश रावत, मंजू- चन्द्रप्रकाश बड़ाया (साली- साढू), संजय सेठी- सोना (भांजा- भांजाबहू), आशा- आशीष कूलवाल, दीपाली- अभिषेक बड़ाया (भतीजी- भतीजीदामाद) समस्त ओढ़ परिवार (खवावाले) दौसा।
9079032527, 9867729411


## पंत के पहले शतक के दम पर भारत ने जीती वनडे सीरीज

मैनचेस्टर, 17 जुलाई। विकेटकीपर ऋषभ पंत (नाबाद 125) के पहले शतक और हार्दिक पांड्या (24 रन पर चार विकेट तथा 71 रन) के जबरदस्त हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत ने इंग्लैंड को तीसरे और निर्णायक एकदिवसीय मैच में रविवार को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली।

भारत ने इंग्लैंड को 45.5 ओवर में 259 रन पर ऑल आउट कर दिया और 42.1 ओवर में पांच विकेट पर 261 रन बनाकर मैच को एकतरफा अंदाज में जीत लिया। स्पाइडरमैन पंत के स्पेशल शतक की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 2-1 से वनडे सीरीज़ में मात दी। पहले बल्लेबाज़ी करने के लिए भेजे जाने के बाद बढ़िया स्कोर खड़ा करने के बाद रीस टॉप्ली ने भारत के शीर्ष क्रम को चलता कर मेहमान टीम को मुश्किल में डाला था। हालांकि इसके बाद सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत ने पारी को संभाला लेकिन इस मैच की कहानी पलटी पंत और हार्दिक पंड्या की शतकीय साझेदारी ने।

## 333 की लीड के साथ शीर्ष पर श्रीलंका

गॉल, 18 जुलाई। दिनेश चांदीमल (86), कुशल मेंडिस (76) और ओशादा फर्नांडो (64) के अर्धशतकों ने श्रीलंका को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन सोमवार को 333 रन की विशाल बढ़त दिलायी। श्रीलंका ने पहली पारी में चार रन की बढ़त हासिल की थी, और तीसरे दिन के अंत तक दूसरी पारी में उन्होंने नौ विकेट के नुकसान पर 329 रन बना लिये। दिन की शुरुआत में कसुन रजिता के जल्दी आउट होने के बाद फर्नांडो और मेंडिस ने पारी को आगे बढ़ाया। फर्नांडो के आउट होने से पहले दोनों के बीच 91 रन की साझेदारी हुई फर्नांडो ने 125 गेंदों की पारी में छह चौके और एक छक्के दी मदद से 64 रन बनाये। एंजेलो मैथ्यूज़ (9) का विकेट जल्दी गिरने के बाद श्रीलंका ने कुछ विकेट जल्दी गंवाये, लेकिन चांदीमल ने आक्रामक रवैया अपनाते हुए रनों की रफ्तार नहीं रुकने दी। नतीजतन श्रीलंका ने अंतिम दो विकेटों के लिये 94 रन जोड़ लिये हैं। दिन का खेल समाप्त होने तक चांदीमल 86 रन पर और प्रभात जयसूर्या चार रन पर नाबाद हैं। मोहम्मद नसीम ने टेस्ट क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट चटकाये, जबकि यासिर शाह ने तीन विकेट अपने नाम किये।यह पिच अभी भी स्पिन के लिये मददगार है और 333 रन से पिछड़ने के बाद पाकिस्तान बैकफुट पर पहुंच गया है।

## निशानेबाजी विश्व कप में मैराज ने जीता स्वर्ण

चांगवॉन (दक्षिण कोरिया), 18 जुलाई। भारत के शॉटगन शूटर मैराज अहमद खान ने सोमवार को पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को निशानेबाजी विश्व कप में 13वां पदक दिलाया। मैराज ने फाइनल में 37/40 पॉइंट के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि कोरिया के मिनसू किम ने 36 पॉइंट के साथ रजत पदक जीता। ठोट ब्रिटेन के बेन लेवेलिन ने 26 पॉइंट के साथ कांस्य पदक जीता। 46 वर्षीय भारतीय ने 75 शॉट के क्वालिफिकेशन स्टेज में 119( 12) के स्कोर के साथ आठवां स्थान हासिल किया था जबकि रैंकिंग मैच में वह 27/30 के स्कोर के साथ पहले पायदान पर रहे थे। भारत इस समय 13 पदक (पांच स्वर्ण, पांच रजत, तीन कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है जबकि आठ पदक (तीन स्वर्ण, तीन रजत, दो कांस्य) जीतकर कोरिया दूसरे स्थान पर है।

## जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड सीरीज के लिए कमिंस को विश्राम, जम्पा की वनडे टीम में वापसी

मेलबोर्न, 18 जुलाई। अगस्त और सितंबर में ऑस्ट्रेलिया में ज़िम्बाब्वे और न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ होने वाली वनडे सीरीज़ के लिए टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को विश्राम दिया जाएगा और लेग स्पिनर एडम ज़म्पा पितृत्व अवकाश के बाद टीम में लौटेंगे। ऑस्ट्रेलिया का मुक़ाबला ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ़ तीन वनडे मैचों में 28 अगस्त, 31 अगस्त और 3 सितंबर को टाउंज़विल में होगा। इसके बाद केर्न्स में 6, 8 और 11 सितंबर को उनकी भिड़ंत न्यूज़ीलैंड से तीन वनडे मैचों में होगी। ज़म्पा ने अपनी पहली संतान के जन्म के लिए श्रीलंका दौरे में हिस्सा नहीं लिया था।


### खोया पाया

जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना मुरलीपुरा के प्लाट नंबर ई-16 का ओरिजनल एलॉटमेंट, पजेशन, साईट प्लान, सेल एग्रीमेंट खो गया है सूचित करें - डिंपल मोबाइल -9484555188

जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना वैशाली नगर में प्लाट नंबर बी-4/190 का ओरिजनल एलॉटमेंट, पजेशन, साईट प्लान, सेल एग्रीमेंट खो गया है सूचित करें - नवनीत कुमार तंवर मोबाइल -9828289188


## राष्ट्रमंडल खेलों के लिये रवाना हुई भारतीय महिला हॉकी टीम

बार्सिलोना, 18 जुलाई। भारतीय महिला हॉकी टीम सोमवार सुबह बार्सिलोना से इंग्लैंड की राजधानी लंदन के लिये रवाना हो गयी। टीम लंदन से नॉटिंघम जाएगी जहां वह 23 जुलाई को बर्मिंघम रवाना होने से पहले राष्ट्रमंडल खेलों के लिये अभ्यास करेगी। भारत एक जुलाई से 17 जुलाई के बीच खेले गये एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2022 में चीन के साथ नौंवे स्थान पर रहा था। टीम की कप्तान सविता पूनिया ने कहा कि वह राष्ट्रमंडल खेलों में इस फॉर्म को बदलने के लिये तत्पर हैं। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यवश हम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप स्पेन एवं नीदरलैंड 2022 में अपनी क्षमता के अनुसार नहीं खेल सके।


### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित) IDFC FIRST Bank

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्तियों का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक के साथ सम्मेलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के (नियम-3) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग नोटिस कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों को जारी किया गया था जिसमें मांग नोटिस के निम्न परिशिष्ट में उल्लेखित राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अन्दर उस राशि पर आगे लाने वाले ब्याज व अन्य प्रभारों को मांग नोटिस जारी होने की तारीख से भुगतान होने/भुगतान की वसूली होने तक का अदा करना होगा।
चूंकि कर्जदार, सह-कर्जदार/जमानतीगण उक्त कथित राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों, सह-कर्जदारों/जमानतियों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों को भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

| ऋण खाता संख्या | कर्जदार (एस) सह-कर्जदार (एस) व जमानतियों के नाम | गिरवी रखी गई सम्पत्तियों का विवरण | मांग नोटिस | | अधिग्रहण का प्रकार व तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | तारीख | शेष बकाया राशि (रूपये) | |
| 14093265 | 1. पूजा कंवर 2. संतोष कंवर | अचल सम्पत्ति, यूनिट नं. एफ-1, क्षेत्रफल 990.00 वर्गफिट, पहली मंजिल, 'एम.आर. रजेडेन्सी', प्लाट नं. सी-104, रायल सिटी, ब्लाक-सी, ग्राम-माचवा, कलवाड रोड, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-उत्तर-प्लाट नं. सी-105, दक्षिण-प्लाट नं. सी-103, पूर्व-प्लाट नं. सी-93, पश्चिम-रोड 40 फिट | 10.05.2021 | रूपये 13,85,838.48/- | 16.07.2022 भौतिक कब्जा |
| 14250378 | 1. संजय कुमार 2. माजू सुरजा | यूनिट नं. जी-3, क्षेत्रफल 657 वर्गफिट, ग्राउन्ड फ्लोर, प्लाट नं. एच-41, स्कीम 'मंगलम सिटी एक्स'' (निजी खातेदारी), ग्राम-हाथोज, कलवाड रोड, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमायें है-पूर्व-रोड 30 फिट चौडी, पश्चिम-प्लाट नं. एच-36, उत्तर-प्लाट नं. एच-42, दक्षिण-प्लाट नं. एच-40 | 01.06.2021 | रूपये 9,98,355.62/- | 16.07.2022 भौतिक कब्जा |

दिनांक- 16.07.2022
स्थान - जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में केपिटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित)


# ये पारी पंत हमेशा याद रखेंगे और कोई भी नहीं भूल पाएगा

मैनचेस्टर, 18 जुलाई। एक ऐसी पारी जिस पर उन्होंने कहा कि वह इसे हमेशा याद रखेंगे। एक ऐसी पारी जिसे बाहर से देखने वाले कभी नहीं भूल पाएंगे। यह ऋषभ पंत का पहला वनडे शतक था, जहां उन्होंने भारत को हार के मुंह से बाहर निकालते हुए जीत दिलाई साथ ही मेहमान टीम को रिकॉर्ड समय में लक्ष्य तक पहुंचाया भी।

जो भी ओल्ड ट्रैफ़र्ड में मौजूद था उन्हेंाने इसे एक ख़ास पारी बताया। ख़ासतौर पर एक परिपक्वता से भरी पारी। उनकी भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने तारीफ़ की, उन्हें इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर से भी तारीफ़ मिली और पांचवें विकेट की साझेदारी में पंत का साथ निभाने वाले हार्दिक पांड्या ने भी उन्हें सराहा। इसी के साथ पंत ने भी हामी भरी कि यह उनका याद रखने वाला प्रयास था। पंत ने मैच के बाद कहा, ''उम्मीद है मैं इसको मेरी पूरी ज़िंदगी याद रखूंगा। लेकिन जिस वक़्त मैं मैदान पर पहुंचा था मैं कुछ नहीं सोच रहा था, मैं बस कोशिश कर रहा था कि एक गेंद पर फ़ोकस जिससे अपनी टीम को मुश्किल से निकाल सकूं।''



जब पंत मैदान पर आए उस वक़्त रोहित पांचवें ओवर में आउट हुए थे और स्कोर 21 रन पर दो विकेट था। इसके बाद यह स्कोर 38 पर 3 हो गया क्योंकि विराट कोहली भी आउट हो गए थे। जल्द ही सूर्यकुमार यादव भी आउट हो गए ओर स्कोर 72 रनों पर 4 विकेट था। अब भारत को जीत दिलाने की ज़िम्मेदारी पंत और पांड्या के हाथों थी।

यह तीन दिन के भीतर दूसरा मौक़ा था जब पंत ऐसी स्थिति में क्रीज़ पर आए। बुधवार को भी लॉर्ड्स में वह ऐसी स्थिति में आए लेकिन एक फुल टॉस गेंद को मिडऑन पर मारकर शून्य पर ही आउट हो गए। एक बार जब वह 18 रनों पर थे तो उन्होंने मोईन अली पर पर आगे निकलकर मारने की कोशिश की लेकिन पूरी तरह से चूक गए। विकेट के पीछे बटलर ने उन्हें स्टंपिंग करने का मौक़ा गंवा दिया। लेकिन जल्द ही पंत और पांड्या ने चुनौती स्वीकार की और वापसी के लिए कदम बढ़ाने शुरू कर दिए।

लॉर्ड्स की तरह ही यहां पर भी भारत के सामने 246 के करीब का लक्ष्य था और 100 रनों के करीब की ही हार का ख़तरा मंडरा रहा था लेकिन पंत और पांड्या ने इरादा दिखाया और रन आने लगे। पांड्या भी जब आउट हुए तो अभी भी लक्ष्य 50 से ज़्यादा था, लेकिन पंत ने मैच का रूख मेज़बानों की ओर नहीं मुड़ने दिया। ना ही उनके पहले वनडे शतक की सुगबुगाहट ने इस लय को तोड़ने दिया। एक बार जब उन्होंने शतक पूरा कर दिया तो पंत और भी ज़्यादा ख़तरनाक हो गए। आख़िरी नौ ओवरों में 24 रन चाहिए थे। पंत ने डेविड विली के ओवर में लगातार पांच चौके लगाए और 21 रन निकाले। इसके बाद रिवर्स स्वीप करके अपनी टीम को जीत दिला दी। उन्होंने हेलमेट उतारा, अपना दायां हाथ उठाया अंगूठा दिखाया और ड्रेसिंग रूम की ओर जीत वाली हंसी दिखाई।

पंत ने कहा, ''जब आपकी टीम दबाव में हो और इस तरह से बल्लेबाज़ी हो यही मैं हमेशा से करना चाहता था। मैं दबाव भरी स्थिति में अच्छा करना चाहता हूं। उम्मीद है मैंने आज ऐसा किया और अपनी टीम को जीत दिलाई।''

पंत के बारे में जब बटलर से पूछा गया तो उन्हेंाने कहा, ''पंत एक बहुत ही निडर खिलाड़ी है। यह उनकी मानसिकता ही है जिससे वह यह मानक तय करते हैं। ऐसा लगता है ऐसा करने की उन्हें छूट है और वह जैसा खेलना चाहते हैं उसकी उन्हें छूट है।'' ऐसा 130 बार वनडे में हुआ है जब 250 से 270 के बीच रनों का पीछा करते हुए 50 से कम रनों पर तीन आउट हो गए हों, इसमें से केवल 16 बाहर ही ऐसा हुआ है जब टीमों ने वापसी करते हुए जीत हासिल की हो। लेकिन इन 16 मौक़ों पर कभी भी किसी टीम ने इतनी गेंद शेष रहते जीत दर्ज नहीं की।



राजगढ़ तहसील क्षेत्र में गत 16 जुलाई से चल रहा किसानों का चक्का जाम आंदोलन सोमवार को किसानों और कलैक्टर के बीच हुई वार्ता के बाद खुल गया।

# 'किसानों को बिजली का कनैक्शन देने के टर्नकी प्रोजैक्ट में 1600 करोड़ रू. का घोटाला'

## वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी चहेती फर्मों को फायदा पहुंचाने के लिए नियम कायदे बदल रही है

- **विधानसभा में विपक्ष के उप नेता राजेन्द्र राठौड़ ने आरोप लगाया कि सरकार के इस गड़बड़ झाले की वजह से प्रोजैक्ट की लागत 2300 करोड़ रू. से बढ़कर 3900 करोड़ रू. हो जाएगी।**

जयपुर, 18 जुलाई (का.सं.)। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री की बजटीय घोषणा को पूरी करने के लिए प्रदेश के किसानों को खेती के लिए 1.04 लाख बिजली कृषि कनैक्शन देने के टर्नकी प्रोजेक्ट में 1600 करोड़ का ऐसा गड़बड़झाला किया जा रहा है जिसकी वजह से अब 2300 करोड़ का काम 3900 करोड़ रुपये में होगा और इसका भार अन्ततोगत्वा प्रदेश के करोड़ों विद्युत उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा।

राठौड़ ने कहा कि जयपुर, जोधपुर व अजमेर डिस्कॉम ने मुख्यमंत्री की बजट घोषणा को पूरी करने के लिए 22 अप्रैल को 2300 करोड़ रुपये टैंडर निकाला था लेकिन चहेती कंपनी को ही टैंडर मिलना सुनिश्चित करने के लिए निविदा की शर्तों में 6 मई, 9 मई, 16 मई, 25 मई, 31 मई व 8 जून यानी कुल 6 बार मनमाने तरीके से संशोधन किया गया। इस संशोधन के कारण जॉइंट वैंचर वाली व दूसरे राज्यों की कई बड़ी कंपनियां बाहर हो गई तथा हर टैंडर में अधिकारियों की चहेती सिर्फ एक दो कंपनियां ही शामिल हो सकी जिन्होंने मनमर्जी करते हुए निविदा में 82 फीसदी ज्यादा रेट लगाई है और अधिकारी भी इन्ही कंपनियों को वर्कऑर्डर देने के लिए आमादा है।

राठौड़ ने कहा कि टर्नकी प्रोजेक्ट के जरिये सरकारी अधिकारियों ने टैंडर करने के साथ ही अपनी खास व चहेती फर्मों को फायदा पहुंचाने के लिए नियम कायदे बदलाने का खेल शुरू कर दिया है। इसके लिए सबसे पहले ज्वाइंट वैंचर की दोनों कंपनियों में से किसी के पास भी 50 प्रतिशत काम करने का अनुभव की शर्त रखी गई थी, इससे करीब 50 कंपनियां स्वतः ही टैंडर से बाहर हो गईं। इसके साथ ही दोनों पार्टनर्स का इलैक्ट्रिकल लाइसेंस अनिवार्य करने व टर्नकी में मैटीरियल व मजदूर ठेकेदार द्वारा ही लाने जैसे टैंडर के नियमों में संशोधन से कई कंपनियां शामिल नहीं हो सकीं।

राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आगामी दो वर्षों में प्रदेश में 4.88 लाख से ज्यादा नए व लम्बित कृषि कनैक्शन जारी करने की बजटीय घोषणा की थी। इसी क्रम में प्रदेश में पहली बार कृषि कनैक्शन देने का कार्य टर्नकी प्रोजेक्ट से हो रहा है। डिस्कॉम प्रबंधन निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए ज्यादा रेट पर वर्कऑर्डर देना चाहती है, जबकि अभी मात्र 1.04 लाख बिजली कृषि कनैक्शन्स के लिए टैंडर निकाले गये हैं और शेष 3.85 लाख कनैक्शन के लिए अभी प्रक्रिया ही शुरू नहीं हुई। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग में यह भ्रष्टाचार यूं ही जारी रहा तो डिस्कॉम्स को 6400 करोड़ रूपयों का सीधा आर्थिक नुकसान होगा, जिसकी वसूली आम उपभोक्ताओं से टैरिफ बढ़ाकर की जाएगी।

राठौड़ ने कहा कि डिस्कॉम की ओर से विद्युत विनियामक आयोग में दायर टैरिफ पिटिशन के तहत आगामी तिमाही में फ्यूल चार्ज 75 पैसे प्रति यूनिट से ज्यादा आने की पूरी आशंका है जिसका सारा भार प्रदेश के 1.52 करोड़ उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। बिजली विभाग घोटालों का केन्द्र बन चुका है। पूर्व में भी अपने खुद के थर्मल पावर प्लांट में भ्रष्टाचार के कारण उत्पादन ठप्प होने से 17 रुपये प्रति यूनिट तक की महंगी बिजली उपभोक्ताओं को देकर जमकर चांदी कूटी गई। राठौड़ ने कहा कि कृषि कनैक्शनों के टर्नकी प्रोजेक्ट के अलावा सौर ऊर्जा के सोलर पैनल उत्पादन निर्माता कंपनी को फायदा पहुंचाने का कुकृत्य कांग्रेस सरकार कर रही है। कांग्रेस समर्थित राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के पुत्र सुमंत सिन्हा की सोलर पैनल निर्माता कंपनी रिन्यू पावर को कांग्रेस सरकार उपकृत करते हुए विशेष कस्टमाइज पैकेज दे रही है जिसमें 1 हजार करोड़ रुपये के निवेश पर दोगुने से ज्यादा यानी करीब 2020 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता राशि दी जायेगी जबकि पूरे प्लांट के रोबोटिक व ऑटोमैटेड होने से 100 से भी कम लोगों को बमुश्किल रोजगार मिलेगा।

# 58 घंटों बाद खुला राजगढ़ में किसानों का चक्का जाम

## चूरू जिला कलैक्टर के साथ किसानों के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता सफल रही और किसानों ने जमकर आतिशबाजी की

- **प्रशासन द्वारा क्रॉप कटिंग की रिपोर्ट नहीं देने के विरोध में और बकाया बीमा क्लेम सहित 18 सूत्रीय मांगों को लेकर 16 जुलाई से राजगढ़ तहसील क्षेत्र में किसानों का चक्का जाम आंदोलन चल रहा था।**
- **राजगढ़ तहसील के अलावा डोकवा, लसेड़ी, ददरेवा, सिद्धमुख व बैरासर में भी किसानों ने चक्का जाम कर रखा था, जिससे सड़कों पर गाड़ियों की कई किलोमीटर लम्बी कतारें लग गई थीं।**
- **चक्का जाम खुलने के बाद वाहन चालकों सहित स्थानीय प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है।**

सादुलपुर, 18 जुलाई (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा एवं भारत की जनवादी नौजवान सभा को प्रशासन द्वारा क्रॉप कटिंग की रिपोर्ट नहीं देने के विरोध में एवं नहर व बकाया बीमा क्लेम सहित 18 सूत्री माँगों को लेकर तहसील क्षेत्र राजगढ में चल रहा, चक्का जाम प्रदर्शन तीसरे दिन जिला कलेक्टर चूरू के साथ सकारात्मक वार्ता होने के बाद स्थगित हो गया है।

ज्ञातव्य है कि राजगढ तहसील के एन.एच. 52 पर स्थित गाँव डोकवा, सादुलपुर हिसार एन.एच. 52 पर स्थित लसेड़ी, तारानगर सादुलपुर सड़क मार्ग पर धोलिया (ददरेवा), सिद्धमुख भादरा सड़क मार्ग पर सिद्धमुख में एवं सादुलपुर झुन्झुनूं सड़क मार्ग पर गाँव बैरासर छोटा में गत तीन दिन व दो रात से लगभग 58 घंटे से चक्का जाम चल रहा था।

पाँच सूत्री मांगों का समझौता पत्र सौंपने के बाद सोमवार शाम 6.00 बजे रास्ता खोल दिया गया। इसी दौरान किसानों ने जमकर आतिशबाजी भी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक पेमाराम, डॉ. संजय माधव, अध्यक्ष रामनिवास लाम्बा, कॉमरेड सुनील पूनिया, निर्मल कुमार प्रजापत, उमराव सिंह, मुनेश पूनिया, इन्द्राज सिंह आदि के नेतृत्व में, चूरू जिला कलैक्टर सिद्धार्थ सिहाग के साथ चूरु, जिला कलैक्टर कार्यालय चूरू में वार्ता हुई, जिसमें किसानों की मांगों को मान लिया गया तथा वार्ता सफल होने के बाद सभी जगहों से चक्का जाम खोल दिया गया।

आंदोलन कर रहे किसानों ने इसे अपनी जीत बताया और जमकर नारेबाजी की। हांलाकि रविवार मध्यरात्रि को जिला कलैकटर चूरू, सिद्धार्थ सिहाग एवं एसपी चूरू, दिगंत आनन्द किसानों से वार्ता करने के लिए तारानगर आये थे, मगर वार्ता असफल रही थी।

चक्का जाम खुलने पर चूरू से लेकर डोकवा तक लगी वाहनों की लम्बी-लम्बी कतारों में खड़े वाहन चालकों एवं लगभग एक सप्ताह से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जूझ रहे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

गौरतलब है कि लिखित समझौता वार्ता के अनुसार जिला प्रशासन क्रॉप कटिंग खरीफ 2021 की रिपोर्ट 22 जुलाई तक उपलब्ध करवाएगा। जिन किसानों को पूर्व में क्लेम भुगतान बैंकों की त्रुटियों के कारण प्राप्त नहीं हुआ है, उनको राज्य सरकार द्वारा, पत्र 05 अप्रेल 2022 के माध्यम से अभिशंषा करते हुए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भिजवा दिये गये हैं। कहा गया है कि, शीघ्र क्रियान्वयन के प्रयास किये जायेंगे, प्रीमियम न काटे जाने तथा पोर्टल पर इन्द्राज न करने के कारण लम्बित क्लेम के लिए संबंधित बैंक का उत्तरदायित्व तय किया जायेगा।

राज्य सरकार की कृषि योजनाओं में पूर्व स्वीकृति की तुलना में इस वर्ष अधिक स्वीकृतियां जारी की जायेंगी और यदि क्रॉप कटिंग रिपोर्ट के आधार पर 181 पटवार हल्कों के संबन्ध में कोई आपत्ति प्राप्त होती है, जिसमें क्लेम का निर्धारण केवल क्रॉप कटिंग के आधार पर करने का निवेदन किया जाता है, तो उसे राज्य स्तरीय समिति के निर्णय के विरूद्ध अपील मानते हुए केन्द्र की राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समिति को प्रस्तुत करने के लिए राज्य सरकार से अनुशंषा की जायेगी, साथ ही किसानों द्वारा क्रॉप कटिंग के पक्ष में जो प्रमाण प्रस्तुत किये जाएंगे, वह भी राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समिति को अग्रेषित किये जाऐंगे।

उक्त आपत्ति के संबंध में अग्रिम कार्यवाही राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समिति के निर्णय के अनुसार की जाएगी तथा जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के कृषि विभाग द्वारा केवल राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समिति के निर्णय के अनुसार कार्यवाही किया जाना संभव होगा।

## मुसलमानों के...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

द्रौपदी मुर्मू की भाजपा की पसंद के प्रति धर्म निरपेक्ष दलों द्वारा प्रदर्शित की गई "समझौता-राजनीति" इसका बिल्कुल ताजा उदाहरण है। ममता बनर्जी से लेकर नीतीश कुमार तक, उद्धव ठाकरे से हेमन्त सोरेन तक ये सभी नेता भाजपा की प्रत्याशी के समर्थन का निर्णय ले चुके हैं। इस प्रकार की प्रवृत्ति एवं तौर-तरीका दर्शाते हैं कि इनमें से कोई नेता या उसकी पार्टी भाजपा की बहुसंख्यक राजनीति को चुनौती देने के लिये राजी नहीं हैं।

जहाँ तक भाजपा का प्रश्न है, भाजपा अपने चुनावी जनाधार को बढ़ाने की कोशिश करते हुये, मुस्लिम समुदाय को "अशरफ़ों तथा "पसमन्दाओं" में बाँट रही हैं। जैसा कि सी.एस. डी.एस. की हाल की एक रिपोर्ट बताती है, उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिये कुछ दिन पूर्व हुये चुनावों में करीब 8 प्रतिशत पसमन्दा मुसलमानों ने भाजपा को वोट दिये थे। भाजपा के दीर्घकालीन लक्ष्यों के एक हिस्से के रूप में, भाजपा के रणनीतिकार, एक सम्भावित कैचमेंट एरिया के रूप में, पसमन्दा मुस्लिमों पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। लेकिन, भाजपा ने मुस्लिम समुदाय के साथ जुड़ाव की शर्तें (टर्म्स ऑफ एंगेजमेंट) साफ तौर पर निर्दिष्ट कर दी हैं।

# मध्यप्रदेश में तेज रफ्तार बस पुल की रेलिंग तोड़कर नर्मदा नदी में गिरी

## बस में सवार सभी 13-14 लोगों की मौत हो गई

- **मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि, मृतकों में अब तक राजस्थान और महाराष्ट्र के कुछ लोगों की पहचान हुई है। शेष की पहचान की प्रक्रिया जारी है।**

धार, 18 जुलाई (वार्ता)। मध्य प्रदेश के धार और खरगोन जिले के सीमावर्ती खलघाट स्थित नर्मदा नदी के पुल की रेलिंग को तोड़कर यात्रियों से भरी बस नदी में गिर गई।

मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बस हादसे के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि बस में करीब 13-14 लोग सवार थे और उनमें से कोई जीवित नहीं बचा।

इसके पहले डॉ मिश्रा ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बताया था कि बस हादसे में करीब 12 लोगों के निधन की खबर है और 15 लोगों को बचाया गया है। इस स्थिति को स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि हादसे के फौरन बाद लोग नदी से भाग रहे थे, त्रुटिवश उन्हें बचा हुआ मान लिया गया था। ताजा जानकारी के अनुसार बस में 13 से 14 लोग सवार थे। उनमें से कोई जीवित नहीं बचा।

उन्होंने बताया कि मृतकों में अब तक राजस्थान और महाराष्ट्र के कुछ लोगों की पहचान हुई है। शेष की पहचान की प्रक्रिया जारी है। गृह मंत्री ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल को बचाने के फेर में बस नीचे जा गिरी।

## तलाक...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

तलाक़-ए-हसन तथा अन्य सभी तरह की इकतरफा एक्स्ट्रा-जुडिशियल तलाक़ों को असंवैधानिक घोषित किया जाये तथा केन्द्र को निर्देश दिये जायें कि केन्द्र तलाक़ के लिये सभी धर्मों एवं स्त्री-पुरुष दोनों के लिये समान प्रकार के आधार रखने के लिये गाइडलाइन तैयार करे।

याचिका में कहा गया है कि तलाक़ों का "न तो मानवाधिकारों तथा आम बराबरी के आधुनिक सिद्धांतों के साथ ताल-मेल या सुसंगति है और न ये इस्लामिक राष्ट्रों के व्यवहार का अभिन्न एवं अनिवार्य हिस्सा ही हैं क्योंकि कई इस्लामिक देश ऐसी प्रथाओं को पहले ही प्रतिबंधित कर चुके हैं।

दिसंबर 2020 में मुस्लिम रीति-रिवाजों के साथ शादी करने वाली, वादी मुस्लिम पत्रकार का कहना है कि वह इकतरफा तलाक़-ए-हसन की शिकार है क्योंकि उसके माता-पिता को दहेज देने के लिये मजबूर किया गया था, लेकिन उसके बाद भी, उसे उसके पति तथा पति के परिवारजनों ने बड़ा दहेज़ न मिलने के कारण यातनाएं दीं।

उसकी वकील ने कहा कि उसके पिता द्वारा आगे और दहेज देने से इनकार कर दिये जाने पर, उसके पति ने एक वकील के माध्यम से उसे तलाक़ -ए-हसन दे दिया, जो संविधान के अनुच्छेद 14,15,21 और 25 के पूरी तरह विरुद्ध है। याचिका में यह मांग भी की गई है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरियत) एप्लीकेशन एक्ट 1937 की धारा 2 तथा डिसॉल्यूशन ऑफ मुस्लिम मैरिजेज एक्ट, 1939 को शून्य तथा असंवैधानिक घोषित किया जाये।

## बी.टी.पी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

विपक्ष को इन्वॉल्व करती । उससे बातचीत करती और राष्ट्रपति जैसे पद के लिए सर्वसम्मति से उम्मीदवार सामने लाने की कोशिश करती । वो बेहतर होता, लेकिन जनरली ऐसा होता नहीं है। एक बार के चुनाव छोड़कर 15 बार लगातार हमेशा कोई न कोई उम्मीदवार सामने आए हैं।

यह ज्यादा बहस का विषय नहीं होना चाहिए। इसे विचारधारा की लड़ाई के संदर्भ में लेना चाहिए।"

## हिमालय की सैन्ट्रल ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इन्टेन्सिटी" पिछले दो दशकों में करीब 10 प्रतिशत बढ़ गई है, जिसकी वजह से इस क्षेत्र की विसंगति और बढ़ी है।

जहाँ पूर्ववर्ती अध्ययनों के वर्षों से, इस विसंगति को पैदा करने एवं बनाये रखने में तापमान की भूमिका को महत्व दिया जाता रहा है, वहीं ऐसा पहली बार हुआ है कि, असामान्य स्थिति के कारक के रूप में, प्रैसिपिटेशन (वर्षा या बर्फबारी) के असर पर जोर दिया गया है। शोधकर्ताओं ने भी असामान्य स्थिति के कारक के रूप में वर्षा के प्रभाव पर ही जोर दिया है।

वैज्ञानिकों की गणनाएं बताती हैं कि काराकोरम के मूल ग्लेशियर क्षेत्रों में बर्फबारी की मात्रा के मामले में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि गैर-(डब्ल्यू.डी) स्रोतों से प्राप्त वर्षा में 17 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई है। इस तथ्य से भी शोधकर्ताओं के दावों को और भी बल मिला है।

डॉ. कुमार ने कहा, "इस विसंगति से भविष्य में विलम्ब होने की दिशा में आशा की एक बहुत ही मंद सही, लेकिन किरण तो दिखाई दी है। विसंगति को नियंत्रित करने में (डब्ल्यू.डी.) के महत्व को पहचान लेने के बाद, इनके आगामी व्यवहार से हिमालय क्षेत्र के ग्लेशियरों का भविष्य जरूर तय होने की संभावना है।"

## केरल में मंकीपॉक्स का एक और मामला

तिरुवनंतपुरम, 18 जुलाई (वार्ता)। केरल में सोमवार को भारत में मंकीपॉक्स के दूसरे मामले की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने यह जानकारी दी। जार्ज ने बताय कि 13 जुलाई को दुबई से कन्नूर पहुंचे एक 31 वर्षीय व्यक्ति ने मंकीपॉक्स का परीक्षण कराया। उन्होंने कहा कि उन्हें कन्नूर के सरकारी मैडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उनके संपर्क में आने वालों की निगरानी की जा रही है।

गौरतलब है कि इससे पहले 14 जुलाई को केरल में भारत के पहले मंकीपॉक्स मामले की पुष्टि हुई थी, जब संयुक्त अरब अमीरात (यू.ए.ई.) से आए एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने तिरुवनंतपुरम के मैडिकल कॉलेज अस्पताल में सकारात्मक परीक्षण किया था।

## जी.एस.टी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जाएगा। इसके अलावा खुदरा व्यवसायी जी.एस.टी. से बच सकता है अगर वह पैक में वस्तु खरीदता है और उसे फुटकर में बेचता है क्योंकि ऐसी सप्लाई जी.एस.टी. शुल्क के दायरे में नहीं आएगी। हालांकि यह पैकेज्ड आइटम्स की बिक्री को प्रोत्साहित करने की सरकार की घोषित नीति के विरूद्ध है क्योंकि लूज़ में बेचने पर इससे मिलावट को बढ़ावा मिलेगा। तथापि, जी.एस.टी. उस पैकेज पर लागू होगा जिसमें कई रिटेल पैक शामिल हों, जैसे कि 10 किलो आटे के 10 रिटेल पैक का एक पैकेज। तो फिर जी.एस.टी. 10 कि.ग्रा. पैक की खुदरा बिक्री पर लागू होगा क्योंकि अन्ततः बिक्री एक खुदरा उपभोक्ता को की जाएगी।

## संसद...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

वैंकेया नायडू ने भी इसी प्रकार दोपहर से पहले सदन स्थगित कर दिया था।

इससे पूर्व दोनों सदनों में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इसके अलावा, दोनों सदनों के पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक-संवेदना को प्रस्ताव भी पारित किया गया।

# राष्ट्रपति चुनाव में जमकर हुई क्रॉस वोटिंग, 99 प्रतिशत मतदान हुआ

## गुजरात से लेकर यू.पी तक एन.सी.पी., कांग्रेस और सपा में बड़ी फूट देखने को मिली

- **एनडीए ने अपना कुनबा इस चुनाव में और मजबूत करके दिखाया।**
- **गुजरात में छोटूभाई वसावा की भारतीय ट्राइबल पार्टी ने द्रौपदी मुर्मू को समर्थन दिया। अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव ने भी मुर्मू को समर्थन दिया।**
- **मुलायम सिंह यादव व लालू यादव जैसे कई दिग्गज वोट नहीं कर सके।**

नई दिल्ली, 18 जुलाई। राष्ट्रपति चुनाव के लिए संसद और देश के सभी राज्यों की विधानसभाओं में मतदान जारी है। एन.डी.ए. ने एक तरफ अपना कुनबा इस चुनाव में मजबूत करके दिखाया है तो वहीं विपक्षी खेमे को क्रॉस वोटिंग का सामना करना पड़ा है। गुजरात से लेकर यू.पी. तक में एन.सी.पी., कांग्रेस और सपा में फूट देखने को मिली है। गुजरात में एन.सी.पी. के विधायक कांधल एस. जडेजा ने पार्टी के रुख से अलग एन.डी.ए. की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के समर्थन में वोट दिया।

उन्हें लेकर पहले ही आशंका जताई जा रही थी कि वह पार्टी से अलग रुख अपना सकते हैं। एन.सी.पी. ने यशवंत सिन्हा के समर्थन का ऐलान किया था। इसके अलावा झारखंड से एन.सी.पी. विधायक कमलेश सिंह ने भी द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में वोट डाल दिया। उन्होंने मतदान के बाद कहा कि मैंने अपनी अंतरात्मा के आवाज पर द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में वोट डाला है। गुजरात में भारतीय ट्राइबल पार्टी के नेता छोटूभाई वसावा ने भी द्रौपदी मुर्मू को ही वोट किया है। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसी नेता को वोट दिया है, जिसने गरीबों को आगे बढ़ाने के लिए काम किया है। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी को भी राष्ट्रपति चुनाव में फूट का सामना करना पड़ा है। एक तरफ अखिलेश यादव के चाचा और प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव ने खुलेआम द्रौपदी मुर्मू को वोट दिया है तो वहीं सपा के अपने ही विधायक शहजील इस्लाम ने भी द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान किया है। बरेली के भोजीपुरा से पार्टी विधायक शहजील इस्लाम बीते कुछ वक्त से पार्टी से नाराज बताए जा रहे थे।

शिवपाल यादव ने तो पहले ही साफ कर दिया था कि वह ऐसे शख्स को वोट नहीं करेंगे, जिसने एक दौर में मुलायम सिंह यादव को आई.एस.आई. एजेंट करार दिया था। कांग्रेस भी राष्ट्रपति चुनाव में क्रॉस वोटिंग रोकने में फेल रही है। ओडिशा से पार्टी के विधायक मोहम्मद मुकीम ने भी एन.डी.ए. की राष्ट्रपति उम्मीदवार को वोट दिया है।

# क्या नई शिवसेना खड़ी करने जा रहे हैं उद्धव ठाकरे?

## बालासाहेब के समय के वरिष्ठ नेता रामदास कदम और आनंदराव अदसुल को पार्टी से बाहर निकाला

- **दरअसल में, रामदास कदम ने ठाकरे के एक्शन से पहले ही पार्टी से अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी थी और उन्होंने अपना इस्तीफा लिखकर मातोश्री (ठाकरे आवास) पर भेज दिया था, लगता है कि, उनका इस्तीफा देखने के बाद ठाकरे ने रामदास कदम को बाहर निकालने का फैसला लिया।**

मुंबई, 18 जुलाई। महाराष्ट्र में अपने विधायकों की बगावत के बाद शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे फूंक-फूंककर कदम उठा रहे हैं। इसी क्रम में वह बचे-खुचे पदाधिकारियों को चिन्हित कर रहे हैं। इसके तहत उद्धव ने दो वरिष्ठ शिवसेना नेताओं के खिलाफ अहम कदम उठाया है। फैसले के तहत उद्धव ने रामदास कदम और आनंदराव अदसुल को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इन दोनों नेताओं के ऊपर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। इससे पूर्व दिन में खबर आई थी कि रामदास कदम ने अपना इस्तीफा मातोश्री पहुंचा दिया है। गौरतलब है कि रामदास के बेटे योगेश कदम पहले ही शिंदे गुट से जुड़ चुके हैं।

गौरतलब है कि उद्धव ठाकरे के सामने शिवसेना के अस्तित्व को बचाने का सवाल उठने लगा है। इसी के तहत उद्धव पार्टी की ओवरहॉलिंग करने में जुटे हुए हैं। उनके सामने फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती बी.एम.सी. के चुनाव हैं। इसके बाद 2024 में होने वाले आम चुनावों पर भी उद्धव की नजर होगी। बता दें कि सोमवार को ही उद्धव ने महाराष्ट्र के कई जिलों में 100 से अधिक पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। उद्धव ने मुंबई, पालघर, यवतमाल, अमरावती समेत कई अन्य जिलों में 100 से ज्यादा पदाधिकारी नियुक्त किए हैं।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908